ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 16 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-209 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'सिर्फ एक बंदा काफी है' को न्यूयॉर्क... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने वीर शहीद चानकु महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल विद्रोह के महान क्रांति वीर शहीद चानकु महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद चानकु महतो ने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ गांव-गांव घूमकर युवाओं को जागरूक और एकजुट कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़े हिला दी थीं। उन्हें शत-शत नमन। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें।

### झारखंड को आज से मिल सकती है गर्मी से राहत, बरसात का पूर्वानुमान

**रांची।** झारखंड को झुलसा देने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों से 16 मई से कुछ दिन तक राहत मिल सकती है। इस समय राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। पंखे और कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे। रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि 16 मई से 19 मई तक झारखंड सहित आसपास के राज्यों में बारिश होने की संभावना है। मेघ गर्जना भी हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। तेज हवा भी चल सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ते ट्रफ के कारण झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश होने के आसार हैं। इस समय गोड्डा का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। डाल्टेनगंज सर्वाधिक गर्म शहरों की सूची में शामिल है।

### डैम में सेल्फी लेने के दौरान डूबे दो छात्र, मौत

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थानांतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने के दौरान झरने के पास सेल्फी लेने के क्रम में दो छात्रों की डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्रों में वमार्माइंस के लक्ष्मी नगर निवासी शोभित सिंह (17) और उलीडीह थानांतर्गत डिमना रोड के न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी सृजन कुमार (16) शामिल हैं। दोनों छात्र जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के इंटर में पढ़ते थे। गम्हरिया पुलिस द्वारा करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर छात्रों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, शोभित अपने छह दोस्तों के साथ डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान झरने की सेल्फी लेने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया पर वे उसे नहीं बचा पाए।

# समय पर नगर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

### 27 जून को अगली सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव समय पर नहीं कराने और निर्वाचित पार्षदों के अधिकार समाप्त किए जाने के फैसले पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। रांची नगर निगम के पूर्व पार्षदों की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने राज्य सरकार और नगर निगम से इन दोनों बिंदुओं पर 27 जून से पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई की जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि न्यायालय में प्रार्थी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका को भी स्वीकार किया गया है। इस हस्तक्षेप याचिका में जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिए जाने से आम लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि रांची सहित राज्य के विभिन्न नगर निकायों का कार्यकाल पिछले महीने 27 अप्रैल को समाप्त हो गयी है। रांची नगर निगम के पूर्व पार्षदों में अरुण कुमार झा, रोशनी खलखो, विनोद सिंह, सुनील यादव और अन्य ने इस संबंध में रिट याचिका दाखिल कर न्यायालय से गुहार लगाई है। याचिका में सरकार पर ट्रिपल टेस्ट का बहाना बनाकर चुनाव नहीं कराने का आरोप लगाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत राज की तरह 06 महीने शहरी निकायों का भी कार्यकाल बढाने का आग्रह किया गया है।



**27 जून तक के लिए करना होगा आदेश का इंतजारः** इधर, सुनवाई के दौरान चारों पूर्व पार्षद न्यायालय परिसर में उपस्थित दिखे। उन्हें उम्मीद थी कि कोर्ट शहरी नगर निकाय के कार्यकाल बढ़ाने संबंधित कोई आदेश सरकार को देगा। फिलहाल, उन्हें 27 जून तक के लिए इंतजार करना होगा। याचिकाकर्ता अरुण कुमार झा कहते हैं कि न्यायालय में आज हुई सुनवाई से वे संतुष्ट हैं और उन्हें उम्मीद है कि 27 जून को होनेवाली अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट जरूर इस पर आदेश देगा। पूर्व पार्षद और याचिकाकर्ता रोशनी खलखो कहती हैं कि एक तरफ सरकार ने निकाय चुनाव समय पर नहीं कराया, वहीं दूसरी ओर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल भी नहीं बढाया, जबकि पंचायत चुनाव होने तक पंचायत जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल बढाया गया था। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर ट्रिपल टेस्ट अब तक नहीं होने की वजह से राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं हो पाया है। ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने की वजह से नगर निकायों का कामकाज प्रशासक के भरोसे चल रहा है। 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में रांची नगर निगम सहित 34 नगर निकायों में प्रशासक के भरोसे कामकाज शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत प्रशासक के रूप में संबंधित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, निकाय परिषद यानी बोर्ड की सभी शक्ति और कार्यों का नियमानुसार कार्य की अनुमति दी गई है। वित्तीय कार्यों के साथ-साथ प्रशासनिक जिम्मेदारी नगर प्रशासक को दी गई है। सरकार के इस फैसले के बाद जनप्रतिनिधियों खासकर मेयर, डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद की सारी शक्तियां समाप्त हो गई हैं।

# आपराधिक घटनाओं व साइबर क्राइम को रोकना जरूरी : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के साथ-साथ साइबर क्राइम को रोकना बेहद जरूरी है। अब साइबर क्राइम के जरिए वाट्सएप कॉल कर रंगदारी मांगी जा रही है। ऐसे मामलों के अनुसंधान के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डीजीपी सोमवार को होटवार स्थित पुलिस अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में छह साइबर थाने के सहयोग से साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से छह साइबर थाने और खोलने का अनुरोध किया गया है। जिससे पूरी तरह से साइबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से पुलिस पदाधिकारियों को बहुत सी जानकारियां दी जा रही हैं। इससे उन्हें साइबर मामले से जुड़े केस में काफी मदद मिलेगी। साथ ही साइबर से जुड़े केस का त्वरित गति से समाधान हो सकेगा।



मौके पर डीजी सीआईडी ने बताया कि झारखंड में साइबर अपराध की रोकथाम और केस के बेहतर अनुसंधान के लिए पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसे लेकर झारखंड सीआईडी की ओर से भारतीय साइबर समन्वय केंद्र और उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम तीन भागों में आयोजित किया गया है। ट्रेनिंग प्रोग्राम में सीआईडी ने टूल्स एंड टेक्नोलॉजी पर इंट्रोडक्टरी सेशन दिया। इसमें विभिन्न तकनीकों जैसे ईमेल हैडर, मोबाइल फोन प्रौद्योगिकियों, सीडीआर आईपीडीआर विश्लेषण और वायरशार्क जैसे एडवांस टूल्स के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे भाग में जितेंदर सिंह और रूसी मेहता ने 14 सी के बारे में जानकारी दी। दोनों ने एडवांस ट्रेनिंग, नवीनतम साइबर अपराध की प्रवृत्ति, क्रिप्टोकरेंसी और चीनी ऋण देने वाले एप्स के बारे में बताया। कार्यक्रम के तीसरे भाग में उत्तराखंड साइबर डीएसपी अंकुश मिश्रा ने ट्रेनिंग दी। जहां वो डिजिटल साइबर जांच से संबंधित कई प्रकार की जानकारी पुलिस अफसरों को दिये। सीआईडी एसपी एस कार्तिक ने बताया कि साइबर अपराधी नये-नये तरीके से साइबर अपराध कर रहे है। इसे देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों को तकनीक की पूरी जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण से साइबर अपराध से जुड़े मामलों में पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान में लाभ होगा। प्रशिक्षण में 46 पुलिसकर्मी को ट्रेनिंग दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 12 मई से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 16 मई तक चलेगा।

# एक माह सोते हैं कजाकिस्तान के कलाची गांव के लोग

### यहां के पानी में कार्बन मोनो-ऑक्साइड है, जिस कारण गांव के लोग महीनों तक नींद से जाग नहीं पाते

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान में कलाची गांव के लोग प्रदूषण के दुष्प्रभाव से एक माह तक कहीं भी सो जाते हैं। कभी -कभी बीच सड़क पर भी । स्कूल में पढ़ते उक्त भी। इस गांव में हर व्यक्ति के सोने की अवधि करीब एक महीना की है। इस कारण यह गांव स्लीपी हॉलो के नाम से विश्व में मशहूर है। इस गांव का हाल कुछ ऐसा है कि यहां कई लोग सड़क के बीच में ही सो जाते हैं। अगर ये लोग एक बार नींद में गए तो फिर उन्हें उठाना नामुमकिन होता है। यदि उनके पास बम भी फूट जाए , तो भी उनकी नींद नहीं खुलती है। हालत यह है कि कलाची के लोगों के लिए उनकी नींद परेशानी की वजह बन गई है। इस गांव की कुल आबादी 600 के आसपास है, जिसमें से 14 प्रतिशत लोगों को लंबी और गहरी नींद की समस्या है। लेकिन यह समस्या 2010 में पहली बार एक स्कूल में सामने आई थी, जब कुछ छात्र अचानक क्लासरूम में सो गए थे ,और वह लगातार कई दिनों तक सोते ही रहे। सभी ने उन्हें उठाने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद से गांव के अन्य लोगों ने भी इस समस्या का अहसास किया।कलाची गांव की इस अजीबोगरीब बीमारी के पीछे की वजह जानने की कोशिश दुनियाभर के वैज्ञानिक कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई भी इस बीमारी के पीछे किसी ठोस कारण का दावा नहीं कर पाया है। कुछ वैज्ञानिकों के मुताबिक, गहरी और लंबी नींद में जाने के लिए कोई खास बीमारी जिम्मेदार है, लेकिन वे इस दावे के लिए कोई तथ्य पेश करने में सक्षम नहीं हैं।

# केंद्र ने आयुष मिशन के लिए 159 करोड़ रुपये की दी स्वीकृति




### सितंबर तक 195 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 2023-24 में संचालित होनेवाली 18 योजनाओं के लिए 159.36 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें चार नई योजनाएं सम्मिलित हैं। सोमवार को केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा की अध्यक्षता में झारखंड के वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में इसपर स्वीकृति मिली। इस वर्चुअल बैठक में राज्य से स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह, अभियान निदेशक डा. भुवनेश प्रताप सिंह, परियोजना समन्वयक राजीव कुमार तथा आयुष निदेशक डॉ. फजलुस समी सम्मिलित हुए। बैठक में राज्य के अपर मुख्य सचिव ने भारत सरकार को नेतरहाट एवं पतरातू में योग एवं

शेष पृष्ठ 11 पर

### राष्ट्रपति 24 को आएंगी झारखंड



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मई को रांची आएंगी और 25 मई तक रहेंगी। 24 मई को राष्ट्रपति झारखंड उच्च न्यायालय के बने नए भवन का उदघाटन करेंगी. 25 मई को खूंटी जाएंगी, जहां झारखंड स्टेट लाइबलीहुड प्रमोशन सोसायटी के महिला सम्मेलन के दौरान महिलाओं से संवाद करेंगी। इधर, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री एवं पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा सोमवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले. उन्होंने खूंटी में होने वाले महिला सम्मेलन को लेकर राज्यपाल से चर्चा की। झारखंड में नए हाईकोर्ट भवन बनकर तैयार है। नए भवन का उद्घाटन किया जाना है, ताकि गृष्मकालीन अवकाश के बाद हाईकोर्ट का काम-काज नए भवन से शुरू हो सके. उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के बीच वर्चुअल बैठक गत शुक्रवार को हुई थी। जिसमें उच्च न्यायालय के नये भवन के उद्घाटन से संबंधित तैयारियों की रूप-रेखा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए गए थे।

### कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के रणनीतिकारों में से एक सुनील कनुगोलू

# क्या कांग्रेस उनको राज्यसभा भेजेगी?

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के चुनावी रणनीतिकारों में पार्टी के बड़े नामों के अलावा जिस गैर राजनीतिक व्यक्ति की चर्चा है , वह हैं सुनील कनुगोलू। जो चुनावी रणनीतिकार हैं। उन्होंने 2014 के लोक सभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के लिए चुनावी रणनीति प्रशांत किशोर के साथ मिलकर बनाई थी। लेकिन उस चुनाव के बाद उनका रास्ता प्रशांत व भाजपा से अलग हो गया। बीते वर्ष 2022 में कांग्रेस की बातचीत प्रशांत किशोर से हुई थी। लेकिन प्रशांत किशोर सब कुछ अपने अनुसार चाहते थे, जिस पर कांग्रेस राजी नहीं हुई, तो प्रशांत छटक लिए। उसके बाद कांग्रेस ने सुनील कनु गोलू को अपना चुनावी रणनीतिकार बना लिया। कहा जाता है कि आगामी लोकसभा चुनाव तक तो सुनील कांग्रेस के साथ रहेंगे ही। इस दौरान जिन भी राज्यों में विधान सभा चुनाव होने हैं , उनमें भी कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने में सुनील साथ देंगे। जहां तक कर्नाटक जीत का सवाल है , तो उसके लिए मोदी - शाह की भारी भरकम बजट , बयान , अभियान, पंप शो ,रोड शो में अपने जयकारे लगवाते हुए फूलों की वर्षा करवाने का तामझाम व हिन्दू मुसलमान से लगायत हनुमान को भी दाव पर लगा देने की चाल की पहली बार कम संसाधन के बावजूद बेहतर तरीके से काट कांग्रेस ने किया। जिसका श्रेय राहुल गांधी,प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे, डीके शिवकुमार , सिद्धारमैया को खुले तौर पर दिया जा रहा है । लेकिन पर्दे के पीछे से सुनील कनुगोलू की भूमिका की भी अब चर्चा होने लगी है। उन्होंने डीके शिवकुमार की टीम के साथ मिला कर कांग्रेस को चुनाव लड़वाया। चुनाव से पहले सर्वेक्षण कराने से लेकर राज्य के अलग अलग समूहों की समस्याओं का पता लगाना और उस हिसाब से हर समूह को कांग्रेस की तरफ लाने के लिए कुछ न कुछ नया ऐलान करने की रणनीति उनकी थी। उन्होंने सबके लिए होने वाली घोषणाओं के बीच मछुआरों, युवाओं, महिलाओं, किसानों आदि के लिए अलग अलग घोषणाएं कराईं। चुनाव घोषणा पत्र तैयार कराने में उनका अहम रोल रहा।तभी कहा जा रहा है कि इतनी बड़ी जीत के बाद कांग्रेस उनको क्या कोई पद दे सकती है? वैसे तो सुनील की टीम ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस का काम शुरू कर दिया है। अन्य जिन राज्यों में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं वहाँ भी उनकी टीम बनाई जाने लगी है। ऐसे में क्या सुनील को और पावरफुल बनाने के लिए कांग्रेस उनको राज्य सभा में भेज सकती है ? उसी तरह जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने अपने चुनाव रणनीतिकार संदीप पाठक को राज्यसभा सांसद बना दिया है । आम आदमी पार्टी को पंजाब में मिली बड़ी जीत के बाद संदीप पाठक को राज्यसभा भेजा गया। उसके बाद उन्होंने गुजरात में पार्टी को चुनाव लड़वाया, जहां आप को 13 प्रतिशत वोट मिले। संदीप की टीम आप के लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी काम कर रही है। अगले वर्ष कर्नाटक की चार सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने वाले हैं।क्या कांग्रेस सुनील को कर्नाटक से राज्य सभा में भेजेगी या लोक सभा चुनाव के बाद उनको राजनीतिक में लाएगी?

# जेल में छवि रंजन व प्रेम प्रकाश ने की थी मुलाकात

### ईडी ने रांची जेल में सर्च किया सीसीटीवी

### प्रेम प्रकाश से परिचय से इंकार करते रहे हैं छवि

**रांची, मुख्य संवाददाता।** रांची में जमीन घोटाले में आईएएस अधिकारी छवि रंजन की मुसीबत बढ़ेगी। सोमवार को ईडी ने रांची जेल में जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के क्रम में ईडी को छवि रंजन और प्रेम प्रकाश के मुलाकात की सीसीटीवी फुटेज मिली है। ईडी ने जांच में पाया है कि 5 मई की शाम साढ़े छह बजे के बाद प्रेम प्रकाश वार्ड 11 से निकला था, इसके बाद वह सीधे वीआईपी वार्ड में पहुंचता है, जहां छवि रंजन को रखा गया था। प्रेम प्रकाश ने छवि रंजन से तकरीबन पचास मिनट मुलाकात की इसके बाद अपने वार्ड में वापस लौट आया। ईडी ने फुटेज की जांच में पाया है की प्रेम प्रकाश चेहरे पर गमछा लगाकर वीआईपी वार्ड में आता है, इसके बाद इसी तरह वापस लौट आता है। जानकारी के मुताबिक, ईडी को सूचना मिली थी की चार मई को गिरफ्तारी के बाद पांच तारीख को जब छवि रंजन को जेल ले जाया गया, तब उन्होने प्रेम से मुलाकात की थी।

**कोर्ट के आदेश पर पहुंची ईडी :** ईडी ने छवि रंजन और प्रेम प्रकाश मुलाकात की सूचना मिलने के बाद पीएमएलए की विशेष अदालत में सीसीटीवी जांच के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार की दोपहर तीन बजे ईडी टीम रांची जब पहुंची थी। जेल में तकरीबन चार घंटे की सीसीटीवी जांच के बाद ईडी को पूरी सीसीटीवी फुटेज हासिल हुई।

### खेती | बॉक्साइट खनन के बाद जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए खूब की जा रही मेहनत

# बंजर जमीन में उगाई जा रही है फल-सब्जियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हम आलू के लिए खेत तैयार कर रहे हैं। हर साल एक-एक फसल लेते हैं, लाल व उजले आलू की। एक एकड़ में चार टन तक आलू की पैदावार हो जाती है। लागत निकालकर सालाना एक लाख तक की आमदनी। इसके अलावा गोंदली और गरमा धान की फसल भी होती है।

**लोगों की बढ़ रही आमदनी, बदल रही जिंदगी :** नेतरहाट से समीप अमतीपानी के 42 वर्षीय समीर असुर के लिए यह किसी सपने के साकार होने जैसा ही है। समीर उस विलुप्त हो रही असुर जनजाति से आते हैं, जिसकी आबादी लगातार घट रही है। इनके तीन बच्चे हैं, जो अब गांव के बाहर स्कूल में पढ़ रहे हैं। आमदनी हो रही है तो जीवन स्तर में सुधार आना स्वाभाविक है।

**बंजर जमीन पर पैदावार के लिए खूब की जा रही मेहनत :** खुद कभी इस सुदूर इलाके से बाहर नहीं निकले, लेकिन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए इस पठारी क्षेत्र में घंटों खेत में पसीना बहाते हैं। इनके पड़ोसी दिनेश उरांव की कहानी भी इनसे मिलती-जुलती है। पांच-छह एकड़ जमीन में पूरा परिवार मेहनत करता है। पैदावार चार भागों में बंटता है। कभी बंजर जमीन में पैदावार की सोची नहीं थी, लेकिन देखते ही देखते स्थिति न सिर्फ बदल रही है, बल्कि बच्चों को छात्रावास में रखकर पढ़ाने लगे हैं।





**खनन के बाद पुराने स्वरूप में जमीन को लाया जा रहा है वापस :** यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ है। अमतीपानी के 190.95 हेक्टेयर भूमि में बाक्साइट का खनन हो रहा है। यहां वर्ष 2006 में खनन आरंभ हुआ था। अभी तक 93 हेक्टेयर में खनन समाप्त हो चुका है। आश्चर्यजनक यह है कि इसमें से 83 हेक्टेयर भूमि का यहां खनन कर रही आदित्य बिड़ला समूह की हिंडाल्को बाक्साइट माइनिंग ने पुराने स्वरूप में वापस ला दिया है। इस प्रक्रिया के क्रम में खनन किए गए क्षेत्र को पूरी तरह से भर दिया गया है।

**हिंडाल्को की जमकर हो रही सराहना :** सामान्य तौर पर खनन क्षेत्र की यह एक बड़ी समस्या है कि खनिज निकालने के बाद भूमि को उसके पुराने स्वरूप में वापस नहीं किया जाता, लेकिन यहां इसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। इस उपलब्धि के लिए हिंडाल्को को वर्ष 2023 के लिए इंडियन ब्यूरो आफ माइंस का फाइव स्टार रेटिंग अवार्ड मिला है। जमीन के नीचे बाक्साइट और ऊपर आलू की पैदावार से राज्य के इस सुदूर इलाके की आर्थिक स्थिति में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**भूमि को वापस पुराने स्वरूप में लाना है काफी मुश्किल :** अभी यहां का उत्पाद स्थानीय बाजारों में खप जाता है। उत्पादकता बढ़ी तो इसे राज्य के बाहर भेजने की योजना है। छत्तीसगढ़ की सीमा यहां से सटी है, जहां इसके लिए प्रचुर संभावना है।

### प्रकृति से हम जो ले रहे, उसे वापस करने की प्रक्रिया

हिंडाल्को बाक्साइट वर्टिकल के प्रमुख बिजेश झा लगातार यहां टीम को इसके लिए प्रेरित करते हैं। उनके मुताबिक, प्रकृति से जो हम लेते हैं, यह उसे वापस करने की प्रक्रिया है। इसी अभियान के लिए खनन समाप्त होने के बाद जमीन को फिर से खेती-बागवानी के लिए तैयार कर हम प्रकृति को वापस लौटाने का प्रयास करते हैं। नाशपाती के लिए यहां की जलवायु अनुकूल है। खनन क्षेत्र में मछली पालन के लिए कई स्थानों पर 10 से 12 मीटर गहरा तालाब बनाया गया है। जहां रोहू, कतला, तेलपिया और मांगुर मछली की पैदावार हो रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आयुष ने क्षेत्र का किया नाम रौशन

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत पांडेयपुर के लाल आयुष रंजन यादव ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है।आयुष सहायक शिक्षक रवि रंजन यादव का पुत्र है। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों सहित माता पिता को दिया है।

### बिजली शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखण्ड के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत प्रसडीह गांव में रविवार की सुबह बिजली ट्रांशफार्मर में शॉर्ट लगने से संजय यादव के खपरैल घर में आग लग गयी। आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग लगने की घटना में घर में रखे करीब बीस हजार रुपये, गेहूं, चावल, आंटा, आलू, प्याज, दाल के अलावे घर में रखे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, कपड़ा, बिछावन, खाटी, पलंग, बक्सा सहित कई सामान जल कर राख हो गये।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ अनुष्ठान की तैयारी जोरो पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** रामघाट मंदिर परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ अनुष्ठान की तैयारी में पूरे जोर शोर से चल रही है ।वही महायज्ञ के कार्यक्रम में 21 मई को महा ध्वज पूजा, 30 मई को भव्य कलश यात्रा, 31 मई को पंचांग पूजन ,मंडप प्रवेश तथा 1 जून को देव पूजा, 2 जून को लक्ष्मीनारायण सहस्त्र अर्चना, 3 जून को पूजन व यज्ञ पूणार्हुति तथा भंडारे का आयोजन किया गया है। जबकि 30 मई से 3 जून तक रात्री में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ की विधि व्यवस्था के लिए एक कमेटी का गठन कर अध्यक्ष निर्दोष कुमार, उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद , कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, सचिव ददन , संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद , निगरानी मंत्री कृष्णा पासवान,संयोजक सुदेश्वर सिंह को बनाया गया है।

# बिजली विभाग ने कैंप लगाकर की राजस्व वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत घरटीया में बिजली विभाग की टीम ने एक कैंप का आयोजन किया। जिसमे झारखंड सरकार द्वारा एक मुश्त ऋण माफी योजना के तहत उपभोक्ताओं से कुल ढेड़ लाख रूपए राजस्व कि वसूली की गई। वहीं 15 बिजली उपभोक्ताओं के बंद पड़े कनेक्शन को उनसे राशि रिकवरी के उपरांत विभाग ने तुरंत बहाल कर दीया है। बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने सभी क्षेत्रों वासियों से इस एक मुश्त माफी योजना का लाभ उठाने कि अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक योजना निश्चित समय तक ही लागू है। अतः लोग इसका जितना जल्द लाभ उठा ले उनके लिए अच्छा रहेगा। मौके पर विभाग के कर्मचारी प्रमोद वर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



# ट्रेने बंद होने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन विगत पांच माह से बंद**

**शुरूआत में 2022 के नवम्बर माह में नन इंटरलॉकिंग के बहाने इस ट्रेन का परिचालन बंद किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल खंड के डेहरी ऑन सोन से जपला , मोहम्मदगंज उंटारी रोड आदि स्टेशन के रेल यात्रियों से रेल प्रशासन के बहाने बनाकर सीआईसी सेक्सन की लाइफ लाइन बीडीएम ट्रेनों पर रोक लगाकर रेल यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। जबकि दूसरी तरफ कोयले के रैक व अन्य मालढुलाई को बढ़ाने में महत्व दे रहा है। वहीं डीडीयू रेल खंड पर चलने वाली बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन विगत पांच माह से बंद है। शुरूआत में 2022 के नवम्बर माह में नन इंटरलॉकिंग के बहाने इस ट्रेन का परिचालन बंद किया गया। पुनः 26 दिसंबर से 28 फरवरी तक कोहरे का बहाना बनाकर ट्रेन को बंद रखा गया। इसके उपरांत वाराणसी में यार्ड रिमॉडलिंग का कारण दिखाकर 29 अप्रैल तक ट्रेन को रद्द रखा गया। 29 अप्रैल से बिना किसी कारण बताए ट्रेन बंद है। बता देते हैं कि जपला, कजरात- नावाडीह, नबीनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड आदि स्टेशन से वाराणसी तक दोपहर में चलनेवाली इकलौता व लाइफलाइन ट्रेन है। उक्त ट्रेन के परिचालन होने से ग्रामीण क्षेत्र से आने-जानेवाले लोगों को काफी सुविधा मिल रही थी। उक्त ट्रेन के बंद होने से अन्य ट्रेनों में भीड़ में बेतहाशा बृद्धि हुई है, रेल यात्री भेड़ बकरियों की तरह यात्रा करने को विवश हैं और आये दिन रेल यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।वही दूसरी तरफ रेल प्रशासन द्वारा कोरोना काल में सिटिंग सीट के लिए संचालित स्पेशल ट्रेन का भाड़ा आज भी रेल यात्रियों से वसूला जा रहा है।

### चोरी मामले में छह गिरफ्तार हुए

**हरिहरगंज।** अंबा पुलिस की संयुक्त छापेमारी में पिछले कई माह से शहर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश किया गया है। चोरी की घटना में शामिल अंबा थाना के डूमरी गांव निवासी अनिल पासवान, टुन्ना पासवान, आनंद साव, सूबेदार पासी, बैजल गांव निवासी छोटू कुमार तथा दाउदनगर थाना के किलकी गांव निवासी संतोष पासवान शामिल है।इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर विभिन्न दुकानों से चोरी गए चावल, अरहर सहित अन्य किस्म के अनाज को बरामद कर लिया गया है।

# यात्री शेड में नशे की हालत में मिली युवती,जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्थानीय बस स्टैंड के समीप बने यात्री सेड में नशे हालत में एक पच्चीस वर्षीय युवती को स्थानीय लोगों ने देखा,जिसकी सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछ ताछ की तो उसने बताया कि वह रांची के पिस्का मोड़ कि रहने वाली है। उसका नाम नयना सिंह है।आगे उसने जानकारी देते हुए बताया कि विश्रामपुर के एस कुमार नाम के आर्केस्ट्रा संचालक उसे तीन दिन पहले रांची से विश्रामपुर लाया था। महिला ने एस कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आर्केस्ट्रा संचालक एस कुमार ने महिला से अपने प्रोग्राम में नर्तकी का काम करवा कर उसके मेहनत के दस हजार रूपए नहीं दिये। जिस कारण वह शराब का अत्यधिक सेवन कर ली है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों कि माने तो महिला को एक बाइक से दो लोग नशे कि हालत में लाकर इस यात्री शेड में छोड़ कर चले गए थे। वहीं मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने महिला को थाना लाकर पूछ ताछ करते हुए आगे कि कार्यवाही में जुट गई है।

**उद्भेदन** | **एसपी के निर्देशानुसार**

# पलामू पुलिस ने बाईक लुटेरे को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर छतरपुर थाना की पुलिस ने एक मोटरसाइकिल लुटेरे को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में छतरपुर डीएसपी और छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि गए वर्ष दिनांक 28.12.2022 को छत्तरपुर थाना अंतर्गत सुलतानी घाटी मे संध्या करीब 06.30 बजे तीन अज्ञात अपराधकर्मियो द्वारा एक जिओ मार्ट डिजिटल डिस्ट्रीब्यूटर से मारपीट कर लुट की घटना को अंजाम देते हुए वादी से उसका स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल, सैमसंग गलैक्सी जे 6 मोबाईल एवं लेनवो



कम्पनी का दो टैब एवं 2000 हजार रूपया नगद लूट लिया गया था। दि0-14.05.2023 को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान घटना में संलिप्त अपराधी सरफराज अंसारी उर्फ आलम उम्र करीब 21 वर्ष पिता शेर मोहम्मद ग्राम लक्ष्णबीघा थाना अम्बा जिला औरंगाबाद (बिहार) को छत्तरपुर पुलिस चेक पोस्ट एनएच 98 जपला मोड़ के करीब लुटे गये स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल के साथ पकड़ा गया एवं उनके जेब से कांड मे लुटे गये सैमसंग गलैक्सी जे 6 मोबाईल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सरफराज अंसारी उर्फ आलम के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कांड मे लुटे गये लेनवो कम्पनी का एक टैब भी बरामद किया गया है। कांड मे संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।वही सरफराज अंसारी उर्फ आलम उम्र करीब 21 वर्ष पिता शेर मोहम्मद ग्राम लक्ष्णबीघा थाना अम्बा जिला औरंगाबाद (बिहार) को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# दहेज प्रताडना को ले हत्या का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** दहेज प्रताडना को लेकर 3 माह की गर्भवती की मारपीट और गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में मृतका आरती कुमारी (25) के पिता ग्राम-खरकना, मुफस्सिल थाना औरंगाबाद) ने मोहम्मदगंज थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने पति सुभाष कुमार पासवान, ससुर भुलेटन पासवान, सास प्रभा देवी, ननद सीमा देवी पर लड़का के बहनोई धर्मेंद्र पासवान (काजी बिगहा, हुसैनाबाद) के उकसावे पर मारपीट और गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के शव को मायके वालों की सूचना पर तेंदुआ खुर्द से बरामद कर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने 3 वर्ष पूर्व जून 2020 में सामर्थ्य के अनुसार 2.5 लाख और अन्य उपहार देकर बेटी की शादी तेंदुआ खुर्द निवासी सुभाष कुमार पासवान से की थी। जो वर्तमान में माता-पिता के साथ रामगढ़ जिला के अनगड़ा में रहते हैं। जहां पिता सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। वहीं रहते हुए दहेज स्वरूप 1.5 लाख रुपए मायके से और मांगने को लेकर क्वार्टर में ही उनकी पुत्री को प्रताड़ित किया जाता रहा था। पति तो जलती आगरबत्ती से भी प्रताड़ित किया करता था। इस बीच तेंदुआ खुर्द में सुलह समझौता भी किया गया। इससे नाराज लड़का के बहनोई धर्मेंद्र पासवान फोन पर धमकी भी देने लगा। दोबारा ऐसा करने पर उठवा लेने की बात कहकर डराया भी। फिर भी वे बेटी को समय-समय पर खर्चा के लिए पैसे भेजते रहते थे। उन्होंने बताया है कि उनकी बेटी 3 माह की गर्भवती भी थी। उसका उचित इलाज भी नहीं कराया जाता था। इसी बीच 13 मई की सुबह 8 बजे मोबाइल पर उनकी बेटी ने बताया कि मारपीट और प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ भी हो सकता है। बाद में उसी की रात्रि 10 बजे किसी रिश्तेदार ने सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गई है।

# आमलोगों को बालू उपलब्ध कराएं सरकारः जिप सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद उतरी जिप सदस्य राजू मेहता ने प्रभारी एसडीओ सह बीडीओ के माध्यम से पत्र देकर आम लोगों के लिए सुलभ रूप से बालू उपलब्ध कराने की मांग की है। उनकी मांगों में पीएम आवास व जनहितकारी योजनाओं के लिए बालू उपलब्ध कराने, बालू उठाव में बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई, रात्रि में अवैध बालू ढुलाई पर कड़ी नजर रखने, बालू उठाव के लिए कैटेगरी वन घाट पंचायत प्रतिनिधियों के अधीनस्थ करने आदि मांगे शामिल है।


## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लोहरदगा (मनरेगा कोषांग)

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 03/2023–24

बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण फलदार पौधों, इमारती पौधों तथा मोरिंगा के क्रय हेतु इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना सं0 02/2023–24 विज्ञापन संख्या– PR. 296520 Lohardaga (23-24) D में निविदा प्राप्ति एवं खोलने की तिथि 19.05.2023 के स्थान पर 06.06.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
मनरेगा, लोहरदगा

PR297416 (Lohardaga)23-24*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढवा।
आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) कांड के प्रा0अभि0 मृत्युंजय भुईया उर्फ अवधेश, पे0–बाबुलाल भुईया सा0–नावाडीह, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार, भंडरीया थाना कांड सं0–73/2017 दिनांक–25.11.2017,धारा–147/ 148/ 149/ 341/ 323/ 307/ भा0द0वि0, एवं 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 27 आर्म्स एक्ट 17 सी0ए0ल0 एक्ट एवं 38/39 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माननीय न्यायालय श्री कृष्ण लोहरा प्रथम श्रेणी गढवा में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता ग्राम–सा0–नावाडीह, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्री कृष्ण लोहरा प्रथम श्रेणी गढवा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 297398 Police(23-24)D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक .....................

**अतिअल्पकालिन निविदा सूचना संख्या 04/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0– 23 में नव निर्मित गाँधी उद्यान का रख–रखाव किया जाना है। उक्त उद्यान का प्रतिदिन 5,000/- रू0 की दर से कुल 15,20,000/- रू0 (1 जुन 2023 से 31 मार्च 2024 तक) भुगतान करना होगा। इच्छुक रजिस्ट्रर्ड संस्था/एजेंसी, मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 24.05.2023 को समय 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0– 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0– 30,500/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा/कोटेशन शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन 2:00 बजे अपराह्न को नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय नोटिस पट्ट एवं विभागीय वेवसाईट www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 297432 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 08/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Public Shed in the Campus of Barwadih Thana under Barwadih Block in Latehar District. | 466690 /- | 10000 /- | 750/- | 01(One ) Month |
| 2 | Construction of Public Shed in the Campus of Garu Thana under Garu Block in Latehar District. | 466690/ - | 10000/ - | 750/ - | 01 (One ) Month |
| 3 | Construction of Public Shed in the Campus of Latehar Thana under Latehar Block in Latehar District. | 466690/ - | 10000/ - | 750/ - | 01 (One ) Month |
| 4 | Construction of Public Shed in the Campus of Chandwa Thana under Chandwa Block in Latehar District. | 466690/ - | 10000/ - | 750/ - | 01 (One ) Month |
| 5 | Construction of Public Shed in the Campus of Balumath Thana under Balumath Block in Latehar District. | 466690/ - | 10000/ - | 750/ - | 01 (One ) Month |
| 6 | लातेहार के समाहरणालय परिसर में प्लास मार्ट शॉपिंग कियोस्क निर्माण कार्य | 119338/ - | 2500/ - | 500/ - | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

नोटः–

1. **Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.297386 Building(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गुमला (खनन शाखा)

**गुमला जिला के गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा–नागफेनी, सुपाली में भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी हेतू सूचनाः–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला अंचल अन्तर्गत मौजा–नागफेनी, सुपाली में भण्डारित 44,850 घनफूट बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत उक्त स्थल पर जप्त भण्डाारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 26.05.2023 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, गुमला की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत हैः–

| क्र. | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राषि ा (रूपय ा में) | सुरक्षित जमा राषि ा का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजा–नागफेनी, सुपाली, (सुपाली प्राथमिक विद्यालय से करीब 600 मीटर दक्षिण तरफ) Lat - 23.12164 0 Log - 84.660474 0 के पास। | 44,850 घनफूट (चौवालीस हजार आठ सौ पचास) | 336375 .00 | 33638 .00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले तिथि को ही बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से पन्द्रह दिनों के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त बालू खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई०डी० सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. बन्दोबस्ती के पश्चात बालू का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुंच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये बालू का प्रेषण नहीं कर पाते है, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयति भूमि का उपयोग किया जता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. आम नीलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर Tie (गुलोबन्द) होता है तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
11. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal, Mining, Transportation & Storage) Rules 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
12. नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/वैसी संस्था जो खनन संबंधी व्यवसाय हेतु निबंधित है। दिनांक 24.05.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, गुमला में आवेदन दाखिल कर सकतें है। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगाः–

(क) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
(ग) आधार कार्ड की छाया प्रति।
(घ) आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
(ङ) पासपोर्ट साईज फोटो की एक प्रति।
(च) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं, यदि है तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे।

13. किसी परिस्थिति/कारणवश आम नीलामी रद्द करने का सर्वाधिकार उपायुक्त, गुमला को सुरक्षित होगा।

**नोटः**–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, गुमला में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
13.05.2023
उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.297372 Mines and Geology(23-24):D

# पलामू में बिजली की खपत बढ़ी, लोड शेडिंग से परेशान लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं, ऐसे में बिजली अनियमित कटौती लोगों को और बेहाल कर दे रही हैं।गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली से आम जनता की परेशानी और भी बढ़ गई हैं।पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। जहां दिन में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बुरा है वहीं दूसरी ओर बिजली नही रहने के वजह से सप्लाई पानी भी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा हैं। सोमवार को शहर में पानी की सप्लाई बिजली के कारण ही बंद रहा।जिला मुख्यालय समेत जिले के सभी शहर और सभी पंचायतों का एक ही हाल हैं। शहरों में 4- 5 घंटो से बिजली



गुल रह रही है जबकि ग्रामीण इलाकों में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही हैं।

## क्या कहना है कार्यपालक अभियंता का



झारखंड बिजली आपूर्ति वितरण निगम लिमिटेड के मेदिनीनगर डिवीजन के कार्यपालक अभियंता एसएन चौधरी ने बताया कि डाल्टनगंज डिविजन में बिजली की स्थिति में सुधार हैं। गर्मी बढ़ने के कारण पिक आवर में मांग बढ़ गयी हैं।शहरो और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सामान्य रूप से मिले इसका खास रूप से ध्यान रखा जा रहा हैं।रात में लोगो को ज्यादा परेशानी हो रही हैं।सामान्य रूप से मेदिनीनगर डिविजन में 50 मेगावाट बिजली की जरूरत होती हैं, जो रात में बढ़कर 75 मेगावाट तक पहुंच जा रही हैं। जबकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति कम होने के कारण बिजली की कटौती करनी पड़ रही हैं। जिससे लोड शेडिंग मजबूरी में हो रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### विधायक ने किया मूर्ति कला केंद्र का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** स्थानीय चियांकी हवाई अड्डा के पास श्री राम मकराना मूर्ति कला केंद्र का उदघाटन विधायक पुष्पा देवी ने सोमवार को किया। मौके पर विधायक ने कहा कि मूर्ति कलाकारों को प्रोत्साहन की जरूरत है ताकि वो अपनी कला में निखार ला सके। इस मूर्ति कला केंद्र के खुलने से आस पास के लोग आर्डर देकर मूर्ति निर्माण करा सकते है। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।मूर्तिकला केंद्र में देवी देवताओं सहित महापुरुषों की औ? डिमांड के आधार पर भी प्रतिमा बनाई जा रही है।

### सैमफोर्ड हॉस्पिटल ने कराया सीएमई प्रोग्राम का आयोजन



**मेदिनीनगर।** झारखंड सैमफोर्ड हॉस्पिटल, रांची द्वारा सीएमई प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सीएमई प्रोग्राम में डालटनगंज के सभी प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित थे। सीएमई के प्रारंभ सैमफोर्ड हॉस्पिटल का वीडियो दिखाकर किया गया। सैमफोर्ड हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक गुप्ता ने बेसिक चेस्ट पेन इभीलेशन विषय पर और कुशल न्यूरो सर्जन डॉ. अरुण कुमार ने रीसेंट एडवांसमेंट इन न्यूरो सर्जरी विषय पर विस्तार पूर्वक प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण द्वारा प्रकाश डाला। आयोजन में उपस्थित सिविल सर्जन पलामू डॉ. अशोक कुमार, आईएमए सचिव डॉ. राजीव नयन, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह, डॉ. अनिल श्रीवास्तव,आईएमए के सदस्य डॉ आनंद कुमार का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत जीएम ऑपरेशन दिवाकर मेहता ने किया। संचालन और स्वागत संबोधन जीएम ब्रांड भारती ओझा ने किया। आयोजन में सैमफोर्ड हॉस्पिटल, रांची के अनुज कुमार, नोबी जोसेफ, अनुराधा पंडित और डालटनगंज के मार्केटिंग प्रभारी अमित चंदेल का सहयोग सराहनीय रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित डालटनगंज के चिकित्सकों ने सीएमई प्रोग्राम को सराहा और कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए।

### ट्रैक्टर व टेंपो की टक्कर में परिवार घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध तालाब के पास ट्रैक्टर और टेंपो की टक्कर में पति पत्नी और एक साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाहपुर निवासी असलम अंसारी रविवार की शाम अपनी पत्नी रेशमी खातून और बेटा जैनद के साथ टेंपो पर सवार होकर सिलेंडर गैस लेने पनेरी बांध जा रहा थे। तभी रास्ते में पनेरी बांध तालाब के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी टेंपो को टक्कर मार दी।जिसमें टेंपो पर सवार पति-पत्नी बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी चैनपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर और टेंपो को जप्त कर उसे थाना ले गई है।

### वाईजेके की चांसलर पोर्टल पुनः खोलने की मांग

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव मोहित साहू की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोलने के लिए डीएसडब्ल्यू के नाम से उनकी अनुपस्थिति में उनके कार्यालय के कर्मी मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा की कुछ विद्यार्थियों ने जानकारी के अभाव में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया, जिससे वे नामांकन लेने से वंचित रह जायेंगे। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा की तिथि के बढ़ जाने से कई विद्यार्थी नामांकन ले सकेंगे।

# राजनंदनी आईसीएसई में अपने क्लास में की टॉप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में इस बार आईसीएसई के रिजल्ट में 10 वीं और 12वीं के बच्चे काफी बेहतर प्रदर्शन करते दिखे। सक्रेट हार्ड पब्लिक स्कूल की 10वीं क्लास की छात्रा राजनंदिनी 82 प्रतिशत अंक लाकर अपने क्लास में फर्स्ट डिवीजन से पास की है। राजनंदनी आगे की पढ़ाई और भी बेहतर ढंग से करना चाहती हैं। और बेहतर ढंग से पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी करने का लक्ष्य है। राजनंदिनी के पिता वरिष्ठ कुमार चंद्रवंशी एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करते हैं। वह अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दिन रात मेहनत करते हैं।राजनंदनी का सपना अपने माता पिता का नाम रोशन करने का है। अपनी इस सफलता से राजनंदनी बेहद खुश हैं। उनके माता-पिता भी अपने बच्ची की सफलता पर काफी प्रसन्न हैं. वहीं विद्यालय प्रबंधक द्वारा राजनंदनी को बधाई दी गई है। साथ ही सपनों को पूरा करने का शुभकामनाएं भी दी हैं। छात्रा राजनंदिनी ने बताया की स्कूल के अलावा वह ट्यूशन नहीं करती थी. जब मन करता तब घर में ही पढ़ाई करती थी। वही राजनंदिनी के फर्स्ट डिवीजन आने पर पर उनके दादा बबन प्रसाद,चाचा विक्रम कुमार, विशाल कुमार, बिक्कू कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार,राकेश कुमार ने पढ़ाई में और भी आगे बढ़ने का आशीर्वाद और बधाई दी है।

# विश्वविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन

**पंडित महेंद्र नाथ पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करायी**

**मुख्य अतिथि कुलपति डा सिंह ने इस तरह के रचनात्मक कार्य की सराहना की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर गाँधीपुर में प्रस्तावित जगराधा विश्वविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन अनुष्ठान हुआ। मुख्य अतिथि नीलाम्बर पिताम्बर विश्व विद्यालय के कुलपति डा राम लखन सिंह एवं प्रति कुलपति डा दीप नारायण यादव ने भूमि पूजन किया। पंडित महेंद्र नाथ पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न करायी। मुख्य अतिथि कुलपति डा



सिंह ने इस तरह के रचनात्मक कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान का खुलना समाज की बेहतरी के लिए आवश्यक है। बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। क्योंकि शिक्षा से ही मनुष्य के अंदर इंसानीयत का गुण विकसित होता है। मानव जीवन के सम्पुर्ण विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। इस विश्वविद्यालय का संचालन शिवनाथ अग्रवाल वेलफेयर ट्रस्ट की देखरेख में होगा। ट्रस्ट के शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि पलामु में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कर शिक्षा का विकास करना ही उदेश्य है। इस विश्वविद्यालय के अधीन विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अनेक तरह की शिक्षा दी जायेगी। भूमि पूजन के बाद भागवत कथा शुरू हुई। इससे पहले कवि सम्मेलन हुआ। कवि हरिवंश प्रभात, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, डा सत्यकेतु संजय, रवि शंकर पांडेय, राकेश कुमार,प्रवेश पंडित, रीना दुबे, प्रविण चंद्र मिश्रा ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश दुबे, शिव कुमार प्रसाद, भीम प्रसाद, मनीष भिवानियां, सतीश चंद्र अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सुनील कुमार, सुमन अग्रवाल, किरण, रेणु, रीता, वीणा, सविता, रंजु, करुणा अग्रवाल सहित कई लोग मौजुद थे।

# सरकार ने दी राहत,14 जून तक फ्री में होगा आधार अपडेट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने हाल ही में घोषणा कर बताया था कि 14 जून तक आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराया जा सकता है। आमतौर पर इसका शुल्क 50 रुपये लगता है लेकिन अगले 3 महीनों तक विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए यह काम फ्री में किया जा सकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि कई लोगों के आधार काफी पुराने हैं और वो लोग शुल्क के चलते इन्हें




अपडेट नहीं करा रहे हैं।बता दें कि यह फ्री प्रोसेस डेमोग्राफिक्स डिटेल्स को अपडेट करने के लिए ही उपलब्ध है। अगर आप फोन नंबर या भी बायोमेट्रिक डिटेल्स को अपडेट करना है तो आपको आधार एनरोलमेंट सेंटर ही जाना होगा और फीस देकर ही इन्हें अपडेट कराना होगा। आप अपने आधार कार्ड पर नाम, एड्रेस, डेट ऑफ बर्थ आदि जैसी जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

# कुंदरी छठ घाट तालाब भरवाने का मसला गरमाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के कुंदरी छठ तालाब को भूमाफिया द्वारा भरवाने के बाद एक बार फिर कुंदरी तालाब के लिए पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता आंदोलन के मूड बना चुके हैं। डॉ मेहता ने पत्रकारों के साथ वार्ता में कहा है कि कुंदरी स्थित छठ घाट तालाब लगभग सैकड़ों साल पुराना तालाब है। यहां दर्जनों गांव के मां बहने प्रति वर्ष भगवान भास्कर का पूजा अर्चना करतें आ रहीं हैं। प्रखंड की इस ऐतिहासिक धरोहर को भूमाफिया द्वारा जाली कागज बनवा कर भरवाया गया। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आस्था के तालाब को जिसने भी भरवाया वह बिला कर मरेगा। रात्रि में तालाब को भरा जाना अंदेशा होता है कि कहीं ना कहीं स्थानीय संबंधित प्रशासन के मिलीभगत के कारण यह कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही इस तालाब को पुनः छठ तालाब बतौर जिर्णोद्धार के लिए कमेटी तैयार की जा रही है। उसी कमेटी के देखरेख में दर्जनों गांवों से माताओं बहनों एवं ग्रामीण भाईयों को साथ लेकर तालाब में भरे हुए मिट्टी को दस दस टोकरी निकलवाया जायेगा। जिसका शुभारंभ वे खुद टोकरी में मिट्टी उठाकर कर करेंगें।

## जिला बीस सूत्री कमेटी की बैठक

**मेदिनीनगर।** जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष माननीय विमला कुमारी ने सभी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्षों एवं जिला बीस सूत्री के सदस्यों के साथ बैठक की। जिला बीस सूत्री के सभी सदस्य और प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रूप से बालू की समस्या के बारे में सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखें। सभी लोगों ने इस बात का समर्थन किया कि सभी जगहों पर बालू की समस्या है। सरकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास में भी बालू की समस्या सामना करना पड़ रहा है। इसमें लोगों ने कहा कि सरल उपाय कर बालू की समस्या का समाधान किया जाए। पेयजल की समस्या के लिए शहरी जलापूर्ति योजना सुचारू रूप से काम नहीं कर पा रही है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना भी सही से काम नहीं कर रही है। जो जल मीनार बने हैं वह भी काम नहीं कर रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए कार्य योजना बनाने की मांग की गई। सभी अंचलों में जो ऑनलाइन भूमि अभिलेख किया गया है, वह बहुत ही त्रुटिपूर्ण है। इसका अभियान चलाकर निश्चित समय के अंदर ठीक किया जाए। अधिकतर प्रखंड अंचल पदाधिकारी अपने प्रखंडों में नहीं रहकर जिला मुख्यालयों में रहते हैं। विश्रामपुर प्रखंड के रेहला में और पांडू में जलापूर्ति योजना अधूरी पड़ी है। रेहला के लोग फैक्ट्री के टैंकर से पानी दिए जाने पर ही निर्भर हैं। जबकि कोयल नदी बगल में होने से पानी उपलब्ध करा जा सकता है। तहसील मोहम्मदगंज में अस्पताल निर्माण हो चुका है। मनातू प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में प्रभार के भरोसे चल रहा है।बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्षों ने कहा कि मोहम्मद गंज में आंगनबाड़ी का कार्यालय नहीं है। इससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सुखाड़ राहत योजना की राशि अभी तक बहुत लोगों को नहीं मिल पाई है। इसके लिए भी कार्यवाही करने की मांग की गई। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर राजेश अग्रवाल जो छतरपुर में पदस्थापित हैं वह पिछले 25 सालों से छतरपुर में ही रहते हैं।अगस्त माह से ग्रीन कार्ड धारियों को राशन का वितरण नहीं हो रहा है इस पर भी चर्चा की गई और राशन कार्ड धारियों को त्वरित कार्रवाई कर राशन देने की मांग की गई। 20 सूत्री की बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने की। बैठक में संचालन बीस सूत्री सदस्य विजय कुमार चौबे ने किया। बैठक में रामआशीष पांडे, शमीम अहमद राईन, सुनील तिवारी, अरविंद पासवान, सानू सिद्दीकी, जीवन प्रसाद सिंह, राकेश सिन्हा, प्रखंड बीस सूत्री के सभी अध्यक्ष बैठक में शामिल थे।

## रेहला की एक दुकान में लगी आग

**विश्रामपुर।** रेहला महावीर चौक स्थित एक झोपड़ीनुमा होटल में आग लग गई। जिससे दुकान सहित उसमें रखे सारे सामान जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार सुबह 9.30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नरेश प्रसाद गुप्ता के होटल में गैस सिलेंडर लिकेज होने से अचानक आग लग गई। लोग कुछ समझ पाते की आग की लपटे देखते ही देखते पूरी झोपड़ीनुमा घर को अपने कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

# पलामू में आज से मिल सकती है गर्मी से राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के कई जिलों में आज से भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद हैं। राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में बादल छाए रहेगें।पलामू में इसका असर सोमवार को देखने को मिला।बादल से तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती हैं।मौसम विभाग ने इस तपती गर्मी से थोड़ी राहत की संभावना व्यक्त की हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज से राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। पलामू में भी19 मई तक मौसम का मिजाज इसी तरह हो सकता हैं। उत्तर-पश्चिम यूपी से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ते ट्रफ के कारण झारखंड, बिहार, यूपी, ओडिशा और बंगाल में बारिश के आसार हैं। पलामू गुमला, हजारीबाग, कोडरमा, रांची जिले के कुछ भागों में हल्के दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।गौरतलब है कि मौसम के मद्देनजर विभाग ने लोगों से चेतावनी दी हैं कि वे सतर्क और सावधान रहें।सुरक्षित स्थानों का शरण लें, पेड़ों के नीचे जाने से बचें, बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखें साथ ही किसान अपने खेतों में ना जाए और मौसम के सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

## इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला की चौथी कड़ी

भारतीय जन नाट्य संघ ( इप्टा ) की पलामू इकाई द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की चौथी कड़ी के प्रारंभ में छात्र नेता विदेशी पांडे और राहुल कुमार के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिस का संचालन पलामू इप्टा के जिला सचिव रविशंकर ने किया। सभा के दौरान जावेद अख्तर, राजीव रंजन, ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद एवं इप्टा झारखंड के महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्रा ने छात्र नेता विदेशी पांडे व राहुल कुमार के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की व सभा के अंत में 1 मिनट का मौन रखकर तमाम लोगों ने दोनों साथियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के बाद सांस्कृतिक पाठशाला की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रारंभ में अच्छे लाल प्रजापति द्वारा पाठशाला की तीसरी कड़ी की रिपोर्टिंग पेश की गई। अपनी रिपोर्टिंग के दौरान उन्होंने समाज को जोड़ने वाले तथा समाज को तोड़ने वाले तत्वों की सूची प्रस्तुत की । इसके बाद पुष्पा कुमारी ने समाज को तोड़ने वाले तत्वों की सूची में ज्ञान का अभाव, परंपरा, आधुनिक समाज के नकारात्मक तत्वों तथा अवैज्ञानिक सोच को शामिल कराया। इस संबंध में बच्चों के साथ शोषण व उत्पीड़न की कई कथाओं को सुनाया। बाल विवाह से लेकर बच्चों के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न तथा शारीरिक उत्पीड़न की भी चर्चा की।

## पंचायत का तुगलकी फरमान, लड़की को सिर मुड़वाकर जंगल में छोड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम जागोडीह पंचायत में फैसले के बाद ग्रामीणों ने एक लड़की का सिर मुड़वाकर गांव में घुमाया। गांव में घुमाने के बाद लड़की को बीच जंगल में छोड़ दिया गया था। पुलिस ने लड़की को जंगल से बरामद किया है और इलाज के लिए एमएमसीएच में भेज दिया है। पूरी घटना पलामू के पाटन थाना क्षेत्र की है। पुलिस मामले में छानबीन कर रहे आरोपियों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। पाटन थाना के जोगीडीह से एक लड़की करीब 20 दिन पहले गायब हो गई थी, बाद में वह वापस लौट आई थी।ग्रामीणों के अनुसार 20 अप्रैल को युवती की शादी होने वाली थी। शादी के लिए बारात भी आई थी लेकिन युवती ने शादी से इनकार कर दिया। युवती के इनकार के बाद परिजन और ग्रामीण लगातार शादी का दबाव बना रहे थे. ग्रामीणों के दबाव के बाद वह गायब हो गई थी, लोगों को आशंका थी कि लड़की ने प्रेम प्रसंग में शादी से इनकार किया है। लड़की के वापस लौटने के बाद रविवार को पंचायत बैठी।

**सरगर्मी** — यात्री वाहनों का परिचालन व ग्रामीण बाजार हुए प्रभावित

# पलामू में नक्सल बंदी का आंशिक असर

**पलामू के नौडीहा बाजार, हरिहरगंज पिपरा, लातेहार के गारू छिपादोहर बारेसाढ़ के ग्रामीण इलाके में बाजार रहे बंद**

**माओवादियों के बंद को लेकर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ चुनाव क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के उत्तर भारत बंद का सोमवार को झारखंड बिहार और झारखंड छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्रों में आंशिक असर देखा गया।माओवादियों के बंद के कारण कई इलाकों में यात्री वाहनों का परिचालन के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के बाजार में प्रभावित हुए हैं। नक्सलियों के बंद का पलामू गढ़वा और लातेहार के कई इलाकों



में आंशिक असर देखा गया है। झारखंड से छत्तीसगढ़ जबकि पलामू से विभिन्न इलाकों में जाने वाली कई यात्री वाहनों का परिचालन बंद रहा। पलामू के नौडीहा बाजार, हरिहरगंज पिपरा, लातेहार के गारू छिपादोहर बारेसाढ़ के ग्रामीण इलाके में बंद के कारण बाजार बंद रहे। माओवादियों के बंद को लेकर झारखंड बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ चुनाव क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी किया गया। पुलिस मुख्यालय ने मामले में के एसओपी किया है, बंद के दौरान किसी भी पुलिस अधिकारी को लूज मूवमेंट करने से मना किया गया है। अति नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और कई इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है।बरकाकाना सोननगर रेलखंड पर रेलवे की मदद से पेट्रोलिंग शुरू की गई है। झारखंड छत्तीसगढ़ जबकि झारखंड बिहार सीमा पर माओवादियों खिलाफ अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान में सीआरपीएफ जगुआर आईआरबी जैप के जवानों को लगाया गया है। पिछले एक महीने में माओवादियों ने यह दूसरी बार बंद की घोषणा की है। चतरा की घटना के बाद माओवादियों ने अपने मगध जोन में बंद की घोषणा की थी। पलामू रेंज आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि बंद को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है, आम लोगों का सुरक्षाबलों पर विश्वास बढ़ा है।तीन अप्रैल को चतरा के लावालौंग मुठभेड़ में माओवादियो के टॉप पांच कमांडर मारे गए थे। इसके विरोध में माओवादियों ने उत्तरी भारत बंद की घोषणा की है। मांओवादियों के ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल पर ड्रोन से हमला किया जा रहा है जबकि चतरा में उनके पांच कमांडर मारे गए हैं। इसी के विरोध में 15 मई को उतरी भारत बंद की घोषणा की जाती है। हालांकि बिहार में गया जिला के इलाके में बंद के संबंध में पर्चा भी सुरक्षाबलों को बरामद हुआ था। इस पर्चे में 14 और 15 मई को बंद की बात कही गई थी। माओवादी के ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो के तरफ से जारी बयान में 15 मई को ही बंद की घोषणा की गई है। नक्सल संगठनों के बंद का असर अब नजर नहीं आता है। कुछ खास पॉकेट में बंद का आंशिक रूप से प्रभाव पड़ता है। पिछले पांच साल में सुरक्षाबलों की पहुंच सभी इलाकों में हो गई है। सुरक्षाबलों ने इलाके में एक सुरक्षित माहौल तैयार किया है जिसके कारण माओवादियों का बंद का प्रभाव नजर नहीं आता है। कुछ वर्ष पहले तक बंद के दौरान माओवादी हिंसक घटनाओं को अंजाम देते थे। इस दौरान माओवादी रेलवे ट्रैक या सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाते थे। 2010 से 2016 के बीच माओवादियों ने बंद के दौरान झारखंड बिहार और झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा पर 137 हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया 2020 के बाद से यह आंकड़े 95 प्रतिशत से भी कम हो गए हैं।

## महर्षि वेदव्यास परिषद ने मनाई गढ़वा में केवट जयंती, डॉ. कुलदेव बोले

# 'केवट ने सागर तो प्रभु राम ने भवसागर पार किया'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

महर्षि वेदव्यास परिषद, झारखंड के तत्वाधान में चौधरी जेनरल हॉस्पिटल के परिसर में केवट जयंती समारोह का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने केवट जी के चरणों में पुष्प अर्पित किया।

महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदेव चौधरी ने कहा कि केवट जी सागर तो प्रभु राम ने भवसागर पार किया था। इससे साफ संदेश है कि समाज में सभी लोगों की जरूरत है। निषादराज निषादों के राजा का उपनाम है। वह श्रृंगवेरपुर के राजा थे। उनका नाम गुहराज निषाद था। सम्मान पूर्वक उन्हें निषादराज कहते हैं। वे निषाद समाज के ही थे और उन्होंने ही वनवास काल में राम, सीता तथा लक्ष्मण को केवट से कहकर गंगा पार करवाया था। राजा गुहराज निषाद भगवान राम के बाल सखा थे। निषादराज और भगवान राम ने एक ही गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त की थी। निषाद राज मछुआरों और नाविकों के मुखिया थे। राम को जब वनवास हुआ तो वह सबसे पहले तमसा नदी पहुंचे, जो अयोध्या से 20 किलोमीटर दूर है। इसके बाद उन्होंने गोमती नदी पार की और प्रयागराज (इलाहाबाद) से 20 किलोमीटर दूर श्रृंगवेरपुर पहुंचे, जो निषादराज गुह का राज्य था। यहीं पर गंगा के तट पर उन्होंने केवट से गंगा पार करने को कहा था। युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने युवाओं को ललकारते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि निषाद समाज को अपने नाव को खुद मजबूत करना होगा तभी नैया पार होगा वरना हमारे लिए कोई भगवान बनकर नहीं आनेवाला है।




मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री ब्रह्मदेव चौधरी, युवा परिषद प्रदेश सचिव ओमकार चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, नारी शक्ति परिषद के गढ़वा जिलाध्यक्ष शारदा चौधरी, रामनाथ चौधरी, संजय चौधरी, राजू चौधरी, पूर्व मुखिया शिवकुमार चौधरी, अनिल चौधरी, रामजन्म चौधरी, संजय धर दुबे, शिवकुमार दुदुन, पंकज गुप्ता, बिस्मिल्ला अंसारी, फैयाज अंसारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# खरौंधी प्रखंड में एक भी बालू घाट को चालू करने की अनुमति नहीं मिली

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

सोमवार को प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस महासचिव राजेश कुमार रजक ने जिला प्रशासन द्वारा प्रखंड के एक भी बालू घाट को चालू करने की अनुमति नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की है। प्रशासन पर खरौंधी प्रखंड की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

साथ ही कहा कि खरौंधी में बालू घाट को अधिसूचित कर चालू नहीं किया गया तो बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ जिला कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। रजक ने कहा कि सभी मुखिया, अंचल कार्यालय से प्रखंड के तीन बालू घाटों, जिनमें तोरेलावा बालू घाट, अरंगी बालू घाट तथा चौरिया बालू घाट को चिन्हित करके अधिसूचित कर चालू करने की अनुमति जिला प्रशासन से मांगी थी। इसके अलावे मैं खुद पूर्व उपायुक्त रमेश घोलप तथा वर्तमान उपायुक्त शेखर जमुआर से मिलकर बताया कि प्रखंड के पंडा नदी, डोमनी नदी, ढाढरा नदी बालू घाटों में पर्याप्त मात्रा में बालू उपलब्ध है, परंतु उन बालू घाटों के अधिसूचित नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास, शेड, शौचालय आदि निर्माण कार्य बाधित है। इसलिए तोरेलावा बालू घाट, अरंगी बालू घाट तथा चौरिया बालू घाट को अधिसूचित करते हुए चालू कराने की मांग की थी।

### 20सूत्री अध्यक्ष ने प्रशासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप



जिला प्रशासन ने अन्य प्रखंड के बालू घाटों को अधिसूचित कर चालू करने की अनुमति तो दे दी, लेकिन खरौंधी प्रखंड को नजर अंदाज कर दिया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे प्रखंड वासियों में काफी आक्रोश है। बालू के अभाव में कई माह से प्रखंड के प्रधानमंत्री आवास तथा शेड का निर्माण कार्य बाधित है। वहीं कूपा मुखिया प्रमोद राम, अरंगी मुखिया फूलकुमारी देवी, सिसरी मुखिया श्वेता देवी, खरौंधी मुखिया मंजू देवी, राजी मुखिया रिंकू देवी सहित सभी आदि ने भी इस संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगर जल्द खरौंधी में कम से कम तीन बालू घाटों को जिला प्रशासन अधिसूचित कर चालू करने की अनुमति नहीं देता है तो हमलोग जिला कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करेंगे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# स्कूली बच्चों ने मां को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी एन कॉन्वेंट +2 स्कूल के नए सभागार में मातृ दिवस सह समर कैम्प क्विज प्रतियोगिता के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने दीप प्रज्वलित और विद्या की देवी सरस्वती के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

प्रशाल में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मातृ दिवस माँ और बच्चे के लिए वर्ष का एक बहुत एक बहुत ही खास दिन है। भारत में ये पिछले कई वर्षों से मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। हमारे प्रतिदिन के जीवन में माँ के योगदान को विशिष्ट रूप से दशार्ने के लिए विभिन्न देशों में अलग-अलग दिनों में मातृ दिवस को मनाया जाता है। एक बच्चे को जन्म देने से लेकर उसे एक अच्छा इंसान बनाने तक सभी पड़ावों में माँ अपने बच्चों के जीवन में बहुत अहम भूमिका निभाती है। ये केवल माँ ही है जो अपने बच्चे के चरित्र और पूरे जीवन को आकार देती है।







सभी मां अपने बच्चे की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। वो हर एक चीज का ध्यान रखती है जो उसके बच्चे की जरूरत हो। सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक के खुद को अपने बच्चे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार समझती है। मातृ दिवस पर अपना विचार प्रकट करते हुए शिक्षिका सुषमा तिवारी ने माँ की महिमा को अत्यंत भावुकता के साथ जीवंत किया जबकि शिक्षिका नीरा शर्मा ने अपने मार्मिक गायन के माध्यम से प्रशाल में उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दीं। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें भाषण कला तथा क्विज प्रतियोगिता शामिल रही। कार्यक्रम को सफले बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, दीपक कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, नीरा शर्मा, निलम कुमारी, रिजवाना शाहिन शिवानी कुमारी, सुषमा, निधि कुमार, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन बसंत ठाकुर के ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन खुर्शिद आलम ने किया।

### डीसी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**गढ़वा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के तहत उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं से संबंधित बैंक खाते में संचित एवं अव्यवहृत राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा करने संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वर्चुअल रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, गढ़वा जिला को उपायुक्त जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहृत राशि एवं उस पर ब्याज सहित राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा किए जाने हेतु निर्देशित किया । पीछे बैठक में भी निश्चित रूप से उक्त संबंधित राशि को जमा कर देने हेतु निदेशित किया गया था। उक्त निर्देश के आलोक में कुछ प्रखंडों यथा- मेराल, डंडई, रमकंडा, मंझिआंव एवम रमना द्वारा राशि जमा करने संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जबकि शेष प्रखंडों द्वारा इससे संबंधित प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्त है। समीक्षा के दौरान राशि को शत-प्रतिशत जमा अभी तक नहीं करने पर असंतोष व्यक्त किया गया।

# गढ़वा में अलग-अलग हादसों में दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर थाना क्षेत्र के अचला में ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति का पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी इस्तखार अंसारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि इस्तेखार अपने घर से फकीराडीह रिश्तेदार के घर जा रहे थे। उसी दौरान अचला में बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक में टक्कर हो गई, जिसमें वह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। वहीं रेहला मार्ग पर डेंटल कॉलेज के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति रेहला थाना क्षेत्र के डंडीला गांव निवासी अर उल्लाह अंसारी का पुत्र रिजवान अंसारी ने बताया कि उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर अपने घर से गढ़वा आ रहे थे। रेहला गढ़वा मार्ग स्थित डेंटल कॉलेज के गेट के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### रमना में सड़क दुर्घटना में दो घायल

**रमना।** रविवार के देर रात्री रमना प्रखंड मुख्यालय के हरिगणेश मोड़ मुख्य सड़क पर दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों मे भवनाथपुर के सुनील डोम और श्री बंशीधर नगर के जंगीपुर निवासी विकाश कुमार शामिल हैं, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रमना में किया गया। सड़क से गुजरते समय दोनों अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने दोनों घायलो को स्थानीय पत्रकारों के सहयोग से अस्पताल ले जाया गया, जहा चिकत्सकों ने दोनों घायलों का इलाज किया।

# आजीविका महिला संकुल संगठन की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के हलीवंता पंचायत सचिवालय में बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन की बैठक आयोजित की गई। इसमें उपस्थित सभी चुनाव समिति सदस्यों को संबोधित करते हुये संकुल संगठन सचिव विमलेश देवी ने कहा कि वैसी महिलाएं जो अभी तक किसी समूह से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें आगामी 20 मई तक अपने अपने ग्राम संगठन में वार्षिक आमसभा कर नया समूह बनाकर या किसी समूह से जोड़ें ताकि कोई भी महिला समूह में जुड़ने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को बीमा कराने से संबंधित जानकारी भी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि जिनका बीमा हो चुका है, वे अपने-अपने खाते में पैसा जमा करें ताकि उनके बीमे का नवीनीकरण मई-जून में हो सके। जिन सदस्यों का बीमा नहीं हुआ है, उन्हें बीमा कराने के लिये कहा गया। बैठक में कंचन देवी, जुलेखा बीबी, प्रियंका देवी, प्रतिमा देवी, वाजदा खातून, सुलेखा, पूनम, रिंकू, बैंक सखी प्रीति देवी, चंचला देवी, परी, पूजा, सबिता, पिंकी, शशि प्रभा, किरण देवी, सामुदायिक समन्वयक राजकुमार राम, योगेंद्र सिंह, एफ टी सी अनुज सिंह आदि उपस्थित थे।



# सहायक शिक्षक की लू लगने के कारण मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक शिक्षक की लू लगने से हुई मृत्यु हो गई, जिसकी खबर मिलते ही शिक्षा जगत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी शोक का लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि मध्य विद्यालय हरिहरपुर के सहायक अध्यापक अशेश्वर सिंह (57 वर्ष) पिता स्व शिवजी सिंह की मृत्यु सोमवार की दोपहर में हो गई। शिक्षक अशेश्वर सिंह प्रतिदिन विद्यालय कार्य कर टाउनशिप स्थिति अपने क्वार्टर में जाया करते थे। शुक्रवार को विद्यालय में अध्यापन करा कर क्वार्टर जाने के दौरान उन्हें लू लग गई, जिस वजह से उनकी स्वास्थ्य बिगड़ने लगी पर शनिवार की सुबह वे पुनः मध्य विद्यालय हरिहरपुर आये पर विद्यालय में ही उनके स्वास्थ्य में गिरावट आई और वे विद्यालय से अपने क्वार्टर चले गए। तबीयत में सुधार नहीं होती देख उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गाया, जंहा डॉक्टरों ने उन्हें देखकर मृत घोषित कर दिया।इन दिनों क्षेत्र में लगातार लू का प्रकोप देंखने को मिल रहा है। लू की चपेट में सबसे अधिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को देखा जा रहा है।

# मुखिया ने चबूतरा का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता देवी ने सोमवार को खोनहर गांव में करीयई बाबा धाम के समीप पंद्रहवीं वित्त की राशि 85 हजार रुपये की लागत से चबूतरा का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।

इससे पूर्व ग्रामीणों ने मुखिया ललीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा कि पंचायत चुनाव के वक्त गांव के लोगों से करीयई बाबा धाम के समीप चबूतरा निर्माण कराने का वादा किया था। आज ग्रामीणों के साथ किये उस वादे को पूरा किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से किया हर वादा धीरे -धीरे पूरा करूंगी। इस मौके पर बीस सुत्री सदस्य छोटन सिंह, सुशील यादव, महेंद्र पाल, मनीष कुमार सतेन्द्र साह, सिकेंदर साह, आशीष गुप्ता, ललु साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## पहल मुखिया ने किया नव प्राथमिक विद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन

# 'पुस्तकालय बौद्धिक समृद्धि का परिचायक'

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

नव प्राथमिक विद्यालय जुडवनिया के प्रांगण में सोमवार को पुस्तकालय एवं बाल संसद के शपथग्रहण समारोह का उद्घाटन मुखिया स्वीटी वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय बौद्धिक समृद्धि का परिचायक है। विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना से बच्चों को ज्ञानवर्द्धन में काफी मदद मिलेगी। साथ ही गर्मी की छुट्टी में भी बच्चे इसका लाभ उठा सकते हैं। किताब से वंचित बच्चों के लिए यह पुस्तकालय काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी विद्यालयों में पुस्कालय की स्थापना करायी जायेगी।

मास्टर ट्रेनर उमेश प्र साद कर्ण ने कहा कि विद्यालय में व्यवस्थित पुस्तकालय का होना सुखद अनुभूति का एहसास कराता है। पंचायत के शैक्षणिक विकास के प्रति स्थानीय मुखिया का समर्पण अनुकरणीय है। बीआरपी नरेंद्र तिवारी ने पुस्तकालय के नियमित संचालन पर जोर देते हुए बीआरसी स्तर से हरसंभव सहयोग करने की बार कही। पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सत्यम प्रकाश ने कहा कि बाल संसद के गठन की प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों में कुशल, शिक्षित एवं जिम्मेवार नेतृत्वकर्ता की समझ विकसित होती है। अंत में बाल संसद के सभी नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयीं एवं उन्हें पुरस्कार देकर समान्नित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि अजित कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि हरिचरण यादव, प्रधान शिक्षक उपेंद्र यादव, कामेश कुमार, दुर्गेश तिवारी, जयंती मिश्रा, जीतन यादव, अलीजान अंसारी, उदय पाल, विवेक पाल, गुलाब यादव, धनंजय शंकर मेहता, वीरेंद्र पाल, रामप्रवेश ठाकुर, कुतुबुद्दीन अंसारी सहित विधायर्थियों के अभिभावक मौजूद थे।



# जयनगरा गांव के युवक ने फूल की खेती को बनाया रोजगार

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रखंड के खरौंधा पंचायत स्थित जयनगरा गांव का युवक राकेश कुमार साव उर्फ राकेश मालाकार आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। राकेश मालाकार ने अपने गांव में गेंदा के फूल की खेती कर अपने साथ साथ गांव के दर्जनों महिला व पुरुषों को रोजगार देने का काम किया है।

गरीब परिवार में जन्मे राकेश राजनीति शास्त्र से स्नातक की पढाई करने के बाद आईटीआई किया !फिर एनसीसी की ट्रेनिंग ली। परिवार के भरण पोषण के लिए 2019 ई में महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित चीनी मिल में काम करने गए राकेश स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही फूलों की खेती का अध्ययन किया। राकेश ने मेहनत,लागत, मार्केटिंग व मुनाफा आदि का निकट से जायजा लिया। गरीबी के कारण गांव में लीज पर खेत लेकर मात्र 550 रुपए से फूल की खेती की शुरूआत करने वाले राकेश आज लाखों रूपए का बिजनेस खड़ा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से अब तक किसी तरह की तकनिकी व आर्थिक सहायता नहीं मिली है। बिना किसी सरकारी सहायता के अपनी सूझ बुझ व मेहनत करने की जज्बा के साथ राकेश ने शून्य से शिखर तक पहुंचने की जिद ठान ली है। राकेश ने कहा कि यदि सरकार से किसानों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल जाए तो ने गुलाब व रजनीगंधा के फूलों की खेती के साथ साथ पपीता व केला की खेती कर जयनगरा गांव में ही सैकड़ों महिला व पुरुषों को रोजगार देने का काम करेंगे। जिससे बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं को घर में रोजगार सुलभ हो जाएगा। वे पलायन से बच सकते हैं। राकेश भगत सिंह की जीवनी पढ़ने के बाद उनसे काफी प्रभावित हैं।



# 96 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता चतरा**

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं कुल 96 सनातक प्रशिक्षित शिक्षकों के नियुक्ति के लिए सर्वसम्मति समिति द्वारा निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।




## समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्तिथ सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी पदाधिकारी, बीडीओ एवं अंचलाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में विभागवार लंबित योजनाओं के कारण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में मौजूद समस्या को लेकर अपना पक्ष रखने हेतु आमंत्रित किया गया तत्पश्चात मामलों के निराकरण एवं निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत योजनाओं की क्रमवार समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन एवं अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## एसएएम किट आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**चतरा।** विकास भवन स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाज कल्याण (बाल संरक्षण के विभिन्न इकाई सहित) विभागीय समीक्षा बैठक की गई। समाज कल्याण के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर आयोजित समीक्षा एवं वृद्धि निगरानी के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए 15 मई से 22 मई तक आयोजित कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने पोषण ट्रेकर एप्प एमपीआर (मासिक प्रगति प्रतिवेदन) के अनुसार शत प्रतिशत एप्प तथा लाभुकों का वजन, लम्बाई लेते हुए पोषण ट्रेकर एप्प पर एक सप्ताह के अन्दर अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित 08 से 20 मई तक चलने वाले एनीमिया जांच की समीक्षा 24 मई को पुनः करने की बात कही।

# हैपकिडो चौंपियनशिप में लावालौंग के बच्चों को मिला सिल्वर मेडल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद स्कूल के प्रांगण में फर्स्ट झारखंड स्टेट हैपकिडो चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों एवं कोच नें भाग लिया। इस चौंपियनशिप में जिले के अतिसुदूरवर्ती कहे जाने वाले लावालौंग प्रखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने भी भाग लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। संपूर्ण कार्यक्रम हैपकिडो के प्रदेश अध्यक्ष विकास केसरी, संरक्षक मो. जमालउद्दीन एवं प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री केसरी ने कहा कि लावालौंग जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड में लावालौंग ताइक्वांडो एसोसिएशन के डायरेक्टर अमित कुमार मिश्रा एवं अपने टीम के कर्मठ एवं कोच आदित्य कुमार को बधाई व शुभकामनाएं देता हूं जिनके मेहनत से मात्र एक महीने में यहां के मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों नें जबरदस्त प्रदर्शन करके सिल्वर मेडल व चौंपियनशिप



का सर्टिफिकेट प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। ये बच्चे आगामी भविष्य में मार्शल आर्ट में आसमान की बुलंदियों को छू सकेंगे। प्रतियोगिता में गौतम कुमार, आनंद कुमार एवं बादल कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर प्रखंड का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता के बाद मुख्य अतिथि सदर एसडीपीओ एवं एसडीओ अविनाश कुमार के द्वारा बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### टोरी स्टेशन में कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ, विधायक ने की अपील

# नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं जरूरतमंद लोग

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

जिला प्रशासन लातेहार एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से लाइफलाइन एक्सप्रेस हॉस्पिटल ट्रेन के 231 वें प्रोजेक्ट के तहत चंदवा के टोरी स्टेशन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ जांच कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, डॉ. रोहनी चोगले एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।



इस मौके पर विधायक ने कहा कि इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन की पहल से जिले में पहली बार हाईटेक चिकित्सा सुविधा से लैस लाइफलाइन एक्सप्रेस का आगमन हुआ है। इसमें मरीजों के लिए निशुल्क इलाज की व्यवस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है। इस दौरान विधायक, लातेहार ने जिले वासियों एवं अन्य जिले के जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से 15 मई से 4 जून तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच एवं सर्जरी, मुड़े हुए पैर का परीक्षण एवं सर्जरी (14 साल से नीचे), कटे-फटे होंठ की जांच एवं सर्जरी, दांत की जांच एवं उपचार, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में मरीजों के स्क्रीनिंग एवं पोस्ट ऑपरेटिव केयर के लिए व्यवस्था की गयी है। इस शिविर का लक्ष्य जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराना है। अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंद, गरीब व असहाय पीड़ित व्यक्तियों को इस शिविर के बारे में जानकारी दें तथा शिविर तक पहुंचने में उनकी मदद करें। विधायक, उपायुक्त द्वारा निबंधन काउंटर का निरीक्षण कर मरीजों के निबंधन, आवास, भोजन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सोमवार को शिविर में चिकित्सकों के द्वारा लगभग 1200 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई।

**ओपीडी व ऑपरेशन की जानकारी:** आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 15 से 20 मई तक, कान की जांच और कान की सर्जरी 22 से 26 मई तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी (14 साल के नीचे) 28 से 30 मई तक, कटे-फटे ओठ की जांच व सर्जरी 28 से 30 मई तक, दांत की जांच एवं उपचार 30 मई से 4 जून तक, स्तन व ग्रीवा कैंसर जागरूकता व परीक्षण 15 मई से 20 मई तक किया जायेगा।

# 'बच्चों को पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों का बोध कराती है बाल संसद'

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को वंदना सभा में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रधानाचार्य जितेंद्र राम एवं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर राम ने कहा कि बच्चे जिम्मेदारी व सामाजिक दायित्वों को समझें इसलिए बाल संसद का गठन किया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ आचार्य राज किशोर मिश्रा ने कहा कि अनुशासन की भावना को जागृत करने की मंशा से यह प्रयास किया गया है। इस दौरान बाल संसद के गठन में बाल भारती में प्रधानमंत्री यश कुमार, उप प्रधानमंत्री सौरभ कुमार, सचिव शशि भूषण ठाकुर, उपसचिव



सत्यम कुमार, सेनापति सचिन कुमार सह सेनापति आशीष कुमार, स्वच्छता प्रमुख प्रवीण कुमार को चुना गया। तथा कन्या भारती में प्रधानमंत्री लक्की कुमारी, उप प्रधानमंत्री कशिश कुमारी, सचिव साक्षी राजलक्ष्मी, सेना नेत्री लक्ष्मी कुमारी, सह सेना नेत्री सुजाता कुमारी, स्वच्छता प्रमुख चांदनी कुमारी को चुना गया। इस प्रकार से विद्या भारती के द्वारा निर्धारित सभी विभागों का चुनाव किया गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों को बाल संसद की गरिमा व दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी आचार्य, दीदी एवं स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने बीडीओ से की खराब चापाकल दुरुस्त कराने की मांग

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के बेसरा ग्राम स्थित उरांव टोला के ग्रामीणों ने सोमवार को बीडीओ सह सीओ प्रतिमान कुमारी को खराब चापाकल को दुरुस्त कराने को लेकर 20 लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि बेसरा ग्राम के उरांव टोला में विभाग द्वारा लगाए गए सभी चापाकल खराब पड़े हैं। इसके कारण 35 से चालीस घर के लोगों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसे देखते हुए जल्द से जल्द खराब चापाकल को दुरुस्त कराने की मांग की गई है ताकि हम सभी ग्रामीणों को पेयजल की समस्या दूर हो सके। आवेदन में कारु उरांव, राजदेव उरांव, मनी देवी, अजय उरांव, निरंजन उरांव, धर्मेन्द्र उरांव, तरूण उरांव, सुकूल उरांव, सर्बजीत उरांव, लालदेव उरांव, सहित कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**गिद्धौर(चतरा)।** दुवारी पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को मुखिया जगदीश यादव व पीएलभी शम्भू राणा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शामिल उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी, तिलैया, इंदरवा, बलबल, ओबरीडीह, जोकाही सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पंचायत को स्वच्छ रखने को ले जागरूता अभियान चलाया गया।

# पुलिस ने पोस्टर लगाकर ड्राइविंग व मानव तस्करी को लेकर किया सचेत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं, बाल मजदूरी और मानव तस्करी को रोकने के लिए जिला पुलिस ने एक पहल शुरू की है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने इससे संबंधित बैनर व पोस्टर लगाये हैं। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर जिले के महुआडांड, गारू, चंदवा और लातेहार समेत अन्य थाना क्षेत्रों के चौक-चौराहों पर बड़े-बड़े पोस्टर लगाये गये हैं। इन पोस्टरों पर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गयी है। दुपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की गयी है। इसके अलावा नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने, एक




दुपहिया पर दो लोग ही यात्रा करने एवं शराब पी कर वाहन नहीं चलाने की अपील की गयी है। कई पोस्टरों में साइबर क्राइम से बचने के लिए अपनी निजी जानकारी किसी से शेयर नहीं करने, अपने एटीएम का पिन नंबर या ओटीपी किसी को नहीं देने की बात कही गयी है।

# सरहुल पर्व मनाने को लेकर उठे विवाद का निकला हल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित लात पंचायत के नवारनागू ग्राम में सरहुल पर्व मनाने को लेकर उठे विवाद को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर बाद गांव में पहुंचकर शांतिपूर्वक ग्रामीणों के सहमति से हल किया गया। निर्णय लिया गया कि परंपरा के अनुसार एक ही दिन गांव में सरहुल पर्व मनाया जाएगा, जिसमें दोनों गुटों ने अपनी सहमति व्यक्त की। दूसरे गुट द्वारा इस वर्ष सरहुल पूजा नहीं मनाते हुए अगले वर्ष परंपरा के अनुसार एक ही दिन सरहुल पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। जानकारी के अनुसार लात पंचायत में नवारनागू ग्राम में परंपरा के अनुसार ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सरहुल पर्व का बीते दिन आयोजन किया गया। इसमें गांव का दूसरा गुट शामिल नहीं हुआ था। दूसरे गुट के लोग मंगलवार को सरहुल पर्व मनाने गांव के सरहुल पूजा स्थल जमा हुए थे, जिसका ग्राम प्रधान द्वारा विरोध किया गया। इससे दोनों गुटों में विवाद कायम हो गया। मंगलवार दोपहर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस अंचल निरीक्षक अनिल उरांव पुलिस बल के साथ लात पंचायत पहुंचकर दोनों गुटों को समझाते हुए मामले का सर्वसम्मति हल निकाला।

## प्रमुख ने लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय भवन परिसर में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इसमें बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं प्राप्त राशि के अनुरूप आवास योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्ण कराने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही नई योजनाओं का अभिलेख खोलने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ रवि यादव, पंसस जया देवी, सोनी देवी,जेई निशांत कुमार, विक्रमादित्य, पंचायतती राज प्रखंड समन्वयक पंकज पांडेय सहित अन्य प्रखंड कर्मी व पंसस मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 02/2023-24

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक 470/दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को Formulated Spawn mash feed उपलब्ध कराने हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2 निविदा की राशि – 4.40 (चार लाख चालीस हजार) रू0 मात्र (अनुमानित)
3. अग्रधन की राशि – 8800.00 (आठ हजार आठ सौ) –रू0 मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जो रायष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अतिम तिथिः – जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा। निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.05.2023 को 11.00 बजे तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 30.05.2023 एवं अपराह्न 12.00 बजे से।
6. निविदा खुलने का स्थान – जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभागार कक्ष में उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में निविदा सम्पन्न की जायेगी।
7. दिनांक 30.05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में निविदा खोली जाएगी।
8. निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि /एवं lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR.NO.297418 Lohardaga(23-24):D

**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, लातेहार**
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

–:: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी पुनः दिनांक–22.05.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक– 21.05.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | राजसात वाद संख्या | संबंधित थाना | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार एवं निमार्ण वर्ष | वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित राशि/अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति/अग्रधन राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04/2023 | बालूमाथ | OD14U-1391 | Hywa 2019 | 20,50,000.00 (बीस लाख पच्चास हजार) रूपये मात्र। | 2,05,000.00 (दो लाख पाँच हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 2. | 03/2023 | बालूमाथ | JH13E-3193 | Loader 2017 | 22,00,000.00 (बाईस लाख) रूपये मात्र। | 2,20,000.00 (दो लाख बीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 3. | 110/2022 | बालूमाथ | JH23A-2610 | Tractor 2021 | 2,75,000.00 (दो लाख पचहत्तर हजार) रूपये मात्र। | 27,500.00 (सताईस हजार पांच सौ) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 4. | 17/2023 | बालूमाथ | JH13F-6105 | Truck 2018 | 13,00,000.00 (तेरह लाख) रूपये मात्र। | 1,30,000.00 (एक लाख तीस हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 5. | 27/2022 | बालूमाथ | JH02AW-7103 | Truck | 16,30,000.00 (सौलह लाख तीस हजार) रूपये मात्र। | 1,63,000.00 (एक लाख तीरसठ हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत मारंगलोईया पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 6. | 16/2021 | बालूमाथ | JH19B-2577 | Truck 2017 | 15,50,000.00 (पन्द्रह लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | 1,55,000.00 (एक लाख पचपन हजार) रूपया। | बालूमाथ थानान्तर्गत अमरवाडीह पिकेट परिसर में वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | JH01BA-9784 | Truck 2013 | 8,50,000.00 (आठ लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | 85,000.00 (पचासी हजार) रूपया। | |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

PR.NO.297437 Mines and Geology(23-24):D
जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार।

**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, लातेहार, (खनन शाखा)**
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

–:: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदेशानुसार, लातेहार जिला के बरवाडीह/चन्दवा/लातेहार/महुआडांड़ थानान्तर्गत क्षेत्र में निम्नांकित मात्रा में जप्त भण्डारित लघु खनिज यथा पत्थर (पत्थर चिप्स) एवं बालू खनिज का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017, 2019 के नियम–54A के तहत् निम्नांकित थानान्तर्गत स्थल पर भण्डारित पत्थर एवं बालू खनिज का आम नीलामी अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में पुनः दिनांक–22.05.2023 को समय 03:00 बजे अपराहन् में जिला समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

भण्डारण स्थल का विवरणी निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | थाना का नाम | जप्त भण्डारित खनिज के भण्डारण स्थल की विवरणी | खनिज का नाम | खनिज की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बरवाडीह काण्ड संख्या–69/22 दिनांक –04.07.2022 | मौजा–पोखरीकला, थाना–बरवाडीह स्थित तौकिर मियाँ के घर के समीप | बालू | लगभग =10,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 10,000 × 7.50 = **75000.00** रूपया (पचहत्तर हजार रूपया मात्र) | 7500.00 |
| | | बरवाडीह थानान्तर्गत बरवाडीह मेन रोड, षांती निकेतन विद्यालय के पास | पपत्थर | लगभग =10,350 CFT | पत्थर खनिज का बाजार बिक्री मूल्य प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 12.73 की दर से = 10250 × 12.73 = **131755.50** रूपया (एक लाख एकतीस हजार सात सौ पच्चपन रूपया) | 13176.00 |
| 2. | चन्दवा, काण्ड सं0–129/22, दिनांक– 9.11.2022 | मौजा–चिरो, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार | बबालू | लगभग –1,000 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,000×7.50 = **7500.00** रूपया (सात हजार पाँच सौ रूपया मात्र) | 750.00 |
| 3. | चन्दवा | मौजा–मालहन (बैरियाटांड़ टोला), थाना–चन्दवा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर में भण्डारित | बबालू | लगभग –1,700 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 1,700 × 7.50 = **12750.00** रूपया (बारह हजार सात सौ पच्चास रूपया मात्र) | 1275.00 |
| 4. | लातेहार काण्ड सं0–283/22, दिनांक–20.11.2022 | मौजा–बारियातु खालसा /चटनाही थाना–लातेहार | बबालू | लगभग (1300 + 3500) CFT = **4800 CFT** | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 4,800 × 7.50 = **36000.00** रूपया (छतीस हजार रूपया मात्र) | 3600.00 |
| 5. | लातेहार काण्ड संख्या –151/22, दिनांक–04.06.2022 | मौजा–बेंदी, लातेहार थाना (थाना परिसर) | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00** रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |
| 6. | महुआडांड़ काण्ड संख्या–63/2021 | महुआडांड़ थाना परिसर | बबालू | लगभग –300 CFT | बालू खनिज का बिक्री मूल्य – प्रति 1 (एक) CFT @ Rs. 7.50 की दर से 300 × 7.50 = **2250.00** रूपया (दो हजार दौ सौ पच्चास रूपया मात्र) | 225.00 |

उपरोक्त स्थल पर भण्डारित लघु खनिज पत्थर एवं बालू के लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तों आदि के जानकारी के लिए दिनांक–15.05.2023 से दिनांक–22.05.2023 तक लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार
PR 297440 Mines and Geology(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### अनियंत्रित हो गड्ढे में गिरा चार पहिया वाहन

**कैरो।** कुडू चट्टी मुख्य पथ पर कैरो थाना क्षेत्र के गजनी मोड़ के समीप एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढा में गिर गई। हालांकि इस घटना से कोई हताहत की खबर नहीं है लेकिन स्कार्पियों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। जानकारी अनुसार नागजुआ की ओर से आ रही स्कार्पियों जेएच 01 ईएच 8242 जो कैरो की ओर आ रहा था इसी बिच गजनी मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो गया और रास्ता किनारे गड्ढे मे जा गिरा।चालक को थोड़ी बहुत चोटें भी आई.कड़ी मशक्कत के बाद वाहन को गड्ढ़े से बाहर निकाला गया।

### जलछाजन कार्य प्रारंभ करने का दिया निर्देश

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में जेई,पंचायत सचिव और एई के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत चयनित प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे में तथा झलजमीरा पंचायत के गगेया में जलच्छाजन का कार्य को दो दिन के अन्दर प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो का समीक्षा करते हुए चर्चा किया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई मनु कुमारी, पंचायत सचिव आनन्द सिंह के अलावे अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### लोहरदगा में पिछडी. जाति संघर्ष समिति का गठन आज

**लोहरदगा।** मंगलवार को तेली धर्मशाला मे पिछडी.जाति संघर्ष समिति का गठन केन्द्रिय अध्यक्ष उदासन नाग के उपस्थिति मे किया जाएगा। पिछडी जाति संघर्ष समिति के संरक्षक जयनाथ साहू ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए दलगत नीति से उपर उठकर ओ बी सी आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए हम लोगो को मिल कर चरणबद्ध आंदोलन करने कि आवश्यकता है। आंदोलन के प्रथम चरण मे 25 मई मध्य रात्रि से 26 मई मध्य रात्रि तक बंद रखने पर चर्चा एवं रूपरेखा तैयार किया जाएगा।

## कुडू के हमीद नगर में हुई मासूम की हत्या का खुलासा

# 200 रुपये कम देने पर बाप ने सौतेले बेटे को उतारा मौत के घाट

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ले में एक 12 साल के मासूम बच्चे के कत्ल की गुत्थी आखिरकार सुलझ गयी। जालिम बाप ही अपने सौतेले बेटे का कातिल निकला। ज्ञात हो कि शनिवार 13 मई की रात 12 वर्षीय अन्नू की संदिगध परिस्थिति में मौत हो गयी थी। उसके गले पर रस्सी का निशान पाया गया है। मामले की सूचना पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर माता पिता को हिरासत में लिया था। मामले को लेकर मुहल्ले के लोग माता पिता द्वारा ही बच्चे की हत्या किए जाने की बात कह रहे थे जबकि पुलिस की हिरासत में बच्चे का बाप हकीम अंसारी और मां असमिना पुलिस को आत्महत्या की बात कर दो दिनों तक भरमाते रहे। लेकिन शख्ती के बाद आखिरकार बच्चे की मां असमिना खातून टूट गयी और पुलिस के सामने उस रात हुए मासूम के साथ जुल्म व उसकी हत्या की बात कबूल कर ली।

असमिना ने बताया कि पैसे को लेकर बौखलाए हकीम ने ही मासूम अन्नू का रस्सी से गला घोंट दिया था। बीच बचाव करने पर उसे धक्का देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और इसी बीच उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने जालिम बाप के विरुद्ध कांड संख्या 66/ 23 धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से लातेहार जिले के कोढास सासंग का रहने वाला हकीम अंसारी अपनी दूसरी पत्नी और दोनों सौतेले बेटों के साथ बीते दो तीन वर्षों से कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ले में रह रहा था। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हकीम ने अपनी पहली पत्नी की हत्या कर दी थी और बाद में असमिना से दूसरी शादी की थी, जबकि असमिना के पहले पति की मौत हो गयी थी और उसके पहले पति से दो बच्चे थे, जिसमे एक अन्नू था। अन्नू ही इतनी कम उम्र के बावजूद इधर उधर मजदूरी कर अपना घर चला रहा था।

## आंगनबाड़ी केंद्र के समीप अज्ञात पुरुष का शव मिला

**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कुडू - चट्टी मुख्य पथ पर कैरो थाना क्षेत्र के नगजुवा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद किया गया, जिसकी वजह से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा होने लगी। वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर हरिऔध करमाली दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर अज्ञात शख्स की जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू की। मृत व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष है। उसकी छाती में सरस्वती लिखा हुआ है। वहीं उसके पॉकेट से अंग्रेजी में रिचर्ड टोनेलिंस नाम से डायरेक्टर फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल को लिखा एक आवेदन मिला



है। आस -पास के लोगों द्वारा जानकारी लेने पर भी शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर लोहरदगा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया एवं शव की पहचान व मौत को लेकर छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

## मानव दिवस सृजन में प्रगति लाएं: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, जिला समन्व्यक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य उपस्थित थे। इसमें सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा हुई, जिसमें मानव दिवस सृजन में प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 का प्रत्येक दिन अनुश्रवण का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों



को दिया गया। वहीं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में छूटे हुए प्रखंडों को योजना पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह का समय और जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान में चेंजिंग रूप का निर्माण 10 दिनों के अदर कराये जाने का निर्दश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में टीसीबी व फील्ड बंड के 500-500 साइट चिन्हित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। जलछाजन योजना और मानव दिवस सृजन की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में द्वितीय किस्त की राशि भुगतान का अंतर कम करने का निर्देश दिया।

## उपप्रमुख ने मिंज इलेक्ट्रिक का किया उद्घाटन

**कैरो।** प्रखंड के उतका बाजार टांड़ के बगल में मिंज इलेक्ट्रिक दुकान का उद्घाटन कैरो प्रखंड उपप्रमुख मधुलिका रानी ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली के सामान की दुकानें बहुत कम हैं। इस दुकान के खुलने से क्षेत्र के लोगों को बिजली का सामान आसानी से मिल जाएगा। लोगों को दूर दराज भटकना नहीं पड़ेगा। दुकान के संचालक बॉयज मिंज ने कहा कि मिंज एलिक्ट्रिक्स की दुकान में वायरिंग के सामान, बिजली के सामान, बल्ब, पंखा, आयरन समेत अभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध



हैं। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह उपप्रमुख के प्रतिनिधि शरत कुमार विद्यार्थी, रणधीर कुमार सिंह, अख्तर अंसारी, जमील अख्तर, इडेन मिंज, रामप्रसाद पाल, बिनोद रविदास आदि उपस्थित थे।

## डीएवी में मातृ दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मातृ दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य आयोजित किया गया जिसमें बच्चों को अपनी माता के लिए उनकी खूबियों को वर्णित करते हुए ग्रीटिंग कार्ड व ताज बनाना था। अपनी माता को ताज पहना कर ग्रीटिंग कार्ड देते हुए उनके साथ नृत्य करते हुए वीडियो बनाना था। वीडियो में बच्चों के मन में माता के प्रति अपार प्रेम लोगों को भावुक करने वाला था। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में आकर्ष पंकज, जयेश कुमार, अनुराज कुंडू, कन्यका गुप्ता,अर्व तमेरा व दर्सराज ने कक्षा यूकेजी में इशनावी राज, अलिका अंबर, अथर्व कृत, निधि कुमारी, काव्या गुप्ता, दर्शील भगत, रक्षित झा, सईद अलमाज, स क सुहान, काव्या तरुषि, खुशी कुमारी व काव्या मुखियार ने कक्षा प्रथम में अनुश्री लकड़ा, आरोही बर्मा, परी कुमारी, मानसवी गुप्ता, आयुश कुमार, आदिव गुप्ता, वैशनवी कुमारी व अदिती




बर्मा ने तथा कक्षा द्वितीय मे शिवम कुमार वर्मा, आर्यश अवि,विशेष प्रकाश, संस्कार कुमार, नव्या तरुषी, वेदांश नंद तिवारी,कोमल कुमारी, हर्षित राज, प्रिंस कुमार,रीत कुमार, जैन सलीम व अभिराज स्पर्श ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रो, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## डॉ. भारती ने जीवन शिक्षा जगत के लिए न्योछावर किया था

**लोहरदगा।** समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद डॉ राम बल्लभ भारती की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा कीं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने, विज्ञान, संस्कृति और संस्कार के ज्ञानी बताते हुए कहा कि डॉ भारती ने अपना सर्वस्व जीवन शिक्षा जगत के लिए न्योछावर कर दिया। उनकी पुत्री रीमा भारती ने दुर्भाष से कहा कि मुझे गर्व है कि मैं डॉ राम बल्लभ भारती की पुत्री हूं। इस महान शख्सियत ने आज ही के दिन 15 मई 2021 को हम सब को इस संसार में छोड़कर श्रीहरि के चरणों में विलिन हो गए। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह उन्हें हमेशा की तरह उत्साहित रखे।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2023–24 (01 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 27.05.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| ग्रुप नं0 | शौचालय का नाम | वार्ड संख्या | वर्ष 2023–24 के लिए सरकारी डाक राशि 10 (दस माह) | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 10%) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समुदायिक शौचालय –सह– कौशल विकास केन्द्र एवं सामुदायिक शौचालय | 24 | 9,18,000/– | 91,800/– |
| 2. | सामुदायिक शौचालय,टैक्सी स्टैण्ड, | 24 | | |
| 3. | सामुदायिक शौचालय,टाउन हॉल | 22 | | |
| 4. | सामुदायिक शौचालय, कचहरी निगम कार्यालय | 24 | | |
| 5. | सामुदायिक शौचालय,साहित्य समाज चौक | 25 | | |
| 6 | सामुदायिक शौचालय, महिला वार्ड सदर हॉस्पीटल | 25 | | |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 297424 District(23-24).D



### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला
समाहरणालय, लोहरदगा

**आवश्यक सूचना** ई–मेलः **lohardaga.rmsa@gmail.com**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सभी स्नातक प्रशिक्षित नव नियुक्त शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 19.05.2023 को पूर्वाह्न 09:00 माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण खेल गांव स्थित, टाना भगत इंडोर स्टेडियम पर निर्धारित है।

उक्त के निमित्त सभी नव नियुक्त शिक्षक दिनांक 19.05.2023 को पूर्वाह्न 06:00 बजे तक समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के समक्ष योगदान करना सुनिश्चित करेंगें साथ ही अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये बस से एकसाथ सभी अभ्यर्थी रॉची के लिए प्रस्थान करेंगें। वैसे नव नियुक्त शिक्षक जो अपने स्वंय के वाहन अथवा अन्य श्रोत से समारोह में जाना चाहते है, उन्हें इस शर्त के साथ अनुमति दी जाती है कि वे निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 08:00 बजे तक समारोह स्थल पर योगदान देना सुनिश्चित करेंगे तथा इस आशय से संबंधित एक आवेदन/शपथ पत्र दिनांक 16.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करा देंगें। ससमय समारोह स्थल पर पहुँचने की सारी जिम्मेवारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। प्रतिनियुक्त कर्मी एवं नव नियुक्त शिक्षकों को यह अनिवार्य होगा कि अपने साथ एक आई0डी0 प्रुफ यथाः आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर आईडी कार्ड एवं नव नियुक्त शिक्षकों को इसके अतिरिक्त जेएससीसी द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य होगा। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रत्येक अभ्यर्थी से प्रवेश पत्र की जांच करते हुए बस में बैठाना सुनिश्चित करेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 297452 Lohardaga(23-24)D


## जर्जर पुल के स्थान पर नया बनाए प्रशासन : साहू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
किस्को प्रखंड के ग्राम कसियाडीह के ग्रामीणों की शिकायत पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कसियाडीह ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने साहू को बताया कि पाखर- कसियाडीह पथ में स्कूल के पास पुल का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व हुआ था। पुल अंदर से खोखला हो गया है। इस सड़क पर ट्रकों का भी आवागमन होता है। पुल जर्जर होने के कारण यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है, जिसके बाद आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो जाएगा। ग्रामीणों



ने साहू से अविलंब नया पुल बनवाने की मांग की। मौके पर साहू ने ग्रामीणों के साथ जर्जर पुल का मुआयना किया तो पाया कि पुल अंदर से खोखला हो गया है। यहां नया पुल बनाना अति जरूरी है ताकि भविष्य में कोई अनहोनी नहीं हो।

## गंधर्व भगत की पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पूर्व विधायक सुखदेव भगत के पिता स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी स्व. गंधर्व भगत की 15वीं पुण्यतिथि भगत के आवासीय परिसर में मनाई गई। सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्र के द्वारा पूजा हवन का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने आवासीय परिसर में स्थित स्व. गंधर्व भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. गंधर्व भगत सामाजिक कार्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था, जिनका अधिवेशन रामगढ़ में आयोजित



किया गया था। स्व. गंधर्व भगत अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से अधिवेशन में भाग लिए थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पुत्र दुर्गा भगत, सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, अनुपमा भगत, अभिनव सिद्धार्थ, शाश्वत सिद्धार्थ, आलोक साहू, मोहन दुबे, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, विजय चौहान, अनिल कुमार, लाल विकास नाथ शहदेव, मनोज सोन तिर्की, फुलदेव उरांव, माजिद अहमद, सुधीर अग्रवाल, पवन सरार्फ, सुबोध साहू, रफीक अंसारी, दयानंद उराव, नन्हे अंसारी सहित अनेक लोग शामिल थे।

## खेलकूद

### जिला प्रशासन करा रहा क्रिकेट टूर्नामेंट

# लोहरदगा ने 125 रन से जीता मैच

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला प्रशासन की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार का पेशरार इलेवन और लोहरदगा इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें पेशरार इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी लोहरदगा की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाए। लोहरदगा की टीम की तरफ से शमशाद ने शानदार 134 रन बनाए तथा प्रियदर्शी ने 25 रन बनाए। पेशरार इलेवन की तरफ से गेंदबाजी में शिवम ने चार विकेट और अभिमन्यु ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार इलेवन की टीम 16 ओवर में 10 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। पेशरार इलेवन की टीम की तरफ से अभिमन्यु ने 30 तथा तौहीद ने 20 रन बनाए। लोहरदगा



इलेवन की तरफ से अभय ने 3 विकेट लिए। इस मैच को बड़ी आसानी से लोहरदगा इलेवन की टीम ने 125 रन से जीत लिया। इस मैच में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक रॉय भी उपस्थित थे और दोनों टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी इस तरह के प्लेटफार्म का फायदा उठाएं और लगातार अच्छा खेलें। अपना और अपने माता-पिता का नाम रौशन करें। जिला प्रशासन को भी लगातार इस तरह का आयोजन कराने के लिए बधाई दी। इस मैच में लोहरदगा टीम के खिलाड़ी शमशाद को शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया।


### उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा
### (खनन शाखा)

**Category-A & B बालू घाट का एम0डी0ओ0 चयन हेतु अति–अल्पकालीन ई–वितीय निविदा आमंत्रण।**

| क्र0 सं0 | बालू घाटों का नाम | अंचल | रकवा (हेक्टेयर में) | Yearly Production as per EC Limit (CUM) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | नियम एंव शर्तें | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी, के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Son Ghat 06 | खरौन्धी एवं केतार | 44.7 | As per DSR report | [garhwa/MDO/03/2023] [2023_GAMD_70931_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा। |
| 2. | North Koyal Ghat 02 | कांडी | 15.3 | | [garhwa/MDO/04/2023] [2023_GAMD_70951_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 3. | North Koyal Ghat 04 | मझिऑव | 47.7 | | [garhwa/MDO/05/2023] [2023_GAMD_70958_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 4. | North Koyal Ghat 09 | मझिऑव एवं मेराल | 22.5 | | [garhwa/MDO/09/2023] [2023_GAMD_70977_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 5. | North Koyal Ghat 06 | मझिऑव | 10.9 | | [garhwa/MDO/06/2023] [2023_GAMD_70964_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 6. | North Koyal Ghat 07 | मझिऑव | 20.9 | | [garhwa/MDO/07/2023] [2023_GAMD_70968_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 7. | North Koyal Ghat 08 | मझिऑव | 4.38 | | [garhwa/MDO/08/2023] [2023_GAMD_70974_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |
| 8. | North Koyal Ghat 10 | गढ़वा | 16.8 | | [garhwa/MDO/10/2023] [2023_GAMD_70980_1] | 12.05.2023 | 22.05.2023 | | |

नोटः– 1. JSMDCL, रॉची के द्वारा Category-A & B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा WWW.Jharkhandtendre.gov.in के बेवसाईट पर ई–वितीय निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDCL, रॉची, द्वारा निर्गत नियमावली, शर्ते एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगें।
3. शर्ते एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा बेवसाईट पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 297388 Mines and Geology(23-24)#D

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**

आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (15 मई) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 317 अंक चढ़कर 62,345 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 84 अंकों की तेजी रही और ये 18,398 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और सिर्फ 7 में गिरावट देखने को मिली है। वहीं आज रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे कमजोर होकर 82.31 रुपए पर बंद हुआ। रियल्टी सेक्टर 4.32% चढ़कर बंद हुआ। डीएलएफ के मजबूत तिमाही नतीजों ने सेक्टर को लीड किया और 7.36% चढ़कर बंद हुआ। बैंक निफ्टी भी 0.64% चढ़कर बंद हुआ। एफएमसीजी में 1.14% की तेजी रही। फार्मा और ओएमसी सेक्टर सपाट कारोबार के साथ बंद हुए। आज सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स ने चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए। इस तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 895 करोड़ रुपए से 7% बढ़कर 962 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। वहीं मुनाफा 91 करोड़ रुपए से 24% बढ़कर 113 करोड़ रुपए हो गया। इसका शेयर आज 4.75 रुपए (0.83%) की बढ़त के साथ 574 रुपए पर बंद हुआ। थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर -0.92% पर आ गई है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34% रही थी। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85% थी। ये लगातार 11वां महीना है जब होल-सेल महंगाई कम हुई है। इससे पहले जून 2020 में डब्ल्यूपीआई इससे कम है। तब ये -1.81% पर थी। खाने-पीने के सामान और ईंधन और बिजली के दामों में गिरावट आने से थोक महंगाई घटी थी। थोक महंगाई दर जून 2020 के बाद पहली बार 0% के नीचे गई है। इससे पहले शुक्रवार यानी 12 मई शेयर बाजार को तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 123 अंक की तेजी के साथ 62,027 के स्तर पर बंद हुआ था।

## 2025 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी कनेक्शन बढ़कर हो जाएगा 3.2 अरब




**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी कनेक्शन, मोबाइल सब्सक्राइबर और आईओटी कनेक्शन 2021 में 574 मिलियन से बढ़कर 2025 में 3.2 बिलियन हो जाएंगे। एक नई रिपोर्ट के अनुसार यह पांच साल की 87.9 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 5जी सेवाओं को शुरू करने के महत्वपूर्ण कारणों में से एक है। आईडीसी के अनुसार, एशिया-प्रशांत में लगभग 12.4 प्रतिशत दूरसंचार वाहक उत्तरदाताओं ने आईआईओटी को 5जी परिनियोजन के शीर्ष कारणों में से एक माना है। अधिकांश दूरसंचार वाहक कंपनियों ने 5 जी की शुरूआत के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपयोग मामलों के रूप में विनिर्माण, स्मार्ट गतिशीलता वाले स्मार्ट शहरों और स्मार्ट इमारतों सहित महत्वपूर्ण उद्योगों को देखा। आईडीसी में दूरसंचार और आईओटी, एशिया पैसिफिक के वरिष्ठ बाजार विश्लेषक पीयूष सिंह ने कहा, डिजिटलीकरण और कनेक्टिविटी के माध्यम से एक हरित, कम कार्बन भविष्य में बदलाव संभव होगा। उद्योग 4.0 में अवधारणाओं में से एक दक्षता ऊर्जा की बचत के बराबर है। सिंह ने कहा कि ऊर्जा बचाने के लिए अनेक संगठन अंततः दक्षता बढ़ाते हैं। पूरे एशिया-प्रशांत में विनिर्माण सुविधाओं ने परिसर में उपकरणों के विभिन्न टुकड़ों को नियंत्रित करने के लिए निजी या समर्पित नेटवर्क लागू किए हैं। अस्थिर वायरलेस संचार और विलंबता किसी भी फर्म में डिजिटल परिवर्तन को अपनाने में बाधा हैं, जिन्हें 5जी की मदद से हल किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईओटी उपकरणों के लिए बहुत भरोसेमंद संचार की आवश्यकता होती है।

# सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज यानी सोमवार (15 मई) को सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 271 रुपए बढ़कर 61,235 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 56,091 रुपए हो गई है। क्ष्खअ की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है। ये 525 रुपए महंगी होकर 72,565 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 72,040 रुपए पर थी। अजय केडिया का अनुमान है कि इस साल चांदी 90 हजार रु./किलो तक जा सकती है। इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने और सोने की कीमतें ज्यादा होने से भी चांदी की कीमतों में उछाल आ रहा है। सिल्वर एळऋआने से चांदी में निवेश के विकल्प बढ़ने का भी असर। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर 0.92 प्रतिशत पर आई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर -0.92% पर आ गई है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34% रही थी। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85% थी। ये लगातार 11वां महीना है जब होल-सेल महंगाई कम हुई है इससे पहले जून 2020 में हढकइससे कम है। तब ये -1.81% पर थी। खाने-पीने के सामान और ईंधन और बिजली के दामों में गिरावट आने से थोक महंगाई घटी थी। थोक महंगाई दर जून 2020 के बाद पहली बार 0% के नीचे गई है। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय रहता है। ये ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर बुरा असर डालती है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए हढक को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है, क्योंकि उसे भी सैलरी देना होता है। हढक में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। अप्रैल में रिटेल महंगाई दर घटकर 4.70% पर आ गई है। मार्च में महंगाई दर 5.66% रही थी। ये लगातार तीसरा महीना है जब महंगाई दर में कमी आई है।


## कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 03/2023–24

निदेशक मत्स्य, झारखण्ड राँची के पत्रांक470/दिनांक 06.03.2023के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को जाल/हापा उपलब्ध कराने के लिए आपूर्ति कर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम–जिलामत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
2. निविदा की राशि–4.40(चार लाख चालीस हजार)रू0 (अनुमानित)।
3. अग्रधन की राशि–8800.00 (आठ हजारआठ सौ) रू0 मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पदनाम से हो एवं लोहरदगा में भुगतेय हो।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान एवं अतिम तिथिः –जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा,। निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक30.05.2023 को पूर्वाह्न 11 बजे से तक निविदा स्वीकार किया जाएगा।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय – 30.05.2023 एवं अपराह्न12.00 बजेसे।
6. निविदा खुलने का स्थान–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभागार कक्ष मे उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में निविदा सम्पन्न की जायेगी।
7. दिनांक30.05.2023कोअपराह्न12.00 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में निविदा खोली जाएगी।
8. **निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि /एवं lohardaga.nic.in में देखाजासकताहै।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 297419 Lohardaga(23-24)#D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)

### ईच्छा की अभिव्यक्ति से पूर्व Pre-Bid परिचर्चा हेतु "आमंत्रण सूचना"

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) अन्तर्गत लोहरदगा जिला के सभी +2 विद्यालयों (विज्ञान संकाय) में NEET/ JEE की तैयारी के साथ–साथ विज्ञान विषयों में शिक्षण की गुणवता में सुधार हेतु होमी जे0 भाभा कोचिंग सेंटर, लोहरदगा में Studio Class room setup तथा सभी +2 Science विद्यालयों को इससे जोड़ने हेतु आवश्यक उपकरणों के क्रय एवं अधिष्ठापन तथा उपकरणों के संचालन का सामान्य के प्रशिक्षण (एक वर्ष रख–रखाव सहित) हेतु Turnkey Basis पर निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रण से पूर्व इच्छुक प्रस्तावकों को दिनांक 26.05.2023 को पूर्वा 11:30 बजे से समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में निर्धारित Pre-Bid परिचर्चा में भाग लेने हेतु आमन्त्रित किया जाता है।

उक्त Pre-Bid बैठक में इच्छुक प्रस्तावकों से Studio Class room setup से संबंधित निम्नांकित उपकरणो के न्यूनतम specifications पर परिचर्चा तथा प्रस्तावकों द्वारा तकनीकी बिन्दुओं, कार्य योजना आदि के संदर्भ में Power Point Presentation प्रस्तुतीकरण या सुझाव के आधार पर बेहतर तकनीक, अतिरिक्त आवश्यक उपकरण एवं विकल्प आदि का निर्धारण करते हुये जिलास्तरीय क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा परियोजना हेतु आवश्यक मानक उपकरणों के क्रय हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी –

| SN | Equiments Name |
|---|---|
| 1 | Intractive Panel 75 inch |
| 2 | Desktop Setup + Projector |
| 3 | Camera PTZ video conferencing camera |
| 4 | Sound Setup (for studio) – Amplifier, Speaker, Microphone, audio interface/ Digital signal processor |
| 5 | LAN connectivity/ Fiber Connection/ Internet connectivity/ Ethernet |
| 6 | Monitor for Studio |
| 7 | Camera for School Class Room |
| 8 | Sound System for School Class Room |

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 297409 Lohardaga(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 09/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के ग्राम सेरका में मुनिया देवी, पति–राजेश गंझू के जमीन पर डीप बोरिंग कार्य। | 426400/- | 10000/- | 750/- | 01 (One) Month |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के ग्राम सेरका में टुनिया देवी, पति–बालेश्वर गंझू के जमीन पर डीप बोरिंग कार्य। | 426400/- | 10000/- | 750/- | 01 (One) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

नोटः– **1. Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।

**2.** निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 297387 Building (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या **- DWSD/HYDT/Med-01/2023-24 (1st Call)**
दिनांक–**15.05.2023**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Supplying, fitting and fixing of 5 nos. 7.5 HP electric submersible pump set along with 5 nos. 200mm x 165mm & 150m HYDT with all complete job in existing Lesliganj Rural Water Supply Scheme in Lesliganj Block under D W & S Division, Medininagar in the year 2022-23. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | **21.76562 Lakh** (एक्कीस लाख छिहत्तर हजार पाँच सौ बासठ रूपये मात्र)। |
| 2 | अग्रधन की राशि | **Rs. 44,000.00** (चौवालीस हजार रूपये मात्र)। |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य | **Rs. 5000.00** (पाँच हजार रूपये मात्र)। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | **02** (दो) महीना। |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **22.05.2023 / 12.30** बजे अपराह्न में। |
| 6 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **30.05.2023 / 5.00** बजे अपराह्न तक। |
| 7 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | **01.06.2023 / 05.00** बजे अपराह्न तक। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **02.06.2023 / 04.00** बजे अपराह्न में। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | **9835068475** |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | **0651-2480345** |

नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR297451 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

### (आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0– 04 रा0 (वि0) दिनांक 08.05.2023 के द्वारा जिला को प्राप्त लक्ष्य हेतु वैसे लाभुक जिनके पास एक एकड़ अथवा उससे अधिक के निजी अथवा कम–से–कम 03 वर्षो के लिए बन्दोबस्त तालाब हों। आर0एफ0एफ0 की लाभुक समिति भी इसके आवेदक हो सकते है।

| क0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) | ईकाई लागत (रू) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मछली–सह– बतख पालन | 05 | मो01,53,350/– (प्रति 0.4 हे0) | अ0ज0जा0/अ0जा0/महिला – मो01,22,680/– रू0 प्रति ईकाई (80%) | 30,670/– (20%) | |
| | | | | सामान्य– मो01,07,345/–रू0 प्रति ईकाई (70%) | 46,005/– (30%) | |

एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिये गये विवरणों के आलोक में चतरा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एवं आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अपना अंशदान लगाने हेतु सक्षम हैं, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 05.06.2023
आवेदन जमा करने का स्थान : जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 297405 Fish(23-24)#D

दो गज दूरी, मास्क है जरूरी

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(3rd Call)

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23** दिनांक 15.05.2023

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | Cheri group of svs scheme under Panchayat Dabra, Block Lesliganj (Group No. 17) | 4 | 3185670.00 | 64000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | Total :- | 4 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 16.05.2023 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 16.05.2023 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 22.05.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 23.05.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 24.05.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 297427 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 10/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.05.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 31.05.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.05.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट एस0ओ0एस0 बैरक एवं मनोरंजन कक्ष/कम्पनी स्टोर (18'x60') –01 नग का निर्माण कार्य | 2263700 /- | 46000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट कोत/मैगजीनटोर (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट कम्पनी ऑफीस (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, कुक हाउस/डायनिंग हॉल (16'x48') –01 नग का निर्माण कार्य | 1293800/- | 26000/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एलिभेटेड मोर्चा–02 नग का निर्माण कार्य | 1855400/- | 37500/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एलिभेटेड वाटर टैंक–01 नग का निर्माण कार्य | 355300/- | 7500/- | 750/- | 02 (Two) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, सिग्नल सेंटर (16'x16') –01 नग का निर्माण कार्य | 1249100/- | 25000/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत नावाटोली पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एक अद्द गेट पिलर के साथ निर्माण कार्य | 197650/- | 4000/- | 500/- | 01 (One) Month |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट एस0ओ0एस0 बैरक एवं मनोरंजन कक्ष/कम्पनी स्टोर (18'x60') –01 नग का निर्माण कार्य | 2263700/- | 46000/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट कोत/मैगजीनटोर (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट कम्पनी ऑफीस (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, कुक हाउस/डायनिंग हॉल (16'x48') –01 नग का निर्माण कार्य | 1293800/- | 26000/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 14 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एलिभेटेड मोर्चा–02 नग का निर्माण कार्य | 1855400/- | 37500/- | 5000/- | 03 (Three) Months |
| 15 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एलिभेटेड वाटर टैंक–01 नग का निर्माण कार्य | 355300/- | 7500/- | 750/- | 02 (Two) Months |
| 16 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, सिग्नल सेंटर (16'x16') –01 नग का निर्माण कार्य | 1249100/- | 25000/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 17 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, पोटाहट (18'x32') –01 नग का निर्माण कार्य | 1202000/- | 24500/- | 2500/- | 03 (Three) Months |
| 18 | लातेहार जिलान्तर्गत तिसीया पिकेट, बारेसाढ़ थाना में, एक अद्द गेट पिलर के साथ निर्माण कार्य | 197650/- | 4000/- | 500/- | 01 (One) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

नोटः–

1. **Tender Fee 2%** अग्रधन की राशि Update Character, PAN, UCAN, G.S.T Certificate, up to date G.S.T Return Certificate, तथा निबंधन प्रमाण–पत्र, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2146(s) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

PR.NO.297389 Building(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार, 16 मई, 2023



ज्ञान की बात

**'ज्ञान ध्यान से पैदा होता? है और ध्यान के बिना ज्ञान खो जाता है इसलिए ज्ञान की प्राप्ति और हानि के इस दोहरे मार्ग को जानकर, व्यक्ति को खुद को इस तरह साधना चाहिए कि ज्ञान में वृद्धि हो' – गौतम बुद्ध**



# कर्नाटक का जनादेश

***कर्नाटक*** ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है। 224 सीटों वाली विधानसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तीन दशक में सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए 135 सीटें हासिल की हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 66 व जनता दल (एस) को 19 सीटें मिली हैं। इस चुनाव नतीजे ने जहां बाकी राज्यों-राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को नई ताकत दी है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को बड़ा झटका दिया है।

परिणाम से साफ है कि भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। जनता में सरकार के खिलाफ इतनी नाराजगी थी कि जनसरोकार के मुद्दों को 'भावनाओं के ज्वार' में भी डुबाया नहीं जा सका। राज्य में पार्टी को तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बीएस येद्दियुरप्पा को साइड लाइन करने और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार और पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी को टिकट नहीं देने की वजह से लिंगायत समुदाय में भी नाराजगी दिखी है। ये सभी लिंगायत समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं, जिनको नजरअंदाज करना कहीं न कहीं पार्टी को भारी पड़ी है।

**यह जहां कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष के लिए 2024 से पहले माहौल बनाने का अच्छा मौका है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा के लिए इसने आत्ममंथन कर अपनी कमियों को दूर करने का अवसर प्रदान किया है।**

वहीं, कांग्रेस की बात करें तो उसके पास डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया जैसे मजबूत स्थानीय नेता थे। पार्टी ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को केंद्र में रखते हुए जोर-शोर से उठाया और भाजपा इसकी काट खोज नहीं पाई। हालांकि बजरंगबली का मुद्दा हो या मुस्लिम आरक्षण खत्म करने का मुद्दा, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने अपनी तरफ से 'सांप्रदायिक ध्रुवीकरण' की कोशिश तो पूरी की, लेकिन कर्नाटक की जनता ने इसमें बहुत दिलचस्पी नहीं ली। भाजपा न ही अपने कोर वोट बैंक लिंगायत समुदाय को अपने साथ जोड़े रख पाई और न ही दलित, आदिवासी, ओबीसी और वोक्कालिंगा समुदाय का दिल जीत सकी। इस हार के साथ ही दक्षिण भारत से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है और पार्टी को मिशन-साउथ में बड़ा धक्का लगा है। दक्षिण के छह राज्यों में 130 लोकसभा सीटें (25 फीसदी) आती हैं। ऐसे में केंद्र में सरकार बनाने के लिहाज से दक्षिण भारत भी काफी महत्वपूर्ण है।

भाजपा ने कर्नाटक का चुनाव भी प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़ा, लेकिन वह भी नतीजे को बदल नहीं पाए। इससे आने वाले चुनावों में संदेश जा सकता है कि पीएम मोदी का चेहरा अब उतना असरदार नहीं रह गया है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व को अपनी रणनीति पर विचार करने की जरूरत है। यह सच है कि हाल के कई वर्षों के दौरान कर्नाटक में सरकार को बदलने का चलन रहा है, लेकिन क्या कारण रहा कि जिस राज्य के जरिए भाजपा दक्षिण में अपना पैर पसारना चाहती थी, वहां उसे ऐसी अपमानजनक हार झेलनी पड़ी? कर्नाटक का संदेश साफ है कि जनता के सवालों को भावनात्मक मुद्दों से दबाकर चुनाव नहीं जीता जा सकता।

कर्नाटक के चुनाव नतीजों से राहुल गांधी और कांग्रेस की इमेज पर सकारात्मक असर होगा। साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी एकता को मजबूत करने का रास्ता भी खुल सकता है। कुल मिलाकर, कर्नाटक का जनादेश जहां कांग्रेस और पूरे विपक्ष के लिए 2024 में बड़ी लड़ाई से पहले माहौल बनाने का अच्छा मौका है और यह उसके लिए संजीवनी का काम करेगा, वहीं प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के लिए इसने आत्ममंथन कर अपनी कमियों को दूर करने का अवसर प्रदान किया है।

# आखिर क्यों बरकरार रहा उप्र निकाय चुनाव में योगी मैजिक





आर.के.सिन्हा

***आगामी*** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले हरेक विधनासभा और नगर निगम चुनाव पर सारे देश की निगाहें रहने वाली हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कर्नाटक विधानसभा और उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव का नतीजा देखना होगा। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी को निराशा हाथ लगी लेकिन उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव ने पार्टी को जश्न मनाने का पूरा मौका दिया है। अभी देश में सिर्फ और सिर्फ कर्नाटक चुनाव की ही चर्चा हो रही है। जबकि, उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में कर्नाटक में जितने मतदाताओं ने भाग लिया उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया । अतः मैं तो आज उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव की ही चर्चा करूंगा । भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगम में अपना परचम लहराया है। इसके अतिरिक्त सभी अन्य निकाय में भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया , ऐसा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । बेशक, इस चुनाव परिणाम से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ का तो हौसला बढ़ेगा ही, ताज्जुब नहीं की लोकसभा चुनाव प्रचार में योगी के 'उत्तर प्रदेश मॉडल' की गूंज सुनाई दे । सर्वाधिक लोकसभा सीट वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा था। चाहे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल हों, विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी या कांग्रेस हों। प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए यह निकाय चुनाव उतना ही मायने रखता था। सभी दल अपने-अपने हिसाब से जोर भी खूब लगा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निकाय चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यह पहला चुनाव था, जो 'अकेले' योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लड़ रही थी। योगी के ऊपर पूरे चुनाव का दारोमदार था। ऐसे में जीत का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को ही मिलना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश नगर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है। 2017 के विधानसभा चुनाव से लेकर उत्तर प्रदेश में हुए अब तक के हर चुनाव पर नजर डालें तो योगी की छवि कद्दावर नेता के तौर पर उभरी है। 2017 में योगी आदित्यनाथ जब भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बनाये गये तो उनकी अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने पहला चुनाव, नगर निकाय का ही लड़ा था। उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कुल 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी, यही नहीं 70 नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में 100 सीटों पर जीत के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद इस परिणाम के बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम की प्रशंसा की थी लेकिन चुनावी पंडितों ने जीत की वजह 'मोदी मैजिक' को ही बताया था। इसके पांच साल बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दोबारा उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की। इस प्रचंड जीत से योगी की बेहतर प्रशासक की छवि पुष्ट हुई। लेकिन राजनीतिक पंडित अभी भी इस सवाल से जूझ रहे थे कि क्या योगी अकेले पार्टी की चुनावी नैया पार लगा सकते हैं? कर्नाटक

**योगी आदित्यनाथ ने महज 13 दिन में 'संवाद का अर्धशतक' लगाया, 50 रैलियां की। सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमाम दूसरी पार्टियों की तुलना में योगी ने चुनाव प्रचार में कहीं ज्यादा पसीना बहाया।**

**इन दिनों**

विधानसभा और उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव एक साथ हुए। चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की पूरी केंद्रीय टीम ने कर्नाटक में ताकत झोंक रखी थी। योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में अकेले ही मोर्चे पर डटे रहे। वह अपने मंत्रियों, विधायकों के साथ राज्य भारतीय जनता पार्टी टीम की अगुवाई कर रहे थे। निकाय चुनाव की योगी के लिए क्या अहमियत थी इसका अंदाजा चुनावी रैलियों से लगाया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ ने महज 13 दिन में 'संवाद का अर्धशतक' लगाया, 50 रैलियां की। सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमाम दूसरी पार्टियों की तुलना में योगी ने चुनाव प्रचार में कहीं ज्यादा पसीना बहाया। हर दिन वो अलग-अलग जिलों के दौरे पर रहे। इतना ही नहीं निकाय चुनाव के बीच में तीन दिन कर्नाटक में भी चुनाव प्रचार किया । मुख्यमंत्री ने प्रत्येक चुनावी रैली में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता, उत्तर प्रदेश में नये मेडिकल कॉलेज, हाइवे समेत इंफ्रास्ट्रक्कर एवं चौतरफा विकास पर खूब बोला । लेकिन , सबसे ज्यादा जोर अपराधियों के खिलाफ एक्शन पर दिया। पूरे चुनाव में 'माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे' वाला बयान सर्वाधिक चर्चा में रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का बुलडोजर एक्शन से लेकर शूटर्स का एनकाउंटर हो या माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस कस्टडी में हत्या। भारतीय जनता पार्टी ने हाल के इन घटनाक्रमों को इस तरह से पेश किया जैसे योगी सरकार में ही यह संभव था। अतीक-अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बिना कहा भी था कि यहां की धरती अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती। प्रकृति न्याय जरूर करती है। जो जैसा करेगा, उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने उनके साथ न्याय कर दिया। इसी निकाय चुनाव के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने दुर्दांत गैंगस्टर अनिल दुजाना को एनकाउंटर में मार गिराया, जिसकी खूब चर्चा हुई। अपनी रैलियों में योगी ने 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा।' और 'रंगदारी न फिरौती, अब उत्तर प्रदेश नहीं है किसी की बपौती', जैसे लोकप्रिय नारे गढ़े। योगी आदित्यनाथ ने तो नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम तक कह डाला था। सहारनपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव देवासुर संग्राम से कम नहीं है। चुनाव में दानव के रूप में भ्रष्टाचारी हैं, दुराचारी हैं और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। जनता की मदद से निकाय चुनाव में ऐसी ताकतों को किनारे लगा देना है। सहारनपुर में बसपा उम्मीदवार इमरान मसूद चुनाव को हिंदू-मुसलमान में बांटने की कोशिश करते रहे। पर वे नाकाम रहे। वे हारे, भारतीय जनता पार्टी जीती। योगी सरकार एक तरफ चौतरफा विकास पर ध्यान दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ कानून व्यवस्था की बेहतरी पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। दुर्दांत माफिया पर नकेल कसने के साथ सतत पुलिस सुधारों की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे है। कानून व्यवस्था की स्थिति सुधरने की वजह से निवेश बढ़ा है। कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज न केवल घरेलू बल्कि विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहा है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें बद्रीनाथ धाम की कथा*

***तो*** उनसे यह जगह कैसे मांगे, फिर नारायण ने एक लीला रची वह ऋषि गंगा के समीप जाकर एक शिला मे उन्होंने एक नन्हे बालक का रूप लिया और जोर जोर से रोने लगे। उस शिला को लीला ढूँगी के नाम से जाना जाता है। बालक की रोने के आवाज तीनो लोको में गूंजने लगी। भगवान महादेव शिव, नारायण की लीला को समझ चुके थे। लेकिन जगत माता पार्वती, ममता के अधीन होकर ये न जान पायी की यह नारायण की लीला है। माँ पार्वती ममता से विभोर होकर भगवान शिव से कहने लगी। इस प्यारे से बालक को न जाने कौन यहाँ छोड़ गया है मुझसे अब इसका रोना नहीं देखा जाता, अगर आपकी आज्ञा हो तो मैं बालक को देख के आ जाऊ, भगवान शिव जो, भगवान नारायण की लीला को जान चुके थे उसका आनंद ले रहे थे। फिर उन्होंने माता से कहा जिसका बालक होगा वो स्वयं ही ले जायेगा। अगर आपको फिर भी जाना है तो आप बालक को देख के आ जाओ । माँ पार्वती बालक के पास गयी और नारायण के उस सुंदर बालक के रूप को देख कर बालक को गोदी में उठाये बिना नहीं रह पायी। बालक भी माता की गोदी में जाकर शांत हो गया। फिर माता उस बालक को अपने साथ ले गयी और भगवान शिव से कहा की इस नन्हे से बालक को मैं अपने पास यही रख लूँ। महादेव जो नारायण की लीला को देख कर मन ही मन मुस्करा रहे थे माता से बोले रख तो लो पर बाद में पछताना मत। माता ने कहा यह तो बालक है, इसको अपने साथ रखने मे पछताना कैसा और फिर माता ने उस बालक को सुला दिया। माता पार्वती और भगवान शिव स्नान ध्यान करने गये और जब वापस आये तो देखा जहाँ बालक थे वहां चतुभुर्जी श्री नारायण हैं। माता ने नारायण को देखा और कहा आप यहाँ कैसे आपके यहाँ आने का प्रयोजन और बालक कहाँ गया।

*(क्रमशः)*

# डेंगू का प्रभाव खतरनाक बचाव ही उपाय



योगेश कुमार गोयल

***डेंगू*** वैसे तो प्रतिवर्ष खासकर बारिश के मौसम में लोगों पर कहर बनकर टूटता रहा है। देश के अनेक राज्यों में अब हर साल डेंगू का प्रकोप देखा जाने लगा है। हजारों लोग डेंगू से पीड़ित होकर अस्पतालों में भर्ती होते हैं। इनमें से दर्जनों लोग मौत के मुंह में भी समा जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू की दस्तक हर साल सुनाई पड़ती है किन्तु हर तीन-चार वर्ष के अंतराल पर डेंगू एक महामारी के रूप में उभरकर सामने आता है। डेंगू की दस्तक के बाद प्रशासन की नींद टूटती है। तब जगह-जगह फैले कचरे और गंदगी के ढेर तथा विभिन्न अस्पतालों में सही तरीके से साफ-सफाई न होने और अस्पतालों में भी मच्छरों का प्रकोप दिखता है। प्रशासनिक लापरवाही का आलम यही रहता है कि ऐसी कोई बीमारी फैलने के बाद एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जिम्मेदारी से बचने की होड़ दिखाई देती है। डेंगू का प्रकोप अब पहले के मुकाबले और भी भयावह इसलिए होता जा रहा है। अब डेंगू के कई ऐसे मरीज भी देखे जाने लगे हैं, जिनमें डेंगू के अलावा मलेरिया के भी लक्षण होते हैं और दोनों बीमारियों के एक साथ धावा बोलने से कुछ मामलों में स्थिति बेहद खतरनाक हो जाती है। पिछले कुछ वर्षों से डेंगू के कुछ ऐसे मामले भी सामने आने लगे हैं, जब सप्ताह भर बाद ही रोगी के शरीर में ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं और रोगी दम तोड़ देता है। कुछ ऐसे मरीज भी देखे जाते हैं, जिनमें डेंगू के शिकार होने के बावजूद बुखार और तेज सिरदर्द जैसे डेंगू में आम लक्षण नदारद होते हैं। ऐसे मरीज केवल शारीरिक थकान की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, जहां उनमें रक्त जांच के बाद डेंगू की पुष्टि होती है। आमतौर पर सामने आने वाले लक्षणों रहित ऐसे मामले अब डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का सबब बनने लगे हैं। डेंगू बुखार एक वायरल संक्रमण है। यह एक खतरनाक बीमारी है, जो ऐडीस मच्छर के काटने से होती है, जो हमारे घरों के आसपास भरे पानी में ही पनपता है। ऐडीस मच्छर काले रंग का स्पॉटेड मच्छर होता है, जो प्रायः दिन में ही काटता है। डेंगू का वायरस शरीर में प्रविष्ट होने के बाद सीधे शरीर के प्रतिरोधी तंत्र पर हमला करता है। इस मच्छर का सफाया करके ही इस बीमारी से पूरी तरह से बचा जा सकता है। प्रायः मानसून के बाद ही डेंगू के ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं। डेंगू प्रायः दो से पांच दिनों के भीतर गंभीर रूप धारण कर लेता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो सकता है और रोगी समझने लगता है कि वह ठीक हो गया है लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है बल्कि यह स्थिति और भी खतरनाक होती है। अतः बेहद जरूरी है कि आपको पता हो कि डेंगू बुखार होने पर शरीर में क्या-क्या प्रमुख लक्षण उभरते हैं। डेंगू के अधिकांश लक्षण मलेरिया से मिलते-जुलते होते हैं लेकिन कुछ लक्षण अलग भी होते हैं। तेज बुखार, गले में खराश, ठंड लगना, बहुत तेज सिरदर्द, थकावट, कमर व आंखों की पुतलियों में दर्द, मसूडों, नाक, गुदा व मूत्र नलिका से खून आना, मितली व उल्टी आना, मांसपेशियों व जोड़ों में असहनीय दर्द, हीमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि, शरीर पर लाल चकत्ते (खासकर छाती पर लाल-लाल दाने उभर आना), रक्त प्लेटलेट (बिम्बाणुओं) की संख्या में भारी गिरावट इत्यादि डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। बीमारी कोई भी हो, उसके उपचार से बेहतर उससे बचाव ही होता है और डेंगू के मामले में तो बचाव ही सबसे बड़ा हथियार माना गया है।

**डेंगू की दस्तक हर साल सुनाई पड़ती है, किन्तु हर तीन-चार वर्ष के अंतराल पर डेंगू एक महामारी के रूप में उभरकर सामने आता है। डेंगू की दस्तक के बाद प्रशासन की नींद टूटती है।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

सच्चाई के रास्ते पे चलना आसान होता है....

क्योंकि इस रास्ते पर भीड़ कम होती है.... :)

# बड़े राज्यों की चुनावी तैयारी में जुट गयी है भाजपा



अजय कुमार

***मोदी*** सरकार ने 2030 तक गरीबी हटाने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए भले ही एक समय सीमा तय कर दी हो, परंतु भारतीय जनता पार्टी को भी संभवतः इस बात का अहसास हो गया है कि अब चुनाव गरीबी और गरीबों के सहारे नहीं जीते जा सकते हैं। कर्नाटक चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी अपने दूसरे लक्ष्य पर निकल पड़ी है। लोकसभा चुनाव से पूर्व अब जिन चार राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में चुनाव होना है, उसमें तीन हिन्दी शासित प्रदेश हैं। इसमें से राजस्थान को लेकर भारतीय जनता पार्टी काफी आश्वस्त है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक तरफ राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ उन्हीं के सचिन पायलट जैसे नेता मोर्चा खोले हुए हैं तो राजस्थान में प्रत्येक पांच वर्षों के बाद सरकार बदलने की परिपाटी भी रही है। बात मध्य प्रदेश की कि जाय तो यहां पिछली बार बीजेपी-कांग्रेस किसी को भी बहुमत नहीं मिला था, लेकिन कांग्रेस ने यहां गठबंधन की सरकार बना ली थी, जिसके मुखिया कमलनाथ जैसे तेज तर्रार नेता थे, परंतु बाद में पासा ऐसा पलटा कि बीजेपी फिर से सत्ता की सीढ़ियां चढ़ गई और शिवराज सिंह की मुख्यमंत्री के रूप में पुनः ताजपोशी हो गई थी। इसलिए मध्य प्रदेश को लेकर बीजेपी चिंतित नजर आ रही है। राजस्थान की तरह छत्तीसगढ़ से भी बीजेपी को काफी उम्मीदें हैं। यहां जिस तरह से नक्सली पांव पसार रहे हैं उससे यहां की कांग्रेस सरकार पर उगलियां उठ रही हैं, इसके अलावा यहां की जनता सीएम बघेल से भी सब संतुष्ट नहीं है। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में यहां बीजेपी को अप्रत्याशित रूप से हार का सामना करना पड़ा था, हाल फिलहाल में यहां बीजेपी को उस समय बड़ा छटका लगा जब छत्तीसगढ़ में भाजपा के सबसे बड़े आदिवासी नेता नंदकुमार साय कांग्रेस में शामिल हो गये। वे 3 बार विधायक, 3 बार लोकसभा सदस्य, दो बार राज्यसभा सदस्य रहे और अविभाजित मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भी रहे। साय जनसंघ के समय के पार्टी के नेता हैं। छत्तीसगढ़ में एक तिहाई आबादी आदिवासियों की है और लगभग इतनी ही सीटें 29 (90 में से) उनके लिए आरक्षित हैं। बात तेलंगाना की कि जाए तो यहां पिछले कुछ समय में बीजेपी ने बहुत मेहनत की है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए यहां सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। कभी बीजेपी के लिए अछूत रहे इस राज्य से पार्टी को काफी उम्मीदें हैं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निकाय के चुनावी नतीजों से भी पार्टी को दक्षिण भारत के इस महत्वपूर्ण सूबे में उम्मीद की किरण दिख रही है। बीजेपी को तेलंगाना के पिछले विधानसभा चुनाव यानी साल 2018 के विधानसभा चुनाव में महज एक सीट पर जीत मिली थी, परंतु 2019 में लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रदर्शन में सुधार हुआ और पार्टी चार सीटें जीतने में सफल रही। विधानसभा क्षेत्र के लिहाज से देखें तो बीजेपी भले ही एक सीटें जीतने में सफल रही हो, लेकिन 2019 में जिन चार लोकसभा सीटों पर जीती थी, उस लिहाज से उसे 21 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में इस प्रदर्शन ने तेलंगाना बीजेपी में उत्साह का संचार कर दिया और पार्टी को सूबे में सियासी संभावनाएं बेहतर नजर आने लगीं। बहरहाल, विधानसभा चुनाव के नतीजों से लोकसभा की तस्वीर कोई ज्यादा स्पष्ट नहीं होती है, लेकिन इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे बीजेपी के पक्ष में भले नहीं आते हों, वहां भी लोकसभा चुनाव में मोदी के नाम पर खूब वोट पड़ते हैं।

**पिछली बार बीजेपी-कांग्रेस किसी को भी बहुमत नहीं मिला था, लेकिन कांग्रेस ने यहां गठबंधन की सरकार बना ली थी, जिसके मुखिया कमलनाथ जैसे तेज तर्रार नेता थे।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चॉकलेट और मिंट की मदद से समर में बनाएं लिप बाम

अगर आप अपने लिप बाम को ब्राउन-चॉकलेट कलर देना चाहती हैं और उसमें कोको की सुगंध को और भी अधिक मजबूत बनाना चाहती हैं तो ऐसे में उसमें 1/2 से 1 बड़ा चम्मच अतिरिक्त अनस्वीटन कोको बटर मिलाया जा सकता है। अक्सर यह देखने में आता है कि लड़कियां अपनी स्किन का तो पूरा ख्याल रखती हैं, लेकिन लिप्स को अक्सर भूल जाती हैं। जबकि लिप्स की स्किन काफी पतली होती है और इसलिए उसे अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अमूमन उसे खूबसूरत दिखाने के लिए लिपस्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। जबकि आपको उसे सही तरह से पैम्पर करना चाहिए। ऐसे में लिप्स को मॉइश्चराइज करने और उनकी खूबसूरती बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है कि लिप बाम का इस्तेमाल किया जाए। यूं तो आपको मार्केट में भी लिप बाम मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे खुद घर पर भी बना सकती हैं।

- 2 बड़े चम्मच नारियल का तेल
- 1 बड़ा चम्मच कोको बटर
- 1.5 बड़ा चम्मच बीवैक्स
- 10 बूंद पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल



## लिप बाम बनाने के तरीके

- सबसे पहले एक डबल बॉयलर लें और उसमें नारियल तेल, कोको बटर और बीवैक्स डालकर पिघलाएं।
- आप इसे चम्मच की मदद से तब तक हिलाएं जब तक कि बीवैक्स पूरी तरह से पिघल न जाए।
- जब यह पिघल जाए तो इसे आंच से उतार लें और अब इसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह से हिलाएं।
- अब आप इसे जल्दी से लिप बाम ट्यूब या टिन भरें।
- इसे पूरी तरह से सख्त होने के लिए लगभग एक घंटे के लिए ठंडा होने दें।
- आपकी लिप बाम बनकर तैयार है। आप इसे नियमित रूप से आसानी से इस्तेमाल कर सकती हैं।

## नोट्स

- अगर आप अपने लिप बाम को ब्राउन-चॉकलेट कलर देना चाहती हैं और उसमें कोको की सुगंध को और भी अधिक मजबूत बनाना चाहती हैं तो ऐसे में उसमें 1/2 से 1 बड़ा चम्मच अतिरिक्त अनस्वीटन कोको बटर मिलाया जा सकता है।
- आपसे कोई गड़बड़ ना हो, इसलिए आपका माप एकदम सटीक होना चाहिए। इसके लिए आप कुछ किचन स्केल का उपयोग कर सकते हैं।
- ये लिप बाम जल्दी मेल्ट हो सकते हैं, इसलिए इन्हें सीधी गर्मी और धूप से दूर रखें। अगर कार में लिप बाम रख रहे हैं, तो लिप बाम को सीधा रखें ताकि गर्म होने पर उसकी शेप बिगड़ ना जाए।

❖ **मिताली जैन**

# आज-कल ट्रेंड में है ब्लू रंग का आई लाइनर



आज के समय में हर लड़की व महिला खूबसूरत दिखना चाहती है। लड़कियों को आंखों में आई लाइनर लगाने का काफी क्रेज देखा जाता है। क्या आप जानती हैं कि इन दिनों ब्लू आई लाइनर काफी ट्रेंड में है। आज के समय में हर महिला और लड़की खूबसूरत दिखना चाहती है। आजकल लड़कियां ऑफिस और कॉलेज में भी स्टाइलिश बनकर जाना पसंद करती हैं। हर महिला के जीवन का मेकअप सबसे जरूरी हिस्सा है। लड़कियां खूबसूरती बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। कहा जाता है कि अगर लड़कियां सिर्फ आखों पर ही मेकअप कर लें और सिर्फ लिपस्टिक लगा लें तो वह इंस्टेंट तैयार हो सकती हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए आई मेकअप की एक ऐसी चीज के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से आप अपनी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा सकती हैं। बता दें कि लड़कियों को आंखों में लाइनर लगाने का काफी क्रेज देखा जाता है। ऐसे में अगर आपको भी ज्यादा हैवी मेकअप पसंद नहीं है तो सिर्फ आंखों में आई लाइनर लगा सकती हैं। हालांकि ब्लैक कलर के आई लाइनर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन बता दें कि आजकल ब्लू आई लाइनर काफी ट्रेंड में है।

**ऐसे करें अप्लाई :** अगर आप ब्लू रंग का ड्रैमेटिक विंग आई लाइनर लगाना चाहती हैं तो सबसे पहले आंखों में प्राइमर लगाएं। फिर फाउंडेशन कर मेकअप का बेस तैयार कर लें। जब यह सूख जाए तो आंखों में विंग आई लाइनर लगा लें।

**इनर आई का भी रखें ख्याल :** आईलाइनर लगाने के दौरान इस बात का जरूर ध्यान रखें कि आपकी आंखें इनर आई की वजह से ही खूबसूरत दिखती हैं। ऐसे में एंगुलर ब्रश पर थोड़ा सा ब्लू आईलाइनर लेकर उसे इनर कॉर्नर पर अप्लाई करें। इस तरह से आईलाइनर लगाने के बाद आपकी आंखों का शेप थोड़ा अलगा लगेगा।

**रेट्रो लुक :** आज-कल रेट्रो लुक भी काफी ट्रेंड में है। रेट्रो लुक के लिए सबसे पहले आईलिड पर ब्लैक विंग बनाएं। फिर इसके बाद लोअर लैश लाइन पर ब्लू लाइनर लगाएं। अब आखिरी में इनर कॉर्नर पर ब्लू लाइनर से विंग बनाकर अपने लुक को कंप्लीट करें। यह लुक आपको स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

**ब्लू वॉटर लाइन :** अगर आप आंखों की लोअर लिड पर ब्लू लाइनर लगाती हैं तो यह भी आपको अलग लुक देने में मदद करेगा। ब्लू लाइनर की मदद से आप ट्रेंडी दिख सकती हैं।

# स्किन की देखभाल के लिए इस तरह बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। स्किन की देखभाल का सबसे पहला नियम होता है कि आप अपनी स्किन और मौसम को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर प्रोडक्ट्स का चयन करें। यूं तो मार्केट कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स से अटा पड़ा है, लेकिन अगर स्किन की देखभाल के लिए घर पर ही इन प्रोडक्ट्स को तैयार किया जाए तो इसे सबसे अच्छा माना जाता है। यह ना केवल पॉकेट फ्रेंडली होता है, बल्कि नेचुरल होने के कारण इनसे स्किन को किसी तरह का नुकसान भी नहीं होता है। चूंकि अब गर्मियों का मौसम हैं तो ऐसे में आप स्किन की केयर के लिए घर पर ही टोनर बना सकते हैं। आप कई अलग-अलग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करते हुए इसे बनाएं।



## ग्रीन टी टोनर

यह स्किन टोनर एजिंग स्किन के लिए काफी अच्छा है। एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण ग्रीन टी फ्री रेडिकल्स को बेअसर कर सकती है और स्किन को यंगर बनाती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कप ग्रीन टी तैयार करें। अब आप इसे ठंडा होने दें। फिर इसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की पांच से छह बूंदें डालकर मिक्स करें। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

## खीरे से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। अब आप ब्लेंड किए हुए खीरे को एक साफ कपड़े से छान लें। खीरे के रस में रुई या रुई डुबोएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद साफ पानी से चेहरा धो लें।

## एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर

गर्मी के मौसम में एलोवेरा जेल से बेहतर दूसरा कोई स्किन केयर इंग्रीडिएंट नहीं हो सकता है। यह ना केवल आपकी स्किन को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसकी हीलिंग प्रॉपर्टीज भी आपकी स्किन को बेदाग बनाने में मदद करती है। एलोवेरा जेल से टोनर बनाने के लिए एक बाउल में आधा कप एलोवेरा जेल और आधा कप रोज वाटर डालकर मिक्स करें। जब यह अच्छी तरह ब्लेंड हो जाए तो आप इसे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

# चिपकाऊ लेखक



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक सीधे-सादे लेखक को एक नारियल पकड़ाते हुए फोटो खिंचवाना और फिर उसे सोशल मीडिया पर डाल देना बताता है कि बंदे के अंदर अब सहिष्णुता की क्षमता उफान पर है, उसे यह समझ नहीं आता कि वह उसका क्या करे। नारियल सिर पर फोड़े या घर वालों को फोड़ने को दे समझ नहीं आता। घर वाले इस उम्मीद से झोला देखने की कोशिश करते हैं कि उसमें से उनके काम की कोई चीज निकल आए। पता चला कि साहब बदले में और दो-चार पुस्तकें उठा लाएं। एक बार के लिए आदमी कोरोना वायरस से ठीक हो सकता है किंतु पुस्तकों की लेन-देन से कभी नहीं। अब इस बीमारी को पालने के लिए एक अदद पुरस्कार तो बनता ही है। यह पुरस्कार सिर्फ इसलिए नहीं कि उसने यह बीमारी पाल ली है, और इसलिए भी नहीं कि बड़े साहस के साथ उस बीमारी को झोला में साथ ले आया है, बल्कि पुस्तक लेन-देन बीमारी में खुद को झोंक दिया बल्कि इसलिए भी कि उसने एक अदद पुस्तक से पता नहीं कितने लोगों का दिमाग खराब किया है। यह करिश्माई हुनर सिर्फ चिपकाऊ लेखकों के पास है। इसीलिए साल के 365 दिन कहीं न कहीं पुरस्कार बांटने का पर्व चलता रहता है। इसीलिए कुकुरमुत्तों की तरह लेखक पनप रहे हैं।

पुरस्कार एक तरह से सम्मान है। चिपकाऊ लेखकों के जीवन में सम्मान का विशिष्ट महत्त्व होता है। इस नश्वर संसार में एक सम्मान ही तो है जिसके कारण मरने के बाद भी अपने नाम के जीवित रहने के सुख से आनन्दित रहा जा सकता है। एक सम्मान की खातिर ही हम खेतों की मेड़ को लेकर या तुच्छ नाली के बहाव को लेकर भिड़ जाते हैं। इसीलिए चिपकाऊ लेखकों का सम्पूर्ण जीवन पुरस्कार रूपी सम्मान के इर्द-गिर्द ही घूमता है। पुरस्कारों के औचित्य के मूल में यही सम्मान है। वैसे तो हर क्षेत्र में पुरस्कारों की खास माँग रहती है, पर साहित्य सृजन और जनसेवा की फील्ड में इसका जबरदस्त स्कोप है। ओढ़ाने वाली शाल, माला और राशि इसके आवश्यक तत्त्व हैं। इनके बिना पुरस्कार की क्रियाविधि सम्पूर्ण नहीं मानी जाती है, इसलिए कई बार जब पुरस्कार प्रदाता के पास देने के नाम पर सिर्फ अपने कर-कमल ही होते हैं, पुरस्कार प्राप्तकर्ता को यह व्यवस्था स्वयं के प्रयासों से जुटानी पड़ती है। पुरस्कार सिर्फ आनंद और पहचान ही नहीं देता बल्कि साहित्य-सृजन के लिए उर्वर परिस्थितियां भी तैयार करता है, एक उत्साहपरक माहौल देता है। प्रायः देखा गया है कि पुरस्कार की चाहत ने ऐसों-ऐसों को लेखक बना दिया है जो 'मसि कागद छुयो नहि, कलम गह्यो नहि हाथ' की धारणा में खुलकर यकीन रखते थे। कुछ लोग तो पुरस्कार के चक्कर में कई किताबें लिख मारते हैं। वह रचनात्मक होते-होते दर-रचनात्मक हो जाते हैं। उनके विपुल साहित्य सृजन के पठन का भार पाठक वर्ग के कोमल कंधों पर आ गिरता है जो पहले से ही पठन-पाठन की निस्सारता को समझ अपने कंधे को भारमुक्त रखने की प्रतिज्ञा ले चुका है। यद्यपि यह साहित्यिक संस्कारों के अंतिम संस्कार के और मूल्यहीनता के लक्षण हैं, तथापि हमारी सामाजिक चेतना अभी इतनी कमजोर नहीं हुई है कि वह अपने किसी भाई के पुरस्कार हासिल करने पर खुशी न जता सके। और यही पुरस्कार की महत्ता भी है कि लोग यह जाने बिना कि अमुक एवार्ड किस लिए दिया गया है, सिर्फ घोषणा सुनते ही पुरस्कृत व्यक्ति के प्रति श्रद्धावनत हो जाते हैं। पुरस्कार का एक फायदा यह भी है कि आप कभी भी वापसी की घोषणा कर घर बैठे हाइलाइट हो सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6701

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6700 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**16 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.20 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.18 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.31 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.48 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 13.59 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.10 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.25 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 20.41 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 22.46 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 00.33 बजे से |
| | | मीन | 02.05 बजे से |
| | | मेष | 03.36 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 136 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 23.37 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 08.15 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 23.15 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 12.18 बजे तदनन्तर तैतिल 23.37 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871615 **जूलियन दिन** 2460080.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** सव्वाल **तारीख** 25

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7763



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश वंदना-3
3.हाथ की तीसरी अंगुली-4
5.आगमन-2
6.स्वादिष्ट-3
7.हरसिंगार,पारिजात-2
8.क्रिकेट में बनते हैं-2
10.खौलना,उबलना-5
12.धनवान-3
15.खोदना-3
17.चुनाव,चयन-5
20.नसीब(अंग्रेजी-2)
22.कलर-2
23.रक्षक,संकटमोचक-3
24.कार्य,काज-2
25.सुंघनी,नस-4
26.पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1.रुपए का सोलहवां भाग-2
2.कुलबुलाना,तड़पना-5
3.जो कभी बूढ़ा न हो-3
4.बंदूक की गोली-4
5.अभिलेख,लेख-3
7.रात,रात्रि (उर्दू-2)
9.मादा का विलोम-2
11.धुन,लगाव-3
13.चरित्र,नीयत-3
14.तफरीह-5
15.अनाज रखने की जगह-4
16.टोंटी,नलका-2
18.बहुमूल्य रत्न-2
19.अनाथ,बेसहारा-3
21.डोली उठाने वाले-3
24.सफेद का विलोम -2

**शब्द पहेली -7762 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। साहित्य एवं लेखनकार्य के लिए समय अच्छा है। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। किसी के वाणी और व्यवहार से आपको ठेस लग सकती है।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आय में स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक विषयों में संभलकर निर्णय लें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सकारात्मक संभावनाओं से भरा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अचानक धन लाभ होने की संभावना जरूर बन रही है, लेकिन व्यापार करने वालों को कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहने की संभावना है। कारोबार में अच्छा लाभ होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा मिल सकता है। किसी दोस्त या जीवनसाथी से शुभ समाचार मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निवेश के लिए समय अधिक अनुकूल है। धनप्राप्ति के योग हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आय के नवीन साधन प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे। रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

**मकर राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक है। कारोबार के प्रति गंभीर रहेंगे और धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी। आय में वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक आयोजन भी कर सकेंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ रहेगा और आमदनी में वृद्धि होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक समस्या आ सकती है। लक्ष्य तक पहुंचने में बाधाएं आ सकती हैं।




### अमित शाह ने विधायी प्रारूपण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन, बोले

# कठिन शब्दों में बना ड्राफ्ट कानून विवाद खड़ा करता है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कठिन शब्दों में ड्राफ्ट किया हुआ कानून हमेशा विवाद खड़ा करता है। कानून जितना सरल और स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, उतना ही अविवादित होता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत को हस्तक्षेप करने का मौका न मिले, ऐसा कानून बनाना अच्छे कानून के ड्राफ्टिंग का मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सरल और स्पष्ट भाषा में कानून को ड्राफ्ट करने का होना चाहिए। शाह ने सोमवार को संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग सम्बन्धी ट्रेनिंग प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इसके बारे में जानकारी का अभाव न केवल कानूनों और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निर्बल करता है, बल्कि न्याय प्रणाली के कार्यों को भी प्रभावित करता है।



उन्होंने आगे कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके स्किल में समयानुसार बदलाव, बढ़ोत्तरी और अधिक दक्षता होती रहनी चाहिए। शाह ने कहा कि संसद और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक इच्छा को कानून के सांचे में ढालने का काम लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट का होता है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल विल, लोगों की समस्याओं के समाधान के रास्तों और देश की अलग-अलग जरूरतों को कानून स्वरूप देने का काम लेजिस्लेटिव विभाग का है और इसलिए ड्राफ्टिंग बहुत महत्वपूर्ण है। शाह ने आगे कहा कि ड्राफ्टिंग जितनी अच्छी होगी, शिक्षा उतनी ही सरल हो जाएगी और एक्जीक्यूटिव द्वारा गलती करने की संभावना उतनी ही कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्राफ्टिंग में ग्रे एरिया छोड़ने से व्याख्या करते समय इसमें एन्क्रोचमेंट की संभावना रहेगी और अगर ड्राफ्टिंग परिपूर्ण व स्पष्ट है तो इसकी व्याख्या भी स्पष्ट हो जाएगी।



दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय और राज्यों के अधिकारियों के लिए आईसीपीएस द्वारा विधायी प्रारूपण पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और राज्यों के विधान मंडलों, देश की संसद और राज्यों व देश के हर विभाग में कानून बनाने वाली टीम के स्किल का अपग्रेडेशन होना बहुत जरूरी है। दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है और हमें बदलती हुई दुनिया के साथ कदम उठाने होंगे। कानूनों को आज की जरूरतों के हिसाब से नए सांचे में भी ढालना होगा। अगर हम इतना खुलापन नहीं रखते हैं तो हम कालबाह्य और अप्रासंगिक हो जाएंगे।

# तमिलनाडु : जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिले में पिछले दो दिन के दौरान जहरीली शराब पीने से कुल 14 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि विलुप्पुरम जिले के मरक्कानम के पास एकियारकुप्पम मछुआरा बस्ती में कल शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई, जबकि चार और लोगों ने अस्पतालों में दम तोड़ दिया। इसके अलावा, चेंगलपेट जिले के मदुरंतकम में एक दंपती सहित पांच लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं के सिलसिले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेंगलपट्टू शराब त्रासदी में मारे गए पांच लोगों के परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बीमार लोगों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की भी घोषणा की और अस्पताल प्रशासन को उन्हें सर्वोत्तम इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया। स्टालिन ने उस अस्पताल का दौरा किया जहां मरक्कनम घटना के पीड़ितों का इलाज चल रहा है और उन्हें उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। स्टालिन ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। डीजीपी सी सिलेंद्र बाबू ने राज्य में नकली शराब की बिक्री का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए एक विशेष तलाशी अभियान चलाने के आदेश जारी किए।

### छग में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से आर्मी जवान समेत 3 की मौत

**कोरबा/जांजगीर।** जांजगीर जिला में कथित रूप से जहरीली देशी शराब के सेवन से आर्मी जवान सहित तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों ने रविवार रात इस शराब का सेवन किया। इसके बाद बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल (नवागढ़ स्थित सीएचसी) पहुंचाया गया। आज (सोमवार) चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। यह घटना जांजगीर जिला के ग्राम रोगदा में हुई है। कथित रूप से जहरीली देशी शराब पीकर जान गंवाने वाला आर्मी जवान नंदलाल कश्यप इसी गांव का रहने वाला है। दो दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। गांव के लोगों को सामूहिक भोज के लिए जवान के परिवार ने न्यौता दिया था। इसके लिए नंदलाल कश्यप,परसराम साहू और सतीश कश्यप दाल पिसाई कराने के नाम पर घर से निकले थे। तीनों ने कोचिया से देशी शराब खरीदी थी। जांजगीर एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

### कर्नाटक सीएम विवाद

# हम मामले को आलाकमान पर छोड़ते हैं : डी.के. शिवकुमार

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कांग्रेस के कर्नाटक अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने सोमवार को चुटकी ली कि उनके पास एक भी विधायक नहीं है, क्योंकि चुनाव जीतने वाले सभी 135 विधायक कांग्रेस के हैं। उन्होंने कहा, सीएम का मामला हम आलाकमान पर छोड़ते हैं। शिवकुमार ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अकेला व्यक्ति हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेतृत्व मामले पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, जब मैं केपीसीसी अध्यक्ष बना, तो सोनिया गांधी ने मुझे आश्वासन दिया.. जब कर्नाटक में (जद-एस के साथ) गठबंधन सरकार गिर गई और हमने 15 विधायक खो दिए, तब भी मैं हिला नहीं और पार्टी का वजूद बचाए रखा। शिवकुमार ने कहा कि वह अपने आध्यात्मिक गुरु से मिलने के बाद नई दिल्ली जाएंगे।



इस बीच सिद्दारमैया आलाकमान से मिलने नई दिल्ली पहुंच गए हैं। पूर्व मंत्री जमीर अहमद खान, एम.बी. पाटिल, के.जे. जॉर्ज और कांग्रेस विधायक भैरथी सुरेश भी उनके साथ हैं। सिद्दारमैया और शिवकुमार दोनों के समर्थकों ने यह दावा करते हुए पोस्टर युद्ध शुरू कर दिया था कि उनके नेता कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री के चयन का मामला खड़गे पर छोड़ दिया गया था।

इस बीच, लिंगायत संतों ने राज्य पार्टी प्रमुख से मुलाकात की और मांग की कि चूंकि 39 लिंगायत विधायक चुने गए हैं, इसलिए उपमुख्यमंत्री का पद इसी समुदाय के नेता को दिया जाना चाहिए।

रंभापुरी के एक प्रभावशाली वीरशैव-लिंगायत संत ने कहा है कि कांग्रेस भी लिंगायत समुदाय के समर्थन के कारण जीती है, इसीलिए उनके समुदाय को डीसीएम पद दिया जाना चाहिए।

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित बने वायु सेना के उप प्रमुख, कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। एयर मार्शल एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3200 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है।

# विपक्षी दल साथ आए तो पूरे देश से भाजपा का होगा सफाया : तेजस्वी



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने कर्नाटक चुनाव नतीजों के दो दिन बाद सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां अगर साथ हो जाएं तो भाजपा पूरे देश में खत्म हो जायेगी। पटना में जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा की हार ने पूरे देश में एक संदेश दिया है कि अगर साथ आकर लड़े तो हम जीत सकते हैं। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि सीएम कब बनेंगे तो उन्होंने कहा कि पीएम-सीएम बनने की फिलहाल कोई इच्छा नहीं है। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने तो पहले ही बता दिया था कि हनुमान जी भाजपा से नाराज हैं, कांग्रेस की एकतरफा जीत हुई है। यह हार सिर्फ भाजपा की हार नहीं है, यह पूंजीवाद की भी हार है।

# जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह की बैठक भुवनेश्वर में शुरू

### उद्घाटन सत्र में मौजूद रहे केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी व नित्यानंद राय

### वैश्विक नीति निर्धारण में संस्कृति की अहम भूमिका: जी किशन रेड्डी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह की बैठक में प्रतिनिधि स्तरीय चर्चा सोमवार से भुवनेश्वर में शुरू हो गई। केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे। सोमवार को प्रतिनिधियों की बैठक में जी किशन रेड्डी ने कहा कि वैश्विक नीति निर्धारण में संस्कृति की प्रमुख भूमिका रहती है। संस्कृति के पास वर्तमान के चुनौतियों के समाधान के लिए समावेशी व चिरस्थायी समाधान होता है। रेड्डी ने कहा कि जी-20 की दूसरी संस्कृति समूह प्रतिनिधियों में आपसी संवाद को बढ़ावा देने तथा मिलजुल कर काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। उन्होंने कहा कि सभी देशों के अनोखे सांस्कृतिक संदर्भों पर पूरा ध्यान देते हुए सांस्कृतिक संवाद, साझा शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा सदस्यों में सहयोग को बढावा देने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। मंत्री रेड्डी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का प्राचीन भारतीय दर्शन विश्व को एक परिवार के रूप में रहने की अवधारणा पर जोर देती है। संस्कृति, मजहब, भाषा भिन्न-भिन्न होने पर भी हम सभी एक वैश्विक परिवार के सदस्य हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर जोर देते हुए रेड्ड़ी ने कहा कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देकर, सांस्कृतिक विरासतों की रक्षा कर तथा सामुदायिक विकास का कार्य कर हम चिरस्थायी विकास कर सकते हैं।




# मुंबई में शंकर मंदिर के पास राम चरण के फैंस ने बांटी मिल्क प्रोडक्ट की बोतलें

**दक्षिण** के सुपरस्टार राम चरण के 1,000 से अधिक फैंस ने मुंबई के जुहू और भिवंडी के शंकर मंदिर के आसपास लोगों को दूध उत्पाद की 7,000 बोतलें बांटी। यह पहल राम चरण के फैंस आयोजित कर रहे हैं, जो स्टार की परोपकारी गतिविधियों से प्रेरित हैं। राम चरण न केवल पर्दे पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं, बल्कि पर्दे के बाहर भी अपने मानवीय प्रयासों के लिए जाने जाते हैं। कई संघों, एनजीओ, द चिरंजीवी चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए ग्लोबल स्टार ने सालों से रक्तदान शिविरों, नेत्र जांच शिविरों, कोविड राहत शिविरों जैसे कार्यक्रम का समर्थन किया है। उनके फैंस ने सुनिश्चित किया है कि दया और करुणा की यही भावना सबको प्रेरित करती रहे। यह अभियान मुंबई में 6 मई को और सोलापुर, महाराष्ट्र में 29 अप्रैल को आयोजित किया गया था, जहां गर्मी की लहर, बढ़ते तापमान और समग्र कुपोषण में वृद्धि को देखते हुए दूध या छाछ की 2,000 बोतलें वितरित की गईं।



### अंगद बेदी ने बयां किया रिजेक्शन का दर्द



**एक्टर** अंगद बेदी आर. बाल्की की फिल्म 'घूमर' में नजर आएंगे। उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा है। लेकिन एक्टर को लगता है कि धैर्य शोबिज की दुनिया में आगे तक ले जाता है। एक्टर ने कहा, मुझे फिल्मों से बाहर कर दिया गया। किसी के लिए यह शॉक हो सकता है, लेकिन इसे आप अपनी सीख के तौर पर देखें। आपको धैर्य रखना होगा और रिजेक्शन का सामना ध्ढ़ता से करना होगा। किसी फिल्म के मिलने के बाद उससे बाहर हो जाना, यह एक दर्दनाक प्रक्रिया है, लेकिन मेरा मानना है कि नियति के पास आपके लिए कुछ और ही योजना है।

### बैठक : भारत ने 4 यूरोपीय देशों के समूह के साथ टीईपीए पर चर्चा की

# व्यापार समझौता होने से बढ़ावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्यों ने व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। ईएफटीए के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता होने से द्विपक्षीय वाणिज्य, निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रसेल्स के दौरे पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए के चारों सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक करके टीईपीए से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के बाद जारी एक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने व्यापक व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) करने की दिशा में प्रयास जारी रखने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्षों ने अपने प्रयास तेज करने और बातचीत की प्रक्रिया जारी रखने के साथ ही अगले कुछ महीनों में इस तरह की कई बैठकों के आयोजन पर सहमति जताई। इसमें व्यापार समझौते में शामिल महत्वपूर्ण मुद्दों पर समझ विकसित करने पर भी जोर दिया गया। इसके पहले गत 26 अप्रैल को भारत और ईएफटीए ने व्यापार समझौते पर बातचीत बहाल करने से संबंधित तौर-तरीकों पर चर्चा की थी। इस तरह के समझौतों में दोनों कारोबारी पक्ष एक-दूसरे के आयात पर सीमा शुल्क को शून्य या सीमित करने के साथ ही सेवाओं का निर्यात और निवेश बढ़ाने पर सहमत होते हैं। यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए में आइसलैंड, लीकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। ईएफटीए में शामिल ये चारों देश यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं। दो पक्षों के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते को आधिकारिक तौर पर टीईपीए कहा जाता है। इन देशों को भारत का निर्यात अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान 1.67 अरब डॉलर रहा है, इस अवधि में भारत ने 15 अरब डॉलर का आयात किया।

### मुंबई में गैस सिलेंडर फटा, दो बच्चों समेत छह लोग झुलसे

**मुंबई।** मुंबई के खार उपनगर में सोमवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद विस्फोट होने से एक मकान में आग लग गई जिसमें दो बच्चों समेत छह लोग झुलस गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई अग्मिशमन विभाग के प्रमुख संजय मांजरेकर ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि खार डंडा इलाके में स्थित एक मकान में गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद विस्फोट हो गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गोविंद पाटिल मार्ग पर एक बेकरी के पास स्थित एक मंजिला इमारत में सुबह करीब पौने नौ बजे हुई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद दमकल की चार गाड़ियों और अन्य अग्निशमन उपकरणों को मौके पर भेजा गया और सुबह नौ बजकर 17 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया।

# 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता एक्टर मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' को हाल ही में न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के बाद स्टैंडिंग ओवेशन मिला। प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में मिले रिस्पॉन्स से मनोज विशेष रूप से खुश हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर दर्शकों से इस तरह का अद्भुत रिस्पॉन्स मिलना एक जबरदस्त अहसास है। जब हमारी फिल्म को न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में स्टैंडिंग ओवेशन मिला तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मैं सभी का शुक्रगुजार हूं। फिल्म में दिखाया गया है कि एक आम आदमी की इच्छाशक्ति और एक स्वयंभू संत की ताकत के बीच की लड़ाई में हमेशा इच्छाशक्ति की जीत होती है और कोई भी आदमी कानून से ऊपर नहीं होता। इसमें एक रेप सर्वाइवर की लड़ाई को दिखाया गया है। निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की ने कहा, दर्शकों को एक महत्वपूर्ण संदेश देने और सराहना पाने के लिए पूरे दिल से और कड़ी मेहनत के साथ बनाई गई फिल्म एक विनम्र भावना है।



## बिजली व्यवस्था को मजबूत करने वाले रिम्स में लगे करोड़ों के सोलर सिस्टम फेल

# देखरेख के अभाव में धूल फांक रहे पैनल और बैटरी



**रघुवर दास के शासनकाल में जरेडा के सहयोग से रिम्स में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सोलर के 1600 पैनल, 200 किलो वाट के दो सिस्टम स्थापित किए गए थे, लेकिन लापरवाही के कारण आज वह बेकार हो गया।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सोलर सिस्टम को बड़े स्तर पर लागू करने का प्रयास राज्य सरकार की तरफ से किया जा रहा है। कई संस्थानों में सोलर के माध्यम से बिजली व्यवस्था को शुरू करने का प्रयास किया गया ताकि झारखंड में सौर उर्जा के माध्यम से एनर्जी को बचाया जा सके। झारखंड सरकार भले ही सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही हो लेकिन झारखंड सरकार के अंदर चलने वाली संस्थाओं का सौर ऊर्जा के प्रति लापरवाही का आलम बदस्तूर जारी है। ताजा मामला राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में देखने को मिला। दरअसल राजधानी रांची के रिम्स में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग दो करोड़ के लागत से सोलर प्लांट को स्थापित किया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के शासनकाल में जरेडा के सहयोग से रिम्स में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सोलर के 1600 पैनल, 200 किलो वाट के दो सिस्टम स्थापित किए गए और सोलर पैनल को चार्ज करने के लिए उसकी बैटरी को रिम्स के बेसमेंट में लगाया गया था। लेकिन रिम्स प्रबंधन की लापरवाही की वजह से रिम्स के बेसमेंट में लगाए गए बैटरी खराब हो चुके हैं। क्योंकि बेसमेंट में पानी जमा होता है और रिम्स प्रबंधन के द्वारा बेसमेंट में ही कूड़े कचरे को फेंका जाता है। बेसमेंट की स्थिति इतनी बुरी हो गई है कि बैटरी को ठीक करने के लिए बेसमेंट के अंदर जाना कर्मचारियों के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो गया है। बैटरी की खराब हालत को देखते हुए रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन से जब ईटीवी भारत की टीम ने बात की तो उन्होंने बताया कि पैनल और बैटरी के देखरेख की जिम्मेदारी जरेडा को दी गई थी। डॉ राजीव रंजन ने बताया कि वर्ष 2016 में जब सोलर पैनल को लगाया जा रहा था तो उसी समय जरेडा और रिम्स प्रबंधन के अधिकारियों की सहमति से बैटरी रखने की जगह को बेसमेंट में ही चिन्हित किया गया था। उस वक्त सनग्रेस एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की देखरेख में सोलर पैनल और उसके बैटरी की निगरानी की जाती थी। 5 साल पूरे होने के बाद वर्ष 2021 में सनग्रेस एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का करार खतम हो गया। जिसके बाद बेसमेंट में रखे बैटरी की स्थिति और भी ज्यादा खराब होती गई।

## तेजतर्रार आईपीएस डॉ. एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे



नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस डॉ एम तमिलवानन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि डॉ. एम. तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी( एसवीपीएनपीए ) में उप निदेशक के रूप में की गई है। साथ ही राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि डॉ. एम. तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करें, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें। वर्तमान में डॉ. एम. तमिलवानन सीआईडी के डीआईजी के पद पर पदस्थापित है।

## सेंट पॉल्स कॉलेज में शुरू हुआ इंटरमीडिएट में नामांकन

**रांची।** सेंट पॉल्स कॉलेज, बहूबाजार में श ?क्षणिक सत्र (2023-2025) के लिए आईए, आईएससी व आईकॉम में प्रवेश के लिए नामांकन फॉर्म मिलना शुरू हो गया है। सोमवार को तीनों संकाय के विभागाध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें सीधी नामांकन प्रक्रिया के अतंर्गत जैक बोर्ड व अन्य बोर्ड के लिए कट ऑफ मार्क्स निर्धारित किया गया। इसके तहत जैक के विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत से अधिक, जबकि अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक कट ऑफ मार्क्स रखा गया है। वहीं, एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थियों के लिए 70 प्रतिशत कट ऑफ मार्क्स निर्धारित किया गया है। कोटिवार निर्धारित कट ऑफ मार्क्स के दायरे में आनेवाले विद्यार्थी सीधा नामांकन लेने के योग्य होंगे। नामांकन फॉर्म कॉलेज कार्यालय के काउंटर एक और दो से किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक लिया जा सकता है। फॉर्म की कीमत 600 रुपये है। नामांकन से संबंधित कोई परेशानी होने पर प्राचार्य अनुज कुमार तिग्गा से संपर्क किया जा सकता है।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पांच जुलाई से लगेगा अधिक पार्किंग शुल्क




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नई पार्किंग पॉलिसी के तहत दरों में बदलाव किया गया है। नयी दर पांच जुलाई से लागू होगी। नए नियमों के अनुसार 0 से 8 मिनट तक किसी भी गाड़ी को एंट्री गेट से एग्जिट गेट के बीच कोई शुल्क नहीं देना होगा। आठ मिनट से ज्यादा समय होने पर प्राइवेट गाड़ियों को 30 रुपये और व्यावसायिक गाड़ियों को 115 रुपये देने होंगे। नए पॉलिसी के अनुसार, पार्किंग टैरिफ में भी बदलाव किया गया है। नयी दरों के अनुसार, बस-ट्रक को 30 मिनट तक 170 रुपये देने पडेगे। वही 30 मिनट से 120 मिनट तक 250 रुपय देने होंगे। ऑटो और एक्सयूवी को 30 मिनट तक 20 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 35 रुपये देने होंगे। प्रीमियम कार पार्किंग के लिए 30 मिनट तक 75 रुपये लगेंगे। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 80 रुपये लगेंगे। प्राइवेट कारों को 30 मिनट के लिए पार्किंग शुल्क 30 रुपये लगेगा। वहीं 30 मिनट से 120 मिनट तक 40 रुपये देना पड़ेगा। टू-ह्वीलर गाड़ियों को 30 मिनट तक के लिए 10 रुपये देना होगा। 30 मिनट से 120 मिनट तक के लिए 15 रुपये देना होगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी पार्किंग दरों को बदला गया है। कर्मचारियों के लिए पार्किंग शुल्क महीने के हिसाब से बदला गया है। ऑटो ट्रक और मालवाहक गाड़ियों के लिए एक महीना का शुल्क दो हजार रुपये रखा गया है।

## झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या में आई कमी

# राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर हुई 45



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में अब कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेजी से घटने लगी है। एक समय में राज्य में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर पांच सौ से अधिक हो गई थी। हर दिन बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित नए मरीज मिल रहे थे। लेकिन अब कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। कोरोना के नए संक्रमितों का मिलना कम हुआ है। दूसरी ओर कोरोना संक्रमित मरीज बड़ी संख्या में ठीक भी हो रहे हैं। 30 अप्रैल तक 480 एक्टिव केस थे, जो अब मात्र 45 रह गए हैं।

दो की अब तक हुई मौतः झारखंड में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या अप्रैल 2023 में तेजी से बढ़नी शुरू हुई थी। 27 अप्रैल 2023 को तो राज्य में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 511 तक पहुंच गई थी। राज्य के दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और जामताड़ा छोड़ सभी 20 जिलों में कोविड के एक्टिव केस पाए गए थे। धीरे-धीरे फिर संक्रमण की रफ्तार कम हुई है और अब महज 45 एक्टिव केस राज्य में बचे हैं। अप्रैल महीने से 14 मई तक के लगभग डेढ़ महीने में दो लोगों की मौत कोरोना से हुई है ।ऐसे घटी संक्रमितों की संख्याः 30 अप्रैल को 480 एक्टिव केस, 03मई को 226 एक्टिव केस, 05 मई को 185 एक्टिव केस, 08 मई को 100 एक्टिव केस, 11 मई को 51 एक्टिव केस और 14 मई तक महज 45 कोरोना के एक्टिव केस बचे हैं। राज्य में कोरोना का 7 डेज डबलिंग रेट 718456 दिन का हो गया है। कोरोना रिकवरी रेट 98 ।78% और मोर्टेलिटी रेट 1 ।20% है। राज्य में कोरोना से अब तक 5334 लोगों की मौत कोरोना से हुई है।

**कोरोना का लक्षण, इंफ्लूएंजा जैसा :** राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या घटने पर झासा के संरक्षक और वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिमलेश सिंह ने कहा कि ऐसा लगता है कि अब कोरोना का वायरस इंफ्लूएंजा जैसा ही व्यवहार कर रहा है। इससे ग्रसित लोगों को सर्दी खांसी, गले में खड़ास, बुखार हो रहा है और खुद से ठीक भी हो जा रहा है।

## 20 दिनों की छुट्टी पर गए ऊर्जा सचिव, अबतक नहीं मिला किसी को प्रभार

**रांची।** ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार 20 दिनों की छुट्टी पर चले गए हैं। लेकिन उनका पदभार अबतक कार्मिक विभाग ने किसी अधिकारी को नहीं दिया है। अविनाश कुमार महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव के पदभार पर भी हैं। इसके अलावा वो ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी और जेबीवीएनएल के एमडी अविनाश कुमार के पदभार पर भी हैं। अविनाश कुमार 12 से 31 मई तक 20 दिवसीय छुट्टी पर विदेश चले गए हैं। ऐसे में इनका अवकाश तो मंजूर कर लिया गया है, मगर प्रभार अब तक कार्मिक विभाग ने किसी अधिकारी को नहीं दिया है। इसके कारण ऊर्जा, महिला बाल विकास सहित ऊर्जा विकास निगम और जेबीवीएनएल में कई महत्वपूर्ण संचिका का काम थम गया है। जरूरी निर्णय लेने में दिक्कतें हो रही हैं। अमूमन यह होता है कि जब किसी विभाग के सचिव लंबी अवकाश पर जाते हैं तो किसी को उनके विभागों का प्रभार सौंप दिया जाता है।

## मामला झारखंड में कब तक खाली रहेगा नेता प्रतिपक्ष का पद

# नियुक्ति के लिए स्पीकर और हाईकोर्ट के अधिकार पर सुनवाई आज




**पिछले साढ़े तीन वर्षों से नेता प्रतिपक्ष का मामला कानूनी दांव पेंच में उलझा पड़ा है। अब यह मामला एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहां यह तय होना है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर सिर्फ स्पीकर का अधिकार है या हाईकोर्ट भी कोई निर्णय ले सकता है।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पूरे देश में झारखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जहां की विधानसभा बिना नेता प्रतिपक्ष के संचालित हो रही है। नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त होने की वजह से कई संवैधानिक संस्थाओं में चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों से नेता प्रतिपक्ष का मामला कानूनी दांव पेंच में उलझा पड़ा है। अब यह मामला एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहां यह तय होना है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर सिर्फ स्पीकर का अधिकार है या हाईकोर्ट भी कोई निर्णय ले सकता है। इस बिंदु पर कल यानी 16 मई को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली है। इस मामले में तब नया मोड़ आ गया जब एडवोकेट एसोसिएशन की याचिका पर 5 मई को हाईकोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने विपक्षी दल के नेता पर एक सप्ताह के भीतर फैसला लेने का आदेश देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो विधानसभा के सचिव को आकर जवाब देना होगा। **आखिर अधिकार वाली नौबत क्यों आईः** दरअसल, इसपर 11 मई को विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर एफिडेविट के मार्फत बता चुके हैं कि दलबदल मामले पर लगातार सुनवाई हुई है और फैसला जल्द लिया जा सकता है। वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि स्पीकर, भाजपा से दूसरे विधायक का नाम सुझाने की सलाह दे चुके हैं। लेकिन भाजपा ने इसपर कोई जवाब नहीं दिया है। इस गंभीर मसले पर कल यानी 16 मई को दो बिंदुओं पर सुनवाई होगी। पहला बिंदु यह होगा कि क्या हाईकोर्ट स्पीकर को नेता प्रतिपक्ष के लिए नोटिफिकेशन जारी करने का आदेश दे सकता है। दूसरा बिंदु यह होगा कि क्या स्पीकर को यह अधिकार है कि वह मुख्य विपक्षी दल को यह सुझाव दे सके कि वह किसी दूसरे को नेता प्रतिपक्ष नामित करे। इस मामले में एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का नोटिफिकेशन जारी करने के लिए हाईकोर्ट को स्पीकर को निर्देशित करना चाहिए। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त होने की वजह से लोकायुक्त और सूचना आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएं डिफंक्ड पड़ी हुई हैं। वहीं सूचना आयुक्त के रिक्त पद को लेकर राजकुमार नामक शख्स की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा पक्ष रख रहे हैं। दूसरी तरफ बाबूलाल मरांडी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन को पक्ष रखना है।

## अधिवक्ता ने बदतमीजी कर रहे क्लाइंट की कर दी धुनाई

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट में क्लाइंट और वकील के बीच भिड़ंत हो गई। दरअसल सिविल कोर्ट के बार भवन के पीछे शेड में बैठने वाले अधिवक्ता अनिल कुमार के पास एक केस के सिलसिले में उनका क्लाइंट (मुवक्किल) आये हुए थे।


जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।
(जिला भू–अर्जन शाखा)

**NH Act 1956 की धारा 3(G)के उपधारा (3) के तहत् नोटिस**

परियोजना का नाम – NH 143A पथ कुडू से घाघरा तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना हेतु रैयती भूमि का अधिग्रहण

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि भूमि जो लोहरदगा जिला के मौजा–कड़ाक अन्तर्गत अवस्थित है। परियोजना हेतु सरकार द्वारा NH Act 1956 के अधीन 3(D) अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है।

इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध व्यक्ति स्वयं अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.06.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में जिला भू–अर्जन कार्यालय, लोहरदगा में अपने समस्त दस्तावेजो के साथ दावा/आपत्ति प्रस्तुत करेंगे।

भूमि की विवरणी :–

| SL. No | Mauza Name | Survey Number as per 3D | Party Name | Area in Hectare | Area in Acre | Base Rate per acre | As per Rate (Col=6x7) | Multiplication Factor Col 8x2 | Solatium Percentage 100% | Total Amount (9+10) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | कड़ाक | 142 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो, पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0121582 | 0.03004357 | 229100 | 6883 | 13766 | 13766 | 27532 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 2 | कड़ाक | 144 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो, पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0326378 | 0.080649769 | 229100 | 18477 | 36954 | 36954 | 73907 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 3 | कड़ाक | 145 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो, पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0221 | 0.054610295 | 229100 | 12511 | 25022 | 25022 | 50045 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 4 | कड़ाक | 148 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो, पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0212363 | 0.052476046 | 229100 | 12022 | 24045 | 24045 | 48089 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 5 | कड़ाक | 149 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो , पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0200579 | 0.049564155 | 229100 | 11355 | 22710 | 22710 | 45421 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 6 | कड़ाक | 150 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो , पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो | 0.0207908 | 0.051375191 | 229100 | 11770 | 23540 | 23540 | 47080 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 7 | कड़ाक | 152 | धामा उराँव वो उदयी उराँव वो बिरसा उराँव , पिता–जावरु उराँव (१५२) | 0.0341562 | 0.084401817 | 229100 | 19336 | 38673 | 38673 | 77346 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 8 | कड़ाक | 154 | दसई उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो बुधुआ उराँव वो पोटे उराँव, पिता–ढिबू उराँव एवं वो एतवा उराँव वो मन्दरु उराँव वो नुनसी उराँव वो मंगरा उराँव, पिता–पत्तो उराँव एवं वो बिरसा उराँव, पिता–खदिया उराँव, एवं वो रामदास उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो मंगरा उराँव, पिता–हुसरा उराँव एवं वो छोटा सोमरा उराँव, पिता–बहादुर उराँव (१५४) | 0.0475694 | 0.117546559 | 229100 | 26930 | 53860 | 53860 | 107720 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 9 | कड़ाक | 170 | दसई उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो बुधुआ उराँव वो पोटे उराँव, पिता–ढिबू उराँव एवं वो एतवा उराँव वो मन्दरु उराँव वो नुनसी उराँव वो मंगरा उराँव, पिता–पत्तो उराँव एवं वो बिरसा उराँव, पिता–खदिया उराँव, एवं वो रामदास उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो मंगरा उराँव, पिता–हुसरा उराँव एवं वो छोटा सोमरा उराँव, पिता–बहादुर उराँव ( १७० ) | 0.0323351 | 0.07990178 | 229100 | 18305 | 36611 | 36611 | 73222 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 10 | कड़ाक | 171 | जोहन मिंज वो नैमन मिंज, पिता–गोन्दुला मिंज (१७१) | 0.0243845 | 0.060255418 | 229100 | 13805 | 27609 | 27609 | 55218 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 11 | कड़ाक | 192 | दसई उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो बुधुआ उराँव वो पोटे उराँव, पिता–ढिबू उराँव एवं वो एतवा उराँव वो मन्दरु उराँव वो नुनसी उराँव वो मंगरा उराँव, पिता–पत्तो उराँव एवं वो बिरसा उराँव, पिता–खदिया उराँव, एवं वो रामदास उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो मंगरा उराँव, पिता–हुसरा उराँव एवं वो छोटा सोमरा उराँव, पिता–बहादुर उराँव (१९२) | 0.0350983 | 0.086729797 | 229100 | 19870 | 39740 | 39740 | 79479 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 12 | कड़ाक | 163 | दसई उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो बुधुआ उराँव वो पोटे उराँव, पिता–ढिबू उराँव एवं वो एतवा उराँव वो मन्दरु उराँव वो नुनसी उराँव वो मंगरा उराँव, पिता–पत्तो उराँव एवं वो बिरसा उराँव, पिता–खदिया उराँव, एवं वो रामदास उराँव, पिता–सोमरा उराँव एवं वो मंगरा उराँव, पिता–हुसरा उराँव एवं वो छोटा सोमरा उराँव, पिता–बहादुर उराँव (१६३) | 0.032794 | 0.081035747 | 229100 | 18565 | 37131 | 37131 | 74261 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 13 | कड़ाक | 194 | मंगरा उराँव, पिता–तुनका उराँव एवं वो गन्द्रा उराँव, पिता–बन्धु उराँव एवं वो बुडरा उराँव वो वासदेव उराँव, पिता–कैलू उराँव एवं वो हेम्बो उराँव वो बुद्दु उराँव, पिता–धामा उराँव एवं वो बुधराम उराँव वो जुगता उराँव , पिता–परवा उराँव एवं वो जलहा उराँव, पिता–सोमा उराँव (१९४) | 0.0353274 | 0.087295916 | 229100 | 19999 | 39999 | 39999 | 79998 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 14 | कड़ाक | 195 | गन्द्रा उराँव, पिता–बन्धु उराँव एवं वो बुडरा उराँव वो वासदेव उराँव, पिता–कैलू उराँव (195) | 0.1156447 | 0.285764307 | 229100 | 65469 | 130937 | 130937 | 261874 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 15 | कड़ाक | 199 | दानीएल टोप्पो, पिता–स्केल टोप्पो, एवं वो इमील टोप्पो वो विलियम टोप्पो, पिता–नैन सुख टोप्पो एवं वो धनमसी टोप्पो वो खीस्टो टोप्पो वो इमानीएल टोप्पो, पिता–अ, एवं वो जोतीकार टोप्पो वो इसुतारनहार वो सुशील टोप्पो, पिता–निर्मल टोप्पो, एवं वो शांतिबल टोप्पो वो औरमा टोप्पो वो नवरी टोप्पो, पिता–मिसधा टोप्पो, एवं वो वरदान वो चोन्हस वो निरंजन, पिता–विजल, एवं वो हेदि टोप्पो वो असदील वो जीवन वो कोलवीन, पिता–नेजर टोप्पो, एवं वो इनक वो ढोले वो जोनक निलसन, पिता–बेवदोर टोप्पो एवं वो प्रेम टोप्पो, पिता–मनमसी एवं वो पोलस, पिता–प्रभु, एवं वो जायसी टोप्पो वो जीवन फुल टोप्पो वो जोवाकिम, पिता–आनन्द मसी टोप्पो (१९९) | 0.0312643 | 0.077255776 | 229100 | 17699 | 35399 | 35399 | 70797 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 16 | कड़ाक | 200 | जोहन मिंज वो नैमन मिंज, पिता–गोदुला मिंज (200) | 0.0241692 | 0.0597234 | 229100 | 13683 | 27365 | 27365 | 54731 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 17 | कड़ाक | 201 | जोहन मिंज वो नैमन मिंज, पिता–गोदुला मिंज (201) | 0.0244775 | 0.060485226 | 229100 | 13857 | 27714 | 27714 | 55429 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 18 | कड़ाक | 366 | सुद्दु उराँव वो सुकरा उराँव, पिता–मंगरा उराँव (366) | 0.0386734 | 0.095564062 | 229100 | 21894 | 43787 | 43787 | 87575 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 19 | कड़ाक | 173 | जोहन मिंज वो नैमन मिंज, पिता–गोदुला मिंज | 0.06964 | 0.172084205 | 229100 | 39424 | 78849 | 78849 | 157698 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| 20 | कड़ाक | 98 | महानंद कुजूर वो पिउस कुजूर, पिता–जुनस कुजूर वो तितुस कुजूर, पिता–सामुएल कुजूर वो मसी प्रकाश कुजूर वो इस्तीफान कुजूर वो हनुक कुजूर, पिता–खीस्टोपाल कुजूर वो हेरमन कुजूर, पिता–मोदमसी कृस्तान वो जैतुन कुजूर वो मसीक कुजूर वो कुआंर कुजूर, पिता–हीरु कुजूर वो मंगल कुजूर वो मलाकी कुजूर, पिता–पौलुस कुजूर | 0.03668 | 0.090638263 | 229100 | 20765 | 41530 | 41530 | 83061 | Interest Component If Any Other Deduction If any |
| | | | कुल :– | 0.711195 | 1.757401299 | | 402621 | 805241 | 805241 | 1610483 | |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 297448 Lohardaga(23-24)D

# आजाद इंजीनियरिंग में सचिन तेंदुलकर ने किया निवेश

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी समाधान के अग्रणी प्रदाता आजाद इंजीनियरिंग ने सोमवार को घोषणा की कि क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कंपनी में निवेश किया है। हैदराबाद स्थित आजाद इंजीनियरिंग स्वच्छ ऊर्जा, एयरोस्पेस, रक्षा, तेल और गैस और एसपीएस उद्योगों में वैश्विक ओईएम के लिए एक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता है। कंपनी ने कहा कि सचिन तेंदुलकर का यह रणनीतिक निवेश आजाद इंजीनियरिंग को मेक इन इंडिया और भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल में योगदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की अनुमति देता है।




आजाद इंजीनियरिंग के संस्थापक और प्रबंध निदेशक राकेश चोपदार ने कहा कि वे सचिन तेंदुलकर को एक निवेशक के रूप में पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अत्यधिक जटिल विनिर्माण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में, आजाद हमारी धष्टि पर ध्यान केंद्रित करेगा और भारत के लिए अधिक विकास और नवाचार के अवसर पैदा करेगा।

# 2023/24 घरेलू समर में पाक, विंडीज की मेजबानी करेगी ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम

**एजेंसी। मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए 2023/24 अंतरराष्ट्रीय घरेलू समर का कार्यक्रम जारी किया, जिसमें सात शहरों में 11 स्थानों पर छह टेस्ट, नौ वनडे और नौ टी20 मैच खेले जाएंगे। अक्टूबर-नवंबर में वनडे विश्व कप के लिए पुरुष टीम के भारत में होने के साथ, ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम, जिसके पास वर्तमान में टी20 और वनडे दोनों विश्व कप खिताब हैं, वेस्ट इंडीज के खिलाफ 1, 2 और 5 अक्टूबर अक्टूबर को उत्तरी सिडनी ओवल और ब्रिस्बेन में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ घरेलू गर्मियों की शुरूआत करेगी। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 अक्टूबर, 12




और 15 अक्टूबर को एलन बॉर्डर फील्ड और मेलबर्न में तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। दिसंबर और जनवरी में भारत के बहुप्रतीक्षित बहु-प्रारूप दौरे में शामिल होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक बहु-प्रारूप श्रृंखला के माध्यम से मेजबानी के कर्तव्यों में वापस आ जाएगी, जो जनवरी के अंत में तीन टी20 (27, 28 और 30 जनवरी) के साथ शुरू होगी। कैनबरा, होबार्ट, एडिलेड और सिडनी में तीन ओडीआई मैच (फरवरी 3, 7 और 10) के बाद 15-18 फरवरी तक पर्थ में डब्ल्यूएसीए ग्राउंड में दोनों टीमों के बीच ऐतिहासिक उद्घाटन टेस्ट होगा। ओडीआई श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों के लिए अतिरिक्त महत्व रखती है क्योंकि वे चल रहे आईसीसी महिला चैम्पियनशिप अभियान (2022-25) में महत्वपूर्ण अंक अर्जित करना चाहते हैं जो 2025 में भारत में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए योग्यता मार्ग का हिस्सा है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एकदिवसीय विश्व कप की समाप्ति के तुरंत बाद द्विपक्षीय सफेद गेंद श्रृंखला के लिए भारत में रहेगी और पाकिस्तान के खिलाफ 14-18 दिसंबर से पर्थ में अपनी तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला शुरू करने के लिए स्वदेश लौटेगी। 26-30 दिसंबर तक प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग डे टेस्ट में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी, इसके बाद तीसरा और अंतिम मैच 3-7 जनवरी, 2024 को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने एमसीजी में 10 और एससीजी में आठ टेस्ट खेले हैं - दोनों स्थानों पर, उन्होंने दो-दो मैच जीते हैं। श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए चार दिवसीय वार्म-अप मैच खेलेगा।

# गुजरात ने हैदराबाद को 189 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। अहमदाबाद**

डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के 62वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 189 रन का टारगेट दिया है। जवाब में हैदराबाद ने 4 ओवर में तीन विकेट पर 29 रन बना लिए हैं। कप्तान ऐडन मार्करम और हेनरिक क्लासेन क्रीज पर हैं। राहुल त्रिपाठी एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने राहुल तेवतिया के हाथों कैच कराया। यह शमी का दूसरा विकेट है। उन्होंने अनमोलप्रीत सिंह (5 रन) को भी आउट किया। अभिषेक शर्मा 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराया। पहलाः पहले ओवर की 5वीं बॉल पर मोहम्मद शमी ने अनमोलप्रीत सिंह को राशिद खान के हाथों कैच कराया। दूसरा : दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर यश दयाल ने अभिषेक शर्मा को विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराया। तीसरा : तीसरे ओवर की पहली बॉल पर शमी ने राहुल त्रिपाठी को राहुल तेवतिया के हाथों कैच कराया। गुजराज ने अपने होमग्राउंड में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 188 रन बनाए। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया है। टीम के ओपनर शुभमन गिल (58 बॉल पर 101 रन) करियर का पहला शतक जमाया। वे मौजूदा सीजन में शतक जमाने वाले छठे बल्लेबाज बने हैं। भुवनेश्वर कुमार को 5 विकेट मिले। मार्को यानसेन, फजल हक फारुकी और टी. नटराजन ने एक-एक विकेट लिया। ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए गुजरात के खिलाड़ी लैवेंडर जर्सी में उतरे है।




# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने यूरोप में 26 मई से शुरू हो रही एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले चरण के लिए सोमवार को 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। घर में प्रतिष्ठित लीग मैचों में अपने पिछले आउटिंग में, भारत विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहा, जिससे उसे अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद मिली। यूरोप में, वे अपनी जीत की गति को जारी रखने की उम्मीद करेंगे। लंदन में वे मजबूत बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेंगे और उसके बाद नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ आइंडहोवन, नीदरलैंड में मैच खेलेंगे। नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में टीम का यह पहला दौरा होगा, जबकि टीम का नेतृत्व कुशल ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उपकप्तानी शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। टीम में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक हैं। वह अपनी शादी के कारण घरेलू मैचों में नहीं खेल पाने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। उनके साथ गोलपोस्ट में पीआर श्रीजेश शामिल होंगे, जबकि डिफेंडरों की सूची में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय और मनदीप मोर के रूप में पांच पेनल्टी कार्नर विशेषज्ञ शामिल हैं। मनप्रीत सिंह एक नई भूमिका में नजर आएंगे। सुमित के साथ भारत की बैकलाइन में खेलते हुए और गुरिंदर सिंह को भी बैकलाइन में नामित किया गया है। मिडफील्ड का नेतृत्व उप कप्तान हार्दिक सिंह के साथ-साथ दिलप्रीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद करेंगे। भारत की फॉरवर्ड लाइन में सिमरनजीत सिंह की वापसी देखी जा रही है, जो आखिरी बार एशिया कप जकार्ता में भारत के लिए खेले थे, लेकिन चोट के कारण उन्हें बीच में ही स्वदेश लौटना पड़ा था। उनके साथ अभिषेक, ललित कुमार उपाध्याय, एस कार्थी, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, राज कुमार पाल और मनदीप सिंह जैसे अनुभवी और युवा स्ट्राइकरों का अच्छा मिश्रण होगा।

### भारतीय पुरुष टीम

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (उ), अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, मनदीप मोर, गुरिंदर सिंह।

**मिडफील्डर :** हार्दिक सिंह (वीसी), दिलप्रीत सिंह, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह, विवेक सागर प्रसाद।

**फॉरवर्ड :** अभिषेक, ललित कुमार उपाध्याय, एस कार्थी, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, राज कुमार पाल, मनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह

**आईएसएसएफ विश्वकप**

# महिलाओं की 3पी स्पर्धा में मानिनी छठें स्थान पर



**बाकू।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) राइफल/पिस्टल विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) स्पर्धा में भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक छठे स्थान पर रहीं। अपने पहले सीनियर वर्ल्ड कप स्टेज करियर फाइनल में पहुंचीं मानिनी ने फाइनल में 415.6 का स्कोर किया। ब्रिटेन की सियोनैड मैकिंटोश ने 467.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के 3पी में अन्य भारतीयों में अंजुम मोदगिल 573 के क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहीं, जबकि सिफ्ट कौर समरा ने 571 के स्कोर के साथ 21वां स्थान हासिल किया। श्रियंका रतीय निशानेबाज पुरुषों के आरएफपी में फाइनल क्वालीफाइंग मार्क भी हासिल नहीं कर सके। विजयवीर सिद्धू 580 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे, वहीं, अनीश 579 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहे। अंकुर गोयल ने 566 का स्कोर किया और 36वें स्थान पर रहे। आदर्श सिंह ने रैंकिंग अंकों के लिए 578 अंक हासिल किए, जबकि अर्पित गोयल ने भी रैंकिंग अंकों के लिए निशानेबाजी करते हुए 564 अंक हासिल किए। टूर्नामेंट में चीन चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि भारत एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

# नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन में दिमित्रोव को हराया, स्वियातेक भी जीतीं

**एजेंसी। रोम**

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने दूसरा सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए ग्रिगोर दिमित्रोव को 6.3, 4.6, 6.1 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के चौथे दौर में प्रवेश किया ।लाल बजर पर पिछले दो टूर्नामेंटों में जोकोविच जल्दी बाहर हो गए जिसके मायने हैं कि इस टूर्नामेंट के बाद वह एक बार फिर नंबर एक रैंकिंग कार्लोस अलकाराज को गंवा देंगे। जोकोविच का सामना अब 13वीं वरीयता प्राप्त कैमरन नॉरी से होगा जिसने मार्टोन फुस्कोविक्स को 6.2, 7.6 से हराया। इससे पहले दो बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक ने लेसिया सुरेंको को 6.2, 6.0 से हराया। पिछले मैच में उन्होंने अनास्तासिया पी को 6.0, 6.0 से मात दी थी। अब उनका सामना 21वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच से होगा जिसने 16वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा को 2.6, 7.6, 6.2 से हराया। फ्रेंच ओपन 2022 उपविजेता कोको गॉ को 27वीं वरीयता प्राप्त मैरी बूजकोवा ने 4.6, 6.2, 6.2 से मात दी। वहीं मार्केटा वोंड्रोसोवा ने नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी को 7.5, 6.3 से हराया।






### शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण छह सप्ताह के लिए हुए क्रिकेट से दूर

**ढाका।** बांग्लादेश के शाकिब अल हसन अंगुली में लगी चोट के कारण करीब छह हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर हो गए हैं।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को उक्त जानकारी दी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि इंग्लैंड के चेम्सफोर्ड में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान शाकिब को कैच लेने के प्रयास में दाहिनी तर्जनी की नोक पर चोट लग गई। राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शनिवार को एक्स-रे के जरिए अंगुली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

# हिमा दास फेड कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एशियाई खेलों के चैंपियन शॉट पुटर तेजिंदरपाल सिंह तूर और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी आज से यहां शुरू हो रही फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शिरकत करेंगे। बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित इस चैम्पियनशिप में 5000 से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।




बर्मिंघम राष्ट्र मंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ट्रिपल जम्पर एल्डहोज पॉल, रजत पदक विजेता अविनाश सेबल (300 मीटर स्टीपलचेज) और मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद) सहित कई शीर्ष एथलीट चार दिवसीय मीट में शामिल नहीं होंगे। पिछले महीने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण स्टार स्प्रिंटर हिमा दास भी चैंपियनशिप से बाहर हो गई हैं। सीजन का यह पहला बड़ा घरेलू ट्रैक और फील्ड इवेंट बैंकॉक में 12 से 16 जुलाई तक होने वाले एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है। यह सितंबर-अक्टूबर में होने वाले बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और हांग्जो एशियाई खेलों के लिए योग्यता मानकों को हासिल करने के इच्छुक एथलीटों के लिए भी एक अच्छा मंच होगा।

इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रहे कुछ अन्य शीर्ष एथलीटों में पुरुषों की लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक जेसविन एल्ड्रिन, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लंबी कूद की प्रतिभाशाली खिलाड़ी शैली सिंह और ट्रिपल जम्पर प्रवीण चित्रवेल शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया है।

इनमें से अधिकांश एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए विदेशों में प्रशिक्षण या प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 30 वर्षीय अनु फरवरी से ऑफिनबर्ग, जर्मनी में प्रशिक्षण ले रही हैं और वह अपना 2023 सत्र शुरू करेंगी।

**आईपीएल 2023** रोहित-कोहली को टेस्ट और वनडे के लिए तरोताजा रखें

# टी20 में यशस्वी-तिलक को आजमाएं : शास्त्री

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि भारत अब टी20 अंतराष्ट्रीय में विराट कोहली और रोहित शर्मा से आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को मौका दे। मौजूदा आईपीएल सीजन में युवाओं के प्रदर्शन से प्रभावित शास्त्री ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के एक कार्यक्रम पर कहा, आने वाली टी20 सीरीज में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए, उन्हें अनुभव लेने देना चाहिये। चयनकर्ताओं को अभी से ही इसके लिए काम शुरू कर देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि यशस्वी जायसवाल, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे युवाओं ने आईपीएल 2023 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। शास्त्री का कहना है कि अगर वह चयनकर्ता होते तो आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को टीम में जगह देते, जबकि विराट और रोहित जैसे बड़े खिलाड़ियों को खेल के लंबे प्रारूपों के लिये रखते।



उन्होंने कहा, रोहित, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी अपने आप को साबित कर चुके हैं और आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को आगे लाना चाहूंगा जिससे उन्हें अपनी काबिलियत को साबित करने का अवसर मिले। विराट और रोहित एकदिवसीय क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिये सही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग होने के बावजूद भारत पिछले 16 साल से टी20 विश्व कप नहीं जीत सका है। अक्टूबर-नवंबर 2022 में खेले गये टी20 विश्व में भी भारत सेमीफाइनल तक ही पहुंच सका था। अगला विश्व कप 2024 में खेला जाना है और शास्त्री का मानना है कि शीर्ष आयोजन के लिये खिलाड़ियों की फॉर्म के आधार पर ही टीम का चयन होना चाहिए। उन्होंने कहा, एक साल लंबा समय है। खिलाड़ी फॉर्म में भी हो सकते हैं और कई बार फॉर्म गायब भी हो सकती है। इसलिए उस वक्त आपको सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनना होगा, जिसमें निश्चित रूप से अनुभव मायने रखेगा।

### नीतीश राणा पर 24 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा पर रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों के तहत यह उनकी टीम का दूसरा अपराध था, राणा पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के प्रत्येक सदस्य पर 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है।



